दैनिक
# बढ़ता राजस्थान

संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा

Since : 2004 /// कदम बढ़ाएं, सच के साथ

वर्ष : 15 | अंक : 138 | जयपुर | सोमवार, 24 मार्च, 2025 | चैत्र, कृष्ण पक्ष दशमी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य : ₹5.00 | पृष्ठ : 12

www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan


## नागपुर हिंसा, 6 दिन बाद शहर से कर्फ्यू हटा

### पुलिस तैनाती के साथ गश्त जारी रहेगी; शिवसेना बोली- उपद्रवियों का बांग्लादेश से संबंध

बढ़ता राजस्थान

**नागपुर ( एजेंसी )।** नागपुर में हिंसा के छह दिन बाद शहर में पूरी तरह से कर्फ्यू हटा लिया गया है। पुलिस कमिश्नर रविंद्र सिंघल ने रविवार को दोपहर 3 बजे से बाकी बचे कोतवाली, तहसील, गणेशपेठ और यशोधरा नगर पुलिस थाना इलाकों से कर्फ्यू हटाने का आदेश दिया। हालांकि, संवेदनशील इलाकों में पुलिस तैनाती के साथ गश्त जारी रहेगी। इससे पहले 22 मार्च को पचपावली, शांतिनगर, लकड़गंज, सक्करदरा और इमामवाड़ा जबकि 20 मार्च को नंदनवन और कपिल नगर पुलिस थाना क्षेत्रों कर्फ्यू हटा लिया गया था।

छत्रपति संभाजीनगर (औरंगाबाद) से औरंगजेब की कब्र हटाने की मांग को लेकर बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद ने 17 मार्च को पूरे महाराष्ट्र में प्रदर्शन किया था। इस दौरान नागपुर में हरे रंग का कपड़ा जलाया गया। इस लेकर विवाद हो गया, जिसने बाद में हिंसा का रूप ले लिया।

दूसरे पक्ष ने आरोप लगाया कि प्रदर्शन में हरे रंग की चादर जलाई गई, जिस पर कुरान की आयतें लिखी हुई थीं। हिंसा भड़कने के बाद शहर के 11 पुलिस थाना क्षेत्रों में कर्फ्यू लगा दिया गया था। हिंसा में डिप्टी पुलिस कमिश्नर स्तर के तीन अधिकारियों समेत 33 पुलिसकर्मी घायल हुए थे।

फडणवीस बोले- जरूरत पड़ी तो बुलडोजर भी चलाएंगे हिंसा के पांचवें दिन शनिवार को छ्रूदेवेंद्र फडणवीस ने नागपुर में प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने कहा-हिंसा में हुए नुकसान की भरपाई दंगाइयों की संपत्ति बेचकर वसूली जाएगी। जरूरत पड़ी तो बुलडोजर भी चलाया जाएगा।

उन्होंने कहा- पीड़ितों को जल्द ही नुकसान की भरपाई की जाएगी। जिन्होंने पुलिस पर हमला किया, उनके खिलाफ कठोर से कठोर धाराएं लगाई जाएंगी। उन्होंने



विपक्ष के आरोप पर कहा कि हिंसा इंटेलिजेंस फेल्योर या राजनीतिक साजिश नहीं थी। फडणवीस ने बताया कि लेडी कॉन्स्टेबल के साथ छेड़छाड़ की खबर सच नहीं है। उन पर पत्थर जरूर फेंके गए थे। हिंसा का कनेक्शन बांग्लादेश से होने के शिवसेना के दावे पर उन्होंने कहा कि यह कहना जल्दबाजी होगी। हालांकि इस एंगल से भी जांच की जा रही है।

## राणासांगा ने बाबर सेना को चटाई थी धूल : राज्यवर्धन

### राज्यसभा सांसद के बयान पर कहा- यह लोग दीमक की तरह है, जो अपनी चौखट को खोखला कर रहे हैं



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राज्यसभा सांसद रामजीलाल सुमन के बयान को लेकर सियासी विवाद बढ़ता जा रहा है। राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री राज्यवर्धन सिंह राठौड़ ने इसे समाजवादी पार्टी के नेताओं की तुष्टिकरण की राजनीति बताया। उन्होंने कहा- राणा सांगा राष्ट्र नायक थे। जिन्होंने कभी कोई युद्ध नहीं हारा था।

राठौड़ ने कहा- हमारे देश में कुछ ऐसे लोग हैं। जो अपनी आत्मा को देश के दुश्मनों को बेच चुके हैं। यह लोग अपने ही देश को नीचा दिखाना और अपने महापुरुषों को अपमानित करने में कोई कसर नहीं छोड़ते हैं। यह लोग दीमक हैं, जो आपकी चौखट को खोखला करने में लगे हैं। अब देश जा चुका है। इन्हें हम और बर्दाश्त नहीं करेंगे। इंडिया एलाइंस और समाजवादी पार्टी के नेता तुष्टिकरण की राजनीति के लिए सनातन धर्म, महापुरुषों और शौर्य वीरों का अपमान करते रहे हैं। कार सेवकों पर गोली चलाने का आदेश देना हो या फिर सेना के शौर्य पर शक करना ही इनका चरित्र है। राठौड़ ने कहा- सदन में खड़े होकर वीर योद्धाओं को गद्दार कहना सिर्फ एक बयान नहीं है। बल्कि, राष्ट्र के सम्मान पर हमला है। महायोद्धा भारत की शान राणा सांगा जिन्होंने भारत के स्वाभिमान की रक्षा के लिए सैकड़ों युद्ध लड़े थे।

## सात दिन चलेगा राजस्थान दिवस समारोह

### बाड़मेर से होगी शुरुआत : महिला,किसान और युवा सम्मेलन होंगे आयोजित, कई पॉलिसी होगी लॉच

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान का स्थापना दिवस समारोह इस बार 7 दिन तक चलेगा। राज्य सरकार 25 मार्च से 31 मार्च तक राजस्थान दिवस उत्सव का आयोजन करने जा रही हैं। इसकी शुरुआत बाड़मेर में मातृवंदन (महिला सम्मेलन) कार्यक्रम से होगी।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा 25 मार्च को बाड़मेर में मातृवंदन को समर्पित महिला सम्मेलन में शिरकत करेंगे। इस सम्मेलन में लाड़ो प्रोत्साहन योजना की लाभार्थियों और विभिन्न महिला समूहों को सीआईएफ राशि का हस्तान्तरण किया जाएगा। साथ ही, प्रदेश की महिलाओं को इंडक्शन कुकटाप, कालीबाई भील योजना के अन्तर्गत स्कूटी वितरण एवं विवेकानन्द स्कॉलरशिप योजना के लाभान्वितों को स्वीकृति पत्र का वितरण भी किया जाएगा।

इसके अगले दिन 26 मार्च को बीकानेर में किसान सम्मेलन का आयोजन होगा। इसमें किसानों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत मिलने वाली अनुदान राशि ट्रांसफर की जाएगी।



#### युवाओं को दिए जाएंगे नियुक्ति पत्र

इसी तरह से 27 मार्च को भरतपुर में आयोजित होने वाले गरीब व अन्त्योदय कार्यक्रम में निर्माण श्रमिकों को डीबीटी, डेयरी बूथ अलॉटमेंट, स्वामित्व योजना के तहत पट्टा वितरण एवं विद्युत चलित चाक का वितरण भी किया जाएगा। इसके साथ ही अतिरिक्त दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण भी वितरित किए जाएंगे। वहीं 28 मार्च को भीलवाड़ा में आयोजित होने वाले सुशासन समारोह के तहत विभिन्न कार्यों के शिलान्यास एवं लोकार्पण की किए जाएंगे। इसके अगले दिन 29 मार्च को कोटा में युवा एवं रोजगार उत्सव आयोजित होगा। जिसमें सरकार युवाओं को सरकारी नौकरी के नियुक्ति पत्र सौपेंगी।

#### जयपुर में होगा राज्यस्तरीय कार्यक्रम

राजस्थान की स्थापना के दिन 30 मार्च को जयपुर में राज्यस्तरीय कार्यक्रम आयोजित होगा। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। वहीं अगले 31 मार्च को निवेश उत्सव के तहत राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट में हस्ताक्षरित निवेश एमओयू की ग्राउंड ब्रेकिंग और निवेश प्रस्तावों की मॉनिटरिंग के लिए मोबाइल एप का शुभारंभ किया जाएगा। साथ ही, निवेशकों को भू-आवंटन पत्र प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा इस अवसर पर लॉजिस्टिक, डेटा सेंटर व टैक्सटाईल पॉलिसी का विमोचन भी किया जाएगा।

## राजस्थान में अब बढ़ने लगेगी गर्मी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में मौसम बदलना शुरू हो गया है। उत्तरी हवा की वजह से देरात अधिकांश शहरों में तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस की गिरावट हुई है। वहीं, अब अगले एक सप्ताह तक प्रदेश का मौसम शुष्क रहेगा। इसकी वजह से तापमान में 1 से 3 डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी होगी। राजस्थान में पिछले 24 घंटे के दौरान मौसम शुष्क रहा और अधिकांश शहरों में धूप रही। कल दिन में अधिक तापमान बाड़मेर में 39.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इसके साथ ही डूंगरपुर में तापमान 36.8, नागौर में 36.2, सिरोही में 36.4, जैसलमेर में 38.5, जोधपुर में 37, चित्तौड़गढ़ में 36.7 और कोटा में 36.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।



#### जयपुर में सुबह-शाम हल्की ठंडक

जयपुर में शनिवार शाम को मामूली ठंड रही। दिनभर आसमान साफ रहा और हल्की हवा चली। दिन में अधिकतम तापमान 34 .5 डिग्री सेल्सियस और न्यूनतम तापमान 17 .8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। जयपुर के आसपास के जिले सीकर, दौसा में भी कल सुबह-शाम हल्की ठंडक रही।

## जयशंकर बोले- हमने हमेशा थरूर के विचारों का सम्मान किया

### कांग्रेस नेता सरकार की तारीफ कर चुके, एक महीने पहले बोले थे-पार्टी इग्नोर करती है

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने शनिवार रात को कहा कि उन्होंने हमेशा कांग्रेस नेता शशि थरूर के विचारों का सम्मान किया है, खासकर सरकार से जुड़े मामलों पर।

जयशंकर बिजनेस टुडे माइंडरश 2025 कार्यक्रम में बोल रहे थे। इस दौरान उनसे कांग्रेस सांसद शशि थरूर की ओर से की गई मोदी सरकार की तारीफ को लेकर सवाल किया गया। जयशंकर ने कहा- हमने रूस-यूक्रेन संघर्ष, उसकी वजह और हालात को समझकर बहुत ही निष्पक्ष तरीके से देखा, जो हमारी सफलता रही। यही वजह है कि इस मुद्दे से भावनात्मक रूप से जुड़े हुए कई पक्ष के लोग हमारे आकलन से प्रभावित हुए हैं। दरअसल, 19 मार्च को कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने मोदी सरकार की तारीफ की थी। थरूर ने कहा- भारत आज ऐसी स्थिति में है, जो रूस और यूक्रेन के बीच शांति स्थापित कर सकता है।

थरूर ने कहा था- भारत के पास ऐसा प्रधानमंत्री है, जो वोलोदिमिर जेलेंस्की और व्लादिमीर पुतिन दोनों को गले लगा सकता है। हम दोनों जगहों (रूस और यूक्रेन) पर स्वीकार किए जाते हैं।



#### जयशंकर बोले- भारत ने ईरान और इजराइल के साथ संतुलन बनाया

जयशंकर ने कहा, भारत ने न केवल रूस-यूक्रेन युद्ध में तटस्थ रुख अपनाया, बल्कि मध्य पूर्व में ईरान और इजराइल के साथ भी अपने रणनीतिक संबंधों को संतुलित रखा। 2023 में जब हमास ने इजराइल पर हमला किया, तब भारत ने कूटनीतिक संतुलन बनाए रखा।

## फिर अटक सकता है धर्मांतरण विरोधी बिल

## आज तीन बिल पास होंगे

### कोचिंग सेंटर का रजिस्ट्रेशन अनिवार्य होगा, स्टूडेंट को फीस लौटानी होगी



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान सरकार का धर्मांतरण विरोधी बिल एक बार फिर अटकने के आसार बन गए हैं। बजट सत्र में धर्मांतरण विरोधी बिल पारित नहीं होगा। सोमवार को विधानसभा के बजट सत्र का आखिरी दिन है और तीन बिल पारित होने है। इनमें धर्मांतरण विरोधी बिल शामिल नहीं है। धर्मांतरण विरोधी बिल को 3 फरवरी को ही विधानसभा में पेश किया गया था, लेकिन इसे सदन में पारित करवाने की तारीख तय नहीं की गई। अब यह अगले सत्र तक अटक गया है।

धर्मांतरण विरोधी बिल में जबरन और लोभ लालच में धर्म परिवर्तन करवाने पर 50 हजार से 5 लाख तक जुर्माना और 1 से 10 साल तक की जेल का प्रावधान था। धर्म परिवर्तन के लिए कलेक्टर को 2 महीने पहले आवेदन करके अनुमति लेने का प्रावधान शामिल था। धर्म परिवर्तन के मकसद से शादी करने वालों के खिलाफ भी कड़े प्रावधान किए गए थे।

इस बिल में पहले के धर्म में लौटने को धर्मांतरण के दायरे से बाहर रखा है। इस प्रावधान पर विवाद के आसार है। प्रदेश में पिछले 16 साल से धर्मांतरण विरोधी बिल किसी न किसी वजह से अटक रहा है। पहले धर्म स्वांतत्र ?्य विधेयक 2008 केंद्र और राज्य के बीच अटका रहा। मौजूदा सरकार ने पुराना बिल वापस लिया और नया धर्मांतरण विरोधी बिल लाया गया, लेकिन इस सत्र में पारित नहीं होने से अब यह लंबित रहेगा।

#### घर वापसी को धर्म परिवर्तन के दायरे से बाहर रखा

बिल के प्रावधानों में पहले के धर्म में वापसी को छूट दी गई है। अगर कोई अपने पहले के धर्म में लौटता है। उसे धर्म परिवर्तन की परिभाषा से बाहर रखा गया है। इस परिभाषा के अनुसार हिंदू से मुस्लिम बना कोई व्यक्ति वापस हिंदू धर्म अपनाता है तो उस पर कड़े प्रावधान लागू नहीं होंगे।

#### आज तीन बिल पास होंगे

विधानसभा में सोमवार को तीन अहम बिल पास होंगे। प्रदेश में 45 गैर जरूरी हो चुके पुराने कानूनों को खत्म करने वाला बिल पास होगा। कोचिंग स्टूडेंट की आत्महत्या रोकने और कोचिंग सेंटर्स पर कंट्रोल के लिए प्रावधानों वाला बिल बहस के बाद पारित करवाया जाएगा। तीसरा बिल शहरी विकास प्राधिकरणों के नियमों में बदलाव से जुड़ा है।

#### कोचिंग से संबंधित बिल के प्रावधान

राजस्थान कोचिंग इंस्टीट्यूट कंट्रोल्ड एंड रेगुलेशन बिल 2025 में कड़े प्रावधान किए गए हैं। यह बिल पास होने के बाद कोचिंग मनमानी फीस नहीं ले सकेंगे, एक साथ फीस नहीं ले सकेंगे, चार किस्तों में फीस जमा करवाने का ऑप्शन देना होगा। स्टूडेंट के बीच में कोचिंग छोड़ने पर फीस वापस करनी होगी। बीच में कोचिंग छोड़ने पर स्टूडेंट को 10 दिन में फीस लौटानी होगी। यदि स्टूडेंट हॉस्टल में रह रहा है तो बची हुई हॉस्टल की फीस भी देनी होगी। अब 50 या इससे ज्यादा स्टूडेंट्स वाले कोचिंग सेंटर को रजिस्ट्रेशन करवाना अनिवार्य होगा। रजिस्ट्रेशन के लिए जिला स्तर पर कमेटियां बनेंगी। कोचिंग सेंटर पर निगरानी और कंट्रोल के लिए राजस्थान कोचिंग सेंटर प्राधिकरण बनेगा।







सम्पादकीय कार्यालय:-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित

# धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाया भगवान ऋषभदेव का जन्मोत्सव, शहर में निकली भव्य शोभायात्रा

## म्हारा केसरिया नाथ रे, घणी रे खम्मे...

### संबंध तय करते वक्त जिसका मोबाईल लॉक तो समझें कुछ है गड़बड़ : सुप्रकाशमति माताजी

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** सकल जैन समाज की अग्रणी संस्था श्री मेवाड़ जैन युवा संस्थान द्वारा जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर ऋषभदेव भगवान का जन्म कल्याणक रविवार को उदयपुर में धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। प्रवक्ता जिनेन्द्र वाणावत ने बताया कि इस अवसर पर शहर में एक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। जो टाउनहॉल से प्रारम्भ होकर शहर के विभिन्न मार्गो से होती हुई मुखर्जी चौक स्थित पंचायती नोहरे पंहुच कर धर्मसभा में परिवर्तित हो गई। भव्य शोभायात्रा के स्वागत के लिये मार्ग में 14 स्वागत द्वार लगाये गये और 21 सामाजिक समरसता का संदेश देती हुई झांकियां शामिल हुई। करीब डेढ़ किलोमीटर लंबी शोभायात्रा में सैकड़ों समाजजन शामिल हुए जो बैंड बाजों की धुन के साथ म्हारा केसरिया नाथ रे,घणी रे खम्मा...,म्हारे सांसो में समाया पारसनाथ रे.. जैसे भजनों पर नृत्य करते हुए चल रहे थे। विभिन्न महिला संगठनों द्वारा सजाई गई झांकियां सारे शहर में आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा में शामिल सैकड़ो लोगों के अलावा नगर निगम से लेकर पंचायती नोहरे तक सड़क के दोनों और खड़े सैकड़ो समाजजन एवं शहरवासियों ने शोभायात्रा का पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शोभा यात्रा नगर निगम से बाबू बाजार, देहलीगेट, मंडी और मुखर्जी चौक होते हुए पंचायती नोहरे में पहुंच कर धर्मसभा में परिवर्तित हो गयी। गर्मी को देखते हुए जगह-जगह श्रद्धालुओं को आइसक्रीम और ठंडे पेय बांटे गए एवं प्रभावना वितरीत की गई। शोभा यात्रा में अपार जन समूह के मध्य श्रीजी के गजरथ के साथ मुनि-आर्यिका सुप्रकाशमति माताजी ससंघ एवं भारतेश्वरी माताजी चल रही थी। जिनका जगह-जगह समाजजन श्रद्धालु आशीर्वाद प्राप्त कर रहे थे। नगर निगम से लेकर पंचायती नोहरे तक श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। श्रावक-श्राविका चतुर्विद संघ की उपस्थिति में अपूर्व उत्साह के साथ शोभा यात्रा पंचायती नोहरे में पहुंची। .शोभायात्रा के समापन के बाद पंचायती नोहरे में आयोजित धर्म सभा में सुप्रकाशमति माताजी ने माता-पिताओं का आह्वान किया कि वह अपने बच्चों और खासकर लड़कियों पर अयान दें। हमे हमारी परंपरा के अनुसार ही पौषाक और वेशभूषा पहननी चाहिए।

**समारोह का संचालन संस्थान के महामंत्री डॉ राजेश देवड़ा ने किया। समारोह के अंत में धन्यवाद व आभार कार्याध्यक्ष से शांतिलाल गंगावत ने दिया :** इस अवसर पर समारोह की अध्यक्षता गुलाबचंद कोटड़िया ने की। मुख्य अतिथि आदेश्वर वक्तावत, विशिष्ट अतिथि शान्तिलाल, रोशन कोटड़िया थे। श्वेतांबर समाज के अध्यक्ष प्रकाश कोठारी, महामंत्री आलोक पगारिया एवं वरिष्ठ समाजजन उपस्थित थे। इसके अलावा शंतिलाल वेलावत सहित सभी जैन समाजों के अध्यक्ष महेंद्र टाया, सेठ शांतिलाल गदावत, ऋषभ जसींगोत, लक्ष्मीलाल बोहरा, जानकराज सोनी, अशोक गोधा, दिनेश सोनी, रमेश वगेरिया, सुंदरलाल डागरिया, सुरेश पद्मावत, सुरेश पाटनी, दिनेश नागदा, शांतिलाल नागदा, योगेश अखावत, राजेश परतियोत, निर्मल मालवी शांतिलाल गंगावत,गौरव गनोड़िया,डॉ राजेश देवड़ा सहित करीब 5 हजार समाजजन एवं पदाधिकारी मौजूद थे।



# यूसीसीआई परिसर में पांच दिवसीय राजस्थान ट्रेड एक्सपो सम्पन्न

## समापन समारोह में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय पुरस्कार के साथ ही पांच सांत्वना पुरस्कार दिये

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** उदयपुर चौम्बर ऑफ़ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्री और पीएचडी चौम्बर ऑफ़ कॉमर्स ऑफ़ इंडस्ट्री' द्वारा यूसीसीआई परिसर में आयोजित पांच दिवसीय राजस्थान ट्रेड एक्सपो का रविवार को भव्य समारोह के साथ समापन हो गया। समापन समारोह में पांच दिनों में उत्कृष्ट कार्य करनें वाली पांच स्टॉलधारकों को सम्मानित किया गया।

समापन अवसर पर अपने स्वागत उद्बोधन देते हुए एम.एल. लुणावत ने इस सफल आयोजन के लिए सभी का आभार ज्ञापित करते हुए कहा कि सभी के सहयोग का ही परिणाम रहा कि हम इतना बड़ा आयोजन कर पाये। देश भर से आये व्यापारियों से कहा कि वैसे तो हमरी और से पूरा सहयोग करने का प्रयास किया गया फिर भी आप अपने अनुभव और कोई कमियां रह गई हो तो आप जरूर बताएं ताकि भविष्य में आयोजित होने वाले ऐसे आयोजनों में और भी सुधार करते हुए इसे भव्यता प्रदान की जा सके।

इस दौरान डॉ. पवन तलेसरा, पी.एस. तलेसरा, नक्षत्र तलेसरा, अंशुल मोगरा ने भी अपने विचार रखे एवं जो भी व्यापारी इस ट्रेड एक्स्पो मं आये उनकी हौंसला अफजाई करते हुए उनका आभार व्यक्त किया।

समारोह में व्यपारियों ने भी ट्रेड एक्सपो के पांच दिनों के अपने अनुभव बताते हुए उदयपुर की जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि उदयपुर की जनता का हमें भरपूर सहयोग मिला है। प्रदर्शनी के अन्तिम दो दिनों में तो यहां की जनता ने कमाल ही कर दिया। उदयपुर में मिले इस अद्भुद प्यार को हम कभी नहीं भुला पाएंगे और भविष्य में जब कभी भी ऐसा ट्रेड एक्सपो होगा उसमें आने वालोंमें हमारा नाम सबसे पहला होगा। समारोह में प्रिया मोगरा, राकेश माहेश्वरी, महेन्द्र टाया, बसन्ती लाल जैन आदि की विशेष उपस्थिति रही।

पीएसडीसीसीआई के राजस्थान प्रमुख आर.के.गुप्ता ने बताया कि समारोह के अन्त में पुरस्कार वितरण हुए जिनमें प्रथम इण्डियन फेन्सिंग मशीन के देवनारायण माली को, द्वितीय सोनाली बायोगैस के श्राविकदास कश्यप,एवं तृतीय पुरूस्कार देव दर्यान के गंजू को तथा सांत्वना पुरस्कार के रूप में केम्को प्लान्ट के दीपेश को, फेमस ऑफ गुजरात के परवेज,रोसा, मिल्क एण्ड मिक्स, ओसवाल पम्प,मेक्स प्रोफिन को सम्मानित किया गया।

# 5 दिवसीय गणगौर महोत्सव 30 से गणगौर की सवारी सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की रहेगी धूम, तैयारियां जोरों पर

बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** राजसमंद में 30 मार्च से पांच दिवसीय गणगौर महोत्सव का आगाज होगा। महोत्सव के तहत गणगौर की सवारी सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रहेगी जहां आसपास के दर्जनों गांव के लोग सवारी व मेले का आनन्द लेंगे। आयोजन को लेकर नगर परिषद की ओर से बड़े स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। मेले में इस बार सांस्कृतिक मंच पर चार दिन तक होने वाले कार्यक्रमों को भी अंतिम रूप दिया जा चुका है। वहीं तीन दिन तक निकलने वाली गणगौर की सवारी में शामिल झांकियों एवं कलाकारों की प्रस्तुतियों का शिड्यूल भी तैयार किया जा चुका है।नगर परिषद सभापति अशोक टांक के अनुसार श्री बालकृष्ण स्टेडियम में सांस्कृतिक मंच के निर्माण के साथ ही अस्थायी रूप से दुकानों के लिए बल्लियों से निर्माण किया जा रहा है तो डोलर, झूले और चकरी के लिए भी स्थान निर्धारित किए गए हैं।उन्होंने बताया कि गणगौर महोत्सव की शुरुआत इस बार 30 मार्च को शाम पांच बजे से राजसमंद झील के जलधरा घाट पर दीपदान के साथ होगी। इसके बाद शाम सात बजे से मेला ग्राउंड पर भव्य आतिशबाजी की जाएगी। वहीं, सवारी की शुरुआत 31 मार्च को चूंदड़ी गणगौर की सवारी के साथ होगी। इसके बाद भक्ति संध्या में बालोतरा के प्रसिद्ध भजन गायक प्रकाश माली और उनके साथी कलाकारों द्वारा प्रस्तुतियां दी जाएंगी। सांस्कृतिक मंच पर हरि गणगौर की सवारी के बाद रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम होगा। इसमें मुंबई के बोम्ब फायर ग्रुप की 14 गर्ल्स विशेष प्रस्तुति देंगी। इसके साथ ही कई प्रसिद्ध कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। अखिल भारतीय कवि सम्मेलन का आयोजन 2 मार्च को किया जाएगा।

# जलग्रहण रथ यात्रा निकली, जल संरक्षण का लिया संकल्प

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना 2.0 के तहत जलग्रहण विकास एवं भू संरक्षण विभाग द्वारा जल संरक्षण को बढ़ावा देने तथा जल संरक्षण के प्रति आमजन में जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से उदयपुर जिले की पंचायत समिति कुराबड़ में आल जलग्रहण रथ यात्रा का आयोजन किया गया। रथ यात्रा ग्राम पंचायत भल्लो का गुड़ा पहुंची, जहां ग्रामीणों ने उत्साह पूर्वक स्वागत किया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों ने प्रभात फेरी रैली निकाली तथा महिलाओं ने कलश यात्रा कर जल संरक्षण के अभियान में बढ़-चढ़कर भाग लिया। जिला परिषद सदस्य दुदाराम डांगी ने ग्राम पंचायत भल्लों का गुड़ा में आयोजित सभा में जल संरक्षण के महत्व को रेखांकित किया तथा सरपंच मांगी मीणा एवं एडवोकेट मानाराम डांगी ने ग्रामीणों को जल बचाने और उसके उचित उपयोग एवं अधिक से अधिक पौधारोपण करने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर अधिशाषी अभियंता राहुल गुप्ता ने कार्यक्रम में उपस्थित जन समुदाय से जल संरक्षण का आव्हान करते हुए जलग्रहण के कार्यों के महत्व के बारे में अवगत कराया। जलग्रहण रथ यात्रा के तहत विभिन्न कार्यक्रम जैसे श्रमदान, पौधारोपण तथा लोकार्पण कार्यक्रम करवाये गए। परियोजना क्षेत्र में जल के प्रति उत्कृष्ट कार्य करने वाले अतिथियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन के दौरान सहायक अभियंता देवेन्द्र चौधरी द्वारा सभी ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई । कार्यक्रम के दौरान जिला परिषद सदस्य दुदाराम डांगी, सरपंच मांगी मीणा, एडवोकेट मानाराम डांगी, समाजसेवी रतनलाल वेद,रतनसिंह झाला, अधिशाषी अभियंता राहुल गुप्ता, सहायक अभियंता देवेन्द्र चौधरी, कनिष्ठ अभियंता निखिल जोशी एवं जलग्रहण विकास दल सदस्य उमेश आमेटा मौजूद रहे।

# उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी,मंत्री गजेन्द्र खींवसर,आईपीएस दिनेश एमएन,संगीतकार प्रकाश माली एवं जगदीशचन्द्र ने मेवाड़ को दी श्रंद्धाजली

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** मेवाड़ राजपरिवार के सदस्य दिवंगत अरविन्दसिंह मेवाड़ को शंभू निवास में श्रृद्धांजली देने का क्रम लगातार बना हुआ है। इसी क्रम में आज राज्य की उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी,राज्य के स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र खींवसर,आईपीएस अधिकारी दिनेश एमएन,संगीतकार प्रकाश माली एवं पत्रकार जगदीशचन्द्र ने आज शंभूनिवास पंहुच कर अरविन्दसिंह मेवाड़ को पुष्पांजली अर्पित कर पुत्र लक्ष्यराजसिंह मेवाड़ से भेंट की।

# हिन्दू नववर्ष की बैठकों में 'न हिंदू पतितो भवेत' का उद्घोष वसुधैव कुटुम्बकम्, विश्व कल्याण की कामना



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** सर्व हिन्दू समाज द्वारा 30 मार्च 2025 रविवार को राजसमंद शहर के बालकृष्ण स्टेडियम में आयोजित होने वाली विराट धर्मसभा एवं भव्य शोभायात्रा में प्रत्येक समाज बंधुओ की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए हिन्दू नववर्ष समारोह समिति द्वारा स्थानीय क्षेत्र की समस्त जातियों व उपजातियों की सामाजिक स्तर की बैठक आयोजित की गई ।केलवा मे भी हिन्दू नववर्ष के स्वागत के लिए पालीवाल मोहल्ला केलवा युवा शक्ति व महिला मंडल की ओर से कार्यक्रम की बेठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर राजसमंद में 30 मार्च को आयोजित होने वाली विराट धर्मसभा एवं भव्य शोभायात्रा कार्यक्रमों के पोस्टर का विमोचन किया गया। व कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में भांग लेने के अपिल की घर घर-घर में पीले चावल व पोस्टर वितरण का कार्यक्रम शुरू हुआ। केलवा ग्राम में 14 टोलियां बनाई गई घर घर-घर सम्पर्क अभियान के लिए। समिति के प्रचार प्रसार प्रमुख ने बताया कि सामाजिक स्तर की बैठकों में वक्ताओं ने एक स्वर से न हिंदू पतितो भवेत के उद्घोष के साथ वसुधैव कुटुम्बकम्, विश्व कल्याण की भावना के माध्यम से समानता व समरसता का संदेश देने के साथ ही समाज से भेदभाव को समाप्त करने का संकल्प भी लिया। सामाजिक स्तर पर बैठको में कार्यक्रम की जानकारी व महत्व बताया, सामाजिक स्तर पर जाती बिरादरियों का भोजन हो ऐसी रचना का प्रस्ताव रखा, समाजों की शत प्रतिशत उपस्थिति का आग्रह, आराध्य देवी देवताओं व महापुरूषों की झाँकिया सजा कर लेना, समजिक स्तर के स्वागत द्वार लगाना, पूर्व संध्या पर घरों में डीप प्रज्वलित करना, गृह संपर्क अभियान के तहत प्रत्येक घर पर भगवा ध्वज व तोरण लगाना।

# विद्यार्थियों को करवाया विभिन्न योग क्रियाओं का अभ्यास

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** ग्राम पाथरेड़ी स्थित कृषि महाविद्यालय में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर के चौथे दिन रविवार को छात्र-छात्रा के स्वास्थ्य एवं तनाव मुक्त रहने व व्यक्तित्व के विकास के लिये योग का आयोजन किया गया। योग गुरु पूरणमल यादव ने भारतीय संस्कृति में योग के महत्व को विस्तार से बताया एवं योग क्रियाओं का अभ्यास करवाया। जिनमें प्राणायाम, आसन, ध्यान, ओम का उच्चारण एवं अनेक हास्य क्रियायें करवाई गई। एनएसएस प्रभारी डॉ. प्रवीण ने योग ध्यान के महत्व पर प्रकाश डाला एवं छात्र-छात्राओं को नियमित योग करने के लिये प्रेरित किया। इस मौके पर कृषि महाविद्यालय द्वारा योग गुरु पूरणमल यादव को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। डॉ. सुरेंद्र कुमार ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस दौरान दुलाराम, कुंदन, सोनू, रविंद्र व रामनिवास आदि मौजूद रहे।

# उदयपुर वंश को मिला को अगोड़ा गोल्ड सर्किल अवार्ड

बढ़ता राजस्थान



**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** उदयपुर की द मंगल व्यू रेजीडेन्सी बेहतरीन प्रदर्शन एवं उत्कृष्ट मेट्रिक्स के लिये गुरूग्राम स्थित द ऑबेरॉय होटल में अगोड़ा द्वारा आयोजित एक समारोह में उदयपुर के उभरते एन्टरप्रिन्योर वंश नागौरी को अगोड़ा गोल्ड सर्किल अवार्ड से सम्मानित किया गया। समारोह में देश की 100 स्टैड अलोन प्रोपर्टीज को यह पुरूस्कार मिला है। जिसमें से उदयपुर की एक मात्र द मंगल व्यू रेजीडेन्सी है। यह प्रतिष्ठित सम्मान अगोड़ा के प्लेटफार्म पर मौजूद साढ़े तीन लाख प्रोपर्टीज में से चुनी गयी साढ़े तीन हजार वैश्विक सम्पत्तियों को दिया गया। जिनमें से 150 सम्पत्तियां भारत की थी।

# दुकान के सामने लघुशंका करने से हुआ विवाद, समझाइश पर गोली मारने की धमकी, पुलिस ने तीन युवकों को हिरासत में लिया

बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** प्रागपुरा थाना इलाके में टॉयलेट करने पर हुए विवाद में पुलिस ने तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। घटना रात्रि करीब 08 बजे की है। सूचना के मुताबिक टसकोला कट पुलिया स्थित दुकानदार बनवारी के बेटे शेरसिंह और उनकी पत्नी दुकान पर बैठे थे। इसी दौरान थार में सवार होकर आये तीन-चार लोग दुकान के सामने हि लघुशंका करने लगे। शेरसिंह और उनकी पत्नी ने समझाइश का प्रयास किया तो कहासुनी हो गई और ये लोग घटना स्थल पर खड़े रहकर गाली-गलौज करने लगे तथा गोली मारने की धमकी दी। मौके पर भीड़ बढ़ती देख ये लोग दुकानदार को जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गये। दुकानदार बनवारी का आरोप है कि घटना के वक्त पास ही प्रागपुरा थाने के पुलिस कर्मी भी खड़े थे लेकिन युवकों को पकड़ने का प्रयास नहीं किया। उक्त घटनाक्रम में पुलिस ने मामला दर्ज करवाने की बात कही तो दुकानदार ने मामला दर्ज करवाने से इंकार कर दिया। बनवारी का कहना है कि पुलिस मौके पर हि युवकों को नहीं पकड़ पाई तो अब क्या करेगी।

# सरदार भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरू के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित



बढ़ता राजस्थान

**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय पावटा स्थित सुपर मार्केट में रविवार को स्वतंत्रता सेनानी अमर शहीद व क्रांतिकारी सरदार भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरू के बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में एस के हॉस्पिटल द्वारा 06 वां स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में विधायक प्रतिनिधि आशिष धनकड़ व समारोह की अध्यक्षता जगन चौधरी ने की।

शिविर संयोजक डॉ. वीरेंद्र गढ़वाल, रामकरण राठी, अखलेश यादव ने रक्तदाताओं व अन्य आगंतुकों का माला व साफा पहनाकर सम्मान किया। कार्यक्रम से पूर्व क्रांतिकारी सरदार भगत सिंह, सुखदेव व राजगुरू के छायाचित्र पर दिप प्रज्वलित कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। शिविर में कुल 417 यूनिट एकत्रित की गई। इस दौरान शिवपाल राठी, अनिल चौधरी, अमन दीप खोजा, रघुवीर गठाला, भूपेन्द्र गढ़वाल, शेरसिंह मण्ढा, अनिल राठी, राकेश गिठाला, प्रदीप कादिया, राव बिल्लू, मुकेश यादव, पृथ्वी, जयसिंह धनकड़, शिवम टांक, रोहिताश फोकाट, डीसी गिठाला, राकेश सैनी, नीरज गजराज, उमेश बधाला, प्रदीप यादव, राहुल राठी, धीरज सारण, होमेन्द यादव, विक्रम सारण, मनोज बाज्या समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

# उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को माइनिंग सम्बधित समस्या को लेकर दिया ज्ञापन



बढ़ता राजस्थान

**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** राजस्थान सरकार में उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी को राजसमन्द माइनिंग सम्बंधित समस्या को लेकर कुम्भलगढ़ विधायक सुरेन्द्र सिह राठौड़ की उपस्थिति में माइंस एसोसिएशन के अध्यक्ष गौरव सिह राठौड़ एवं भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष मान सिह बाहरठ के नेतृव में उदयपुर एयरपोर्ट पर ज्ञापन दिया. ज्ञापन में बताया कि राजसमन्द मार्बल की स्थिति पहले से ठीक नही है, समय पर श्वष्ट नही मिलने से माइंसे बंद होंने की कगार पर है,इस लिए माइंस सम्बंधित समस्या को कोई ठोस हल निकालना चाहिए उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने आश्वस्त किया के में इस सम्बंध में मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा से बात कर इस समस्या का समाधान करवाउंगी इस दौरान अशोक रांका,माधव चौधरी,कुलदीप सिह ताल,नर्बदा शंकर पालिवाल, गोपाल कृष्ण पालीवाल, जवाहर लाल जाट,डाल चन्द्र कुमावत सहित मार्बल व्यवसाय एवं पार्टी कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# नीरज सैन को मिलेगा राजस्थान श्री अवॉर्ड

बढ़ता राजस्थान



**पावटा ( सुशील कुमार बंसल )।** कस्बे में सामाजिक संस्था संकल्प हरियाली टीम संयोजक नीरज सैन को 29 मार्च को जयपुर में राजस्थान श्री अवॉर्ड से सम्मानित किया जाएगा। नीरज सैन को यह सम्मान सामाजिक क्षेत्र में उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए दिया जा रहा है। वे पर्यावरण संरक्षण, गौसेवा व जरूरत मंद लोगों के सेवा कार्यों में रूची रखते है। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण के प्रति आमजन को जागरूक करने के साथ हि समय समय पर ब्लड कैंप का आयोजन कर जरूरतमंद लोगों को रक्त उपलब्ध करवाने व गरीब मध्यम तबके के विद्यार्थियों को स्कूल ड्रेस एवं निःशुल्क पाठ्य पुस्तकें उपलब्ध करवाने के सेवा कार्यों में अग्रणी भूमी अदा की है। संकल्प हरियाली टीम सदस्य पंकज जिन्दल, सुभाष यादव, निलेश चौधरी, रमन सैनी, लोकेश टांक समेत कई सामाजिक संगठनों ने भी उनके कार्यों की सराहना की है।

# विधायक कालीचरण सराफ ने दिया सात दिन के भीतर अतिक्रमण हटाने का दिया आश्वासन



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** टोंक रोड स्थित गोकुल वाटिका कॉलोनी के प्रवेश मार्ग पर अतिक्रमण हटाने को लेकर आयोजित जनसुनवाई में क्षेत्रीय विधायक कालीचरण सराफ ने एक सप्ताह के भीतर इस अतिक्रमण को हटाने का आश्वासन दिया। सराफ ने कॉलोनी वासियों के सामने नगर निगम और जेडीए के अधिकारियों से संपर्क कर उन्हें सप्ताह भर के भीतर इस समस्या को दूर करने के लिए कहा। जनसुनवाई के दौरान सराफ ने विधायक कोटे से कॉलोनी में सीसीटीवी कैमरे लगाने की भी घोषणा की। कॉलोनी वासियों ने बताया कि टोंक रोड से कॉलोनी की ओर जाने वाला मुख्य रास्ता अतिक्रमण से त्रस्त है, उन्होंने इन अतिक्रमणों की आड में नशाखोरी पनपने के साथ ही असामाजिक तत्वों के हर रोज यहां जमावड़ा लगने की जानकारी भी जनसुनवाई में विधायक को दी। कॉलोनी वासियों ने बताया कि शाम होते ही यहां असामाजिक तत्त्व आने शुरू हो जाते हैं, ऐसे में यहां से निकलना भी दूभर हो जाता है, पुलिस को शिकायतें करने पर भी समस्या से निजात नहीं मिलती। जनसुनवाई के दौरान कॉलोनी वासियों ने अपना परिचय दिया और विधायक को विभिन्न समस्याओं से अवगत करवाया।

# डॉ. राजेन्द्र कुमार कसाना की पदोन्नति सहायक आचार्य से बने सह आचार्य



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( बाबू अंसारी )।** कोटपुतली ग्राम कल्याणपुरा खुर्द निवासी वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. राजेन्द्र कुमार कसाना को राजकीय एसएमएस मेडिकल कॉलेज, जयपुर में पदोन्नति मिली है। वे मेडिकल विभाग में सहायक आचार्य के पद पर कार्यरत थे, अब उन्हें सह आचार्य (एसोसिएट प्रोफेसर) बनाया गया है। डॉ. कसाना जनरल मेडिसिन क्षेत्र में विशेषज्ञ हैं और उनकी इस उपलब्धि से जयपुर में हर्ष की लहर है। पदोन्नति पर उन्हें नाथू सिंह गुर्जर (जिलाध्यक्ष, अखिल राजस्थान चिकित्सा विभाग निविदा/ठेका कर्मचारी संघ, राजस्थान, जयपुर), कपिल गुर्जर, अंकित गुर्जर, शंकर गुर्जर, सोनू गुर्जर, लोकेश गुर्जर, मनीष गुर्जर, गोलू गुर्जर, रामेश्वर, धर्मराज गुर्जर, केशव सहित कई लोगों ने शुभकामनाएँ दीं। गौरतलब है कि डॉ. कसाना चिकित्सा क्षेत्र के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभाते हैं। उनकी इस सफलता से चिकित्सा जगत में खुशी की लहर है।

# सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने किया दिव्य कला मेले का अवलोकन, दिव्यांगों के साथ खेला क्रिकेट व बोसिया स्टाल्स से की खरीददारी

**जयपुर ( का.स. )।** दिव्यांग कलाकारों और उद्यमियों को मंच प्रदान करने के उद्देश्य से केंद्रीय सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग और नेशनल दिव्यांगजन फाइनेंस एण्ड डवलपमेंट कॉर्पोरेशन के तत्वावधान में उदयपुर में चल रहे दिव्य कला मेले का रविवार को प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री श्री अविनाश गहलोत ने अवलोकन किया। मंत्री गहलोत रविवार को उदयपुर नगर निगम टाउनहॉल परिसर में आयोजित दिव्य कला मेले में पहुंचे। एनडीएफडीसी के अतिरिक्त महाप्रबंधक श्री राकेश अग्रवाल ने उनका स्वागत किया। केंद्रीय मंत्री ने मेले में देश भर से आए दिव्यांगजनों की ओर से लगाई गई स्टाल्स का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने दिव्यांगजनों से संवाद कर उनका हौंसला बढ़ाया। साथ ही स्टाल्स से कपड़े आदि भी खरीदे। मेला समन्वयक मनोज साहू ने बताया कि श्री गहलोत ने एक लाभार्थी को मोटराइज्ड ट्राई साइकिल का वितरण भी किया। मेले के अवलोकन के लिए पहुंचे मंत्री श्री गहलोत ने दिव्यांगजनों के लिए आयोजित हो रही खेल गतिविधियों में भी भाग लिया। उन्होंने ब्लांइड क्रिकेट तथा बोसिया खेल में भाग लेकर दिव्यांगजनों की हौंसला अफजाई की।

# रामाज रिसोर्ट बन रहा है सेलेब्रिटीज़ की पहली पसंद

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** मशहूर अभिनेत्री मन्नारा चोपड़ा, जो अपनी दमदार अदाकारी और आकर्षक पर्सनालिटी के लिए जानी जाती हैं, हाल ही में रामाज रिसोर्ट पहुंचीं, रामाज रिसोर्ट के ओनर सोहित टेलर ने मन्नारा चोपड़ा का भव्य स्वागत किया गया। मन्नारा, जो प्रियंका चोपड़ा की चचेरी बहन और बॉलीवुड की लोकप्रिय अभिनेत्री हैं, अपने फिल्मी करियर में कई यादगार किरदार निभाए हैं। उन्होंने 'जिद' जैसी बॉलीवुड फिल्म में शानदार अभिनय किया और साउथ फिल्म इंडस्ट्री में भी अपनी पहचान बनाई है। जब वे रामाज रिसोर्ट पहुंचीं, तो रिसोर्ट के स्टाफ और वहां मौजूद मेहमानों में एक अलग ही उत्साह देखने को मिला। मन्नारा ने यहां के लक्ज़री रूम्स, मल्टी-कुज़ीन रेस्टोरेंट, स्विमिंग पूल और भव्य सेलिब्रेशन गार्डन का आनंद लिया और रिसोर्ट की मेहमाननवाज़ी की जमकर तारीफ़ की।

उन्होंने अपने अनुभव को साझा करते हुए कहा, 'रामाज रिसोर्ट एक परफेक्ट डेस्टिनेशन है जहां सुकून, लग्ज़री और प्रकृति का बेहतरीन मेल है। मुझे यहाँ का माहौल और मेहमाननवाज़ी बेहद पसंद आई' मन्नारा ने रिसोर्ट के खूबसूरत लोकेशन और हाई-क्लास सर्विस की तारीफ करते हुए इसे छुट्टियां बिताने और डेस्टिनेशन वेडिंग के लिए बेहतरीन जगह बताया। सेलेब्रिटीज़ की पहली पसंद बनता जा रहा यह रिसोर्ट डेस्टिनेशन वेडिंग, फैमिली गेट-टुगेदर्स और ग्रैंड इवेंट्स के लिए भी बेस्ट चॉइस बन चुका है। अगर आप भी बॉलीवुड स्टार्स जैसी लग्ज़री और आराम का अनुभव लेना चाहते हैं, तो रामाज रिसोर्ट आपका इंतजार कर रहा है! इस गर्मी के मौसम में स्विमिंग पूल पार्टी और स्विमिंग क्लासेज भी चालू हो गई है।





# जयपुर में आयोजित हुआ सम्मान समारोह

## होली मिलन, सेवानिवृत्ति, प्रतिभा एवं भामाशाह का सम्मान






बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** विजयवर्गीय (वैश्य) राजसेवक परिषद, संगम, जयपुर द्वारा होली मिलन, सेवानिवृत्ति, प्रतिभा एवं भामाशाह का सम्मान समारोह संगम भवन, सेक्टर 26, प्रताप नगर, जयपुर में आयोजित किया गया।

जैसा कि डॉ. शिवकुमार बुटेरी, अध्यक्ष ने बताया, इस समारोह में सेवा निवृत्त 15 सदस्यों, 80 वर्ष से अधिक आयु के 35 सदस्यों, सात प्रतिभावान छात्र-छात्राओं तथा विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान किया गया। सम्मानित व्यक्तियों में डॉ. अशोक गांधी (पुत्र श्री जवाहरलाल जी, न्यूरो सर्जन, एसएमएस यूनिट हेड), डॉ. मंजू (पत्नी श्री मनोज विजय, डेरी मैनेजर, गृह विभाग), डॉ. प्रीति विजय (पत्नी डॉ. रजत गुप्ता, एसोसिएट प्रोफेसर, जेके लोन जयपुर) शामिल हैं।

इस समारोह में निम्नलिखित विशिष्ट व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति दर्ज कराई

राजेंद्र नारायणपुर, लल्लू लाल, राजीव (डीटीओ), उमानंद, रमाकांत खेड़ा (कल्याणपुर), डॉ. अशोक कुमार गांधी, डॉ. चांदमल, मुकेश, शिभू दयाल कुंडल, डॉ. रमिता, अशोक, महेश कैनावर, सेवाराम, नरेंद्र बसवा, मुरारी दुब्बी, रतनलाल राजगढ़, राजेश करनावर, श्यामलाल टहला, बनवारी लाल बांदीकुई, उमाकांत खेड़ा (कल्याणपुर), महेंद्र थाना राजगढ़, देवेंद्र बांदीकुई आदि।

# सामूहिक अग्निहोत्र तथा महामृत्युंजय महायज्ञ का हुआ विशाल आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** दिनांक 23 मार्च 2025 को त्रिवेणी नगर स्थित दाधीच पार्क में भोपाल से पधारी हुई आदरणीया संचालिका श्रीमती नलिनी माधव जी के मार्गदर्शन में सामूहिक संध्याकालीन अग्निहोत्र एवम् महामृत्युंजय महायज्ञ का विशाल आयोजन हुआ, जिसकी पूर्णाहुति बहुत ही रोचक तरीके से विधि विधान पूर्वक मंत्रोचार के साथ सम्पन्न हुयी।

आदरणीया संचालिका महोदया द्वारा अपने उद्बोधन में त्रेता एवम् द्वापर युग में रचित महाभारत एवम् अन्य पौराणिक ग्रंथों में उल्लिखित अग्निहोत्र के संदर्भों को विस्तार पूर्वक समझाया गया तथा वर्तमान प्रदूषित पर्यावरण की शुद्धि हेतु अग्निहोत्र रामबाण अस्त्र है इसकी विस्तार पूर्वक व्याख्या करते हुए वर्तमान परिप्रेक्ष्य में मानव जीवन में अग्निहोत्र को महत्वपूर्ण आवश्यकता बताया गया।



उपरोक्त समारोह के सूत्रधार श्री आनन्द कृष्ण कोठारी, कैलाश गंगवाल, राकेश गर्ग, अजय गुप्ता, अमित श्रीवास्तव तथा श्रीमती आशा गंगवाल द्वारा आदरणीया संचालिका जी एवम् अन्य सभी अतिथियों का भावभीना स्वागत किया गया।

उपरोक्त कार्यक्रम के शुभ अवसर पर परमार्थ एवम् आध्यात्मिक समिति के मुख्य संरक्षक श्री आर के अग्रवाल, अध्यक्ष श्याम विजय एवम् अन्य पदाधिकारियों राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, रामावतार माहेश्वरी, सत्यनारायण गुप्ता, सुरेश कुमार गुप्ता एवम् श्रीमती गायत्री माहेश्वरी भी उपस्थित रहे, जिससे समारोह की भव्यता में चार चांद लग गए।

समारोह के समापन के अवसर पर श्री नितेश गंगवाल द्वारा सभी अतिथियों का हृदय की अनन्त गहराइयों सें आभार व्यक्त किया गया।

# खो नागोरियान में रोजा इफ्तार, सैकड़ों रोजेदारों ने की शिरकत



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( बाबू अंसारी )।** रमजान के पाक महीने में शनिवार 22 मार्च को करीम नगर, खो नागोरियान में एक भव्य रोजा इफ्तार का आयोजन किया गया, जिसमें 200 से अधिक लोगों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम का आयोजन राजू भाई, सलमान कुरैशी, सैफ अली कुरैशी, सलमान लुहार, इमरान खान, नदीम कुरैशी और रज्जाक भाई द्वारा किया गया। इफ्तार के दौरान रोजेदारों के लिए विशेष पकवानों की व्यवस्था की गई, जिससे सभी ने मिलकर रोजा खोला। इस अवसर पर सामूहिक दुआ की गई और आपसी भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया गया। स्थानीय लोगों ने इस आयोजन की सराहना की और इसे एक सराहनीय पहल बताया, जो समाज में एकता और प्रेम को बढ़ावा देती है।

# उपकारागृह कोटपूतली का औचक निरीक्षण

## जेल की गहनता से तलाशी व चैकिंग, नहीं मिली कोई प्रतिबंधित सामग्री एवं आपत्तिनजक वस्तु



बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी )।** कोटपूतली के ग्राम गोपालपुरा रोड़ स्थित उप कारागृह का रविवार को सघन निरीक्षण किया गया। एसपी राजन दुष्यन्त के निर्देश पर एएसपी वैभव शर्मा के सुपरविजन एवं एसडीएम बृजेश कुमार चौधरी की मौजूदगी में डीएसपी राजेन्द्र कुमार बुरडक के नेतृत्व में कोटपूतली एसएचओ राजेश कुमार शर्मा, पनियाला एसएचओ मोहर सिंह, महिला पुलिस थाना कोटपूतली, पुलिस थाना सरुण्ड व जिले की रिजर्व पुलिस लाईन जाप्ते के साथ तीन टीमें गठित की गई। टीमों द्वारा एक साथ उपकारागृह का औचक निरीक्षण कर जेल की गहनता से तलाशी व चैकिंग की गई तथा जेल में बंद विचाराधीन बंदियों से वार्ता कर जानकारी प्राप्त की गई। जेल में बंदियो के रहने के लिये बनी बैरिक्स एवं परिसर की सघन चैकिंग की गई। चैकिंग के दौरान कोई प्रतिबंधित सामग्री नहीं मिली एवं ना ही कोई आपत्तिनजक वस्तु मिली। भविष्य में भी समय-समय पर नियमित रुप से जेल चैकिंग की जाती रहेगी।

# पोकरण में जिला अधिकारियों की बैठक : पेयजल व विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सुचारू रहे इसको लें सर्वोच्च प्राथमिकता में - केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री

## आमजन को जन सुनवाई के माध्यम से दें राहत, पात्र लोगों को योजनाओं से करें लाभान्वित

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत ने गर्मी ऋतु को ध्यान में रखते हुए जलदाय एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि वे जैसलमेर जिले में पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति व्यवस्था प्रबंधन को बेहतर करके लोगों को समय पर पीने का पानी उपलब्ध करावें एवं इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने हिदायत दी कि पानी - बिजली आपूर्ति की व्यवस्था में किसी प्रकार की कोताही को बर्दास्त नहीं किया जायेगा। केन्द्रीय पर्यटन मंत्री शेखावत रविवार को जैसलमेर जिले की पंचायत समिति सांकड़ा मुख्यालय पोकरण के सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

### गर्मी में टीम भावना से कार्य कर लोगों को समय पर पिलायें पानी

बैठक में केन्द्रीय मंत्री श्री शेखावत ने जलदाय विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे 15 अप्रेल तक कंटीजेन्सी प्लान के तहत जो भी कार्यवाही करनी है वे कर दें एवं जितने भी नलकूप या हैण्डपम्प खोदने है उनको भी खुदवा दें। उन्होंने विद्युत एवं जलदाय विभाग के अभियन्ताओं को गर्मी के चार माह में टीम भावना से कार्य कर लोगों को समय पर पीने का पानी उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। साथ ही उन्होंने 15 अप्रेल तक जलदाय विभाग के नलकूपों को विद्युत कनेक्शन से जोड़ने की कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने नहर बंदी को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त मात्रा में पीने के पानी के भण्डारण का बेहतर प्रबंध करने के निर्देश दिये। उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारियों को अवैध जल कनैक्शन कटाने एवं पुलिस विभाग को इसमें पूरा सहयोग देने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्य कार्यकारी अधिकारी को कहा कि वे गर्मी के चार महिनों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की मॉनिटरिंग के लिए एक प्रशासनिक अधिकारी को लगायें।

### जल जीवन मिशन में एक भी गांव व ढाणी जुड़ने नहीं छूटे

केन्द्रीय मंत्री ने जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारी को निर्देश दिये कि वे पोकरण विधायक के साथ बैठक कर सर्वे के दौरान जो भी ढाणी या गांव मिशन में छूट गये है उनके प्रस्ताव गम्भीरता से लेवें एवं यह सुनिश्चित करें कि कोई भी गांव जल जीवन मिशन में जुड़ने से वंचित नहीं रहे। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्य में गति लाने पर भी विशेष जोर दिया।



### जनसुनवाई से आमजन को दें राहत—

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे आमजन की समस्याओं के निराकरण के लिए जन सुनवाई कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाएं एवं उनकों राहत देकर सुशासन का संदेश आमजन को दें। उन्होंने केन्द्र एवं राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे पात्र लोगों को लाभान्वित कर उनका आर्थिक उत्थान कराएं। उन्होंने सांसद एवं विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास कोष के कार्यों को समय सीमा में पूरा कराने तथा महानरेगा के कार्यों में गति लाने के निर्देश दिये। उन्होंने अतिरिक्त जिला कलक्टर को कहा कि वे नगरपालिका पोकरण में विकास कार्यों के सम्पादन के लिए नगर परिषद् जैसलमेर से लगाये गये कनिष्ठ अभियन्ता को सप्ताह में दो दिवस सोमवार एवं मंगलवार की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करावें।

# राजस्थान वेडिंग एवं इवेंट इंडस्ट्री के उज्जवल भविष्य के लिए आईएडब्ल्यूटीसी एवं फोरम साथ आए

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर के ग्लोबल इनिशिएटिव इवेंट मैनेजर्स डे के उपलक्ष में आयोजित किए जाने वाले इंटरनेशनल वेडिंग एंड टूरिज्म कॉन्क्लेव का आयोजन 31 मई व 1 जून को जयपुर में किया जाएगा। जयपुर क्लब में आयोजित एक समारोह के दौरान इस बहु प्रतिष्ठित आयोजन के लिए फेडरेशन ऑफ राजस्थान इवेंट मैनेजर्स एवं आई डब्ल्यू टीसी ने साथ आने की घोषणा की। फोरम प्रेसिडेंट, मोहित माहेश्वरी एवं जनरल सेक्रेटरी अजय चौहान ने बताया कि राजस्थान अंतर्राष्ट्रीय पटल पर डेस्टिनेशन वेडिंग का एक महत्वपूर्ण केंद्र एवं आकर्षण बन चुका है जिसमें आई डब्लू टीसी का एक महत्वपूर्ण योगदान है, इसके साथ फेडरेशन ऑफ़ राजस्थान इवेंट मैनेजर्स को जोड़ना न केवल महत्वपूर्ण बल्कि गर्व की बात है। आई डब्ल्यू टीसी के संस्थापक इवेंट गुरु अरशद हुसैन ने बताया कि दो दिवसीय इस आयोजन में कॉन्क्लेव के अतिरिक्त फैशन शो एवं अवार्ड शो का भी आयोजन किया जाएगा।

## सम्पादकीय

# भारत तो स्वाभाविक रूप में प्रसन्न राष्ट्र है

प्रसन्नता की माप असंभव है। कोई साधारण व्यक्ति अपने घर, परिवार और पेशे से संतुष्ट है। वह गीत गाता मिलेगा। कोई व्यक्ति तमाम साधनों के बावजूद तनाव में है। वह अप्रसन्न दिखाई पड़ेगा। प्रसन्नता मापने का कोई उपकरण नहीं है। इसलिए ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के वेल्बीइंग रिसर्च सेंटर की प्रसन्नता मापने की रिपोर्ट को पढ़कर मजा लिया जा सकता है। ऐसी रिपोर्ट्स हर साल जारी होती हैं। ताजा रिपोर्ट में पाकिस्तान को भारत की तुलना में ज्यादा प्रसन्न बताया गया है। सबकी खुशी अलग-अलग होती है। पाकिस्तान में सेना और आईएसआई सबको खुश रखती है। आतंकवाद का संरक्षण भी पाकिस्तान की खुशी का कारण हो सकता है। प्रसन्न और अप्रसन्न होने का कोई पैमाना नहीं है। प्रसन्नता को मापने के लिए 6 प्रमुख आधार बताए गए हैं। पहला सामाजिक सहयोग है। आय, स्वास्थ्य, स्वतंत्रता, उदारता और भ्रष्टाचार की अनुपस्थिति भी आधार हैं। ताजा रिपोर्ट में फिनलैंड प्रथम है। डेनमार्क दूसरा है। तीसरा आइसलैंड है। रिपोर्ट में अफगानिस्तान को सबसे बुरा प्रदर्शनकर्ता बताया गया है। 147 देशों की सूची में भारत को 118वां स्थान दिया गया है। वर्ष 2022 में भारत 94वें स्थान पर था। रिपोर्ट की मानें तो भारत नेपाल, चीन जैसे पड़ोसी देशों से भी पीछे है। राष्ट्रीय प्रसन्नता सूचकांक की धारणा 1972 में भूटान से प्रारंभ हुई थी। वैश्विक प्रसन्नता के यह आंकड़े भारतीय परिस्थितियों में उचित नहीं जान पड़ते। भारत सभी क्षेत्रों में प्रतिष्ठित है और राष्ट्र के अभ्युदय के लिए प्रयासरत है। भारत स्वाभाविक रूप में प्रसन्न राष्ट्रीयता है। प्रसन्नता भाव है। निस्संदेह आय आदि उपलब्धियां प्रसन्न होने का अवसर देती हैं। लेकिन सामान्य जरूरतों के आधार पर पूरे देश को प्रसन्न या अप्रसन्न नहीं कहा जा सकता। प्रसन्नता आंतरिक सुखानुभूति है। यह कार-बंगला जैसी उपलब्धि नहीं है। प्रसन्नता अस्तित्व की प्रीति का परिणाम होती है। ऋग्वेद में सोम देवता से की गई एक स्तुति में मुद मोद प्रमोद एक साथ मांगे गए हैं। ऋषि कहते हैं, उन्हें ऐसे क्षेत्र में रहने का अवसर दें जहां मुद मोद प्रमोद एक साथ हों। इसी स्तुति में वे जल भरी नदियों की भी प्रार्थना करते हैं और सुन्दर राजव्यवस्था की भी। फिर अन्न और दूध की भी स्तुति करते हैं। वे सारी दुनिया की प्रसन्नता चाहते हैं।

आवश्यक वस्तुओं का अभाव दुखी करता है। वैसे अभाव भी भाव है। प्रत्यक्ष जगत में अभाव कोई वस्तु या पदार्थ नहीं है। किसी वस्तु या पदार्थ का न होना अभाव कहा जाता है। वैशेषिक दर्शन में अभाव को भी एक पदार्थ माना गया है और उसके प्रभाव की चर्चा भी की गई है। सब प्रसन्न रहना चाहते हैं। अभाव दुखी करता है। लेकिन दुख का अभाव प्रसन्नता कहा जाता है। सुख का कारण दुख का अभाव भी हो सकता है। रिपोर्ट की माने तो भारत अतिक्षुब्ध अप्रसन्न देश है। प्रसन्नता के अवसर भारत में हैं ही नहीं। वैदिक ऋषि 100 वर्ष की स्वस्थ आयु चाहते थे। उन्होंने 100 वर्ष तक स्वस्थ रहने और प्रसन्न रहने की स्तुतियां की थीं। ईशावास्योपनिषद के पहले मंत्र में ही सतत् कर्म करते हुए 100 वर्ष के जीवन की प्रार्थना की गई है। प्रसन्नता के मानकों में स्वतंत्रता भी है। स्वतंत्रता आनंद के अवसर देती है। यहां के संविधान में अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है और अंतःकरण व आस्था की भी। भारतीय संस्कृति दर्शन में प्रसन्न होना आध्यात्मिक भाव है। गीता में इच्छा शून्य चित्त दशा को महत्वपूर्ण बताया गया है। तैत्तिरीय उपनिषद में सुख और आनंद की गहन मीमांसा है। यहां आनंद के अनेक भौतिक स्रोत बताए गए हैं। गीत संगीत और कला भी आनंद के स्रोत हैं। ऐसे स्रोतों का उल्लेख करते हुए ऋषि कहते हैं, कामना शून्य ज्ञानी प्रसन्नता के वाह्य उपकरणों की तुलना में इच्छाशून्यता में सहस्त्रों गुना आनंद पाते हैं। सामूहिक जीवन की महत्ता वैदिक काल से ही है। सामूहिकता में प्रसन्नता का प्रसाद होता है। भारत में प्रतिपल उत्सव हैं। तमाम पर्व और त्यौहार हैं। तीर्थाटन हैं। उत्सव आनंदधर्म हैं। होली, दीपावली, विजयदशमी, बुद्ध पूर्णिमा, नागपंचमी, रक्षाबंधन जैसे सहस्त्रों उत्सव प्रसन्नता देते हैं।

## आज का इतिहास

बढ़ता राजस्थान

### 24 मार्च की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- कनाडा में 1837 से अश्वेत नागरिकों को वोट डालने का अधिकार दिया गया।
- कोलकाता से आगरा के बीच 1855 में पहली बार टेलीग्राफ से लंबी दूरी का संदेश प्रेषित किया गया।
- ब्रिटिश कैबिनेट मिशन 1855 में भारत पहुंचा।
- घातक संक्रामक बीमारी टीबी की पहचान 1882 में आज ही के दिन हुई थी। इसका पता लगाने वाले वैज्ञानिक को बाद में नोबेल पुरस्कार दिया गया।
- शिकागो और न्यूयार्क के बीच 1883 में पहली बार फोन से बातचीत हुई।
- अमेरिका में 1932 में पहली बार चलती ट्रेन से रेडियो प्रसारण किया गया।
- इराक ने 1959 में बगदाद समझौते से खुद को अलग कर लिया।
- मोरारजी देसाई 1977 में भारत के चौथे प्रधानमंत्री बने और उन्होंने केन्द्र में पहली बार गैर-कांग्रेसी सरकार बनायी।
- भारतीय सेना ने 1990 में श्रीलंका छोड़कर स्वदेश वापसी की।
- एजर वीजमैन 1993 में इजरायल के राष्ट्रपति चुने गये।
- पी.एन. भगवती (भारत) 1999 में लगातार दूसरे कार्यकाल के लिए संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार समिति के उपाध्यक्ष चयनित।
- तपेदिक (क्षयरोग) की रोकथाम के लिए लोगों में जागरूकता बढ़ाने और इसके नियंत्रण के प्रयासों को जारी रखने के लिए 2003 से दुनिया भर में आज के दिन को विश्व क्षय रोग दिवस मनाया गया।
- ऑस्ट्रेलिया के मैथ्यू हेडन ने 2007 में विश्वकप का सबसे तेज शतक बनाया।
- भूटान 2008 में लोकतांत्रिक देश बना।

### 24 मार्च को जन्मे व्यक्ति

- संगीतकार और कवि मुथुस्वामी दीक्षित का 1775 में जन्म हुआ।
- प्रसिद्ध भारतीय राजनेता और अधिवक्ता सत्येन्द्र प्रसन्न सिन्हा का 1863 में जन्म हुआ।
- भारत के प्रसिद्ध साहित्यकार तथा राष्ट्रसेवी हरिभाऊ उपाध्याय का 1892 में जन्म हुआ।
- अमेरिकी फुटबॉल प्लेयर पेयटन मैनिंग का 1976 में जन्म हुआ।
- बॉलीवुड स्टार इमरान हाशमी का 1979 में जन्म हुआ।
- भारतीय हॉकी खिलाड़ी एड्रियन डिसूजा का 1984 में जन्म हुआ।

### 24 मार्च को हुए निधन

- अब्बासी खलीफा हारुन अल रशीद का 809 में निधन हुआ।
- सन 1953 में ब्रिटेन की महारानी की दादी महारानी मैरी का सोते हुए निधन हो गया।
- इंग्लैण्ड की महारानी महारानी एलिज़ाबेथ प्रथम 1603 में निधन हुआ।

# जानलेवा बनता ध्वनि-प्रदूषण, कब जागेगी संसद ?



हरीश शिवनानी

**भारतीय समाज की दिक्कत यह है कि यहाँ धार्मिक स्थलों, सामाजिक-धार्मिक कार्यक्रमों, जलसों, राजनीतिक सभाओं, रैलियों, धरनों- प्रदर्शनों और वैवाहिक-सामाजिक समारोहों में लाउड-स्पीकरों के अलावा सभी तरह के ध्वनि-विस्तारक उपकरणों का विवेकहीन तरीकों से इस्तेमाल किया जाता है।**



पहली नज़र में यह बात निश्चित रूप से हैरान करने वाली लग सकती है कि ध्वनि-प्रदूषण कैसे जानलेवा हो सकता है, लेकिन यह सच है। पिछले एक साल में ही ध्वनि-प्रदूषण की वजह से चार मौतें हो चुकी हैं। ताज़ी घटना अजमेर की है। दो मार्च की आधी रात को अजमेर के पुष्कर रोड पर कुछ युवक गाड़ी में तेज आवाज़ में म्यूज़िक सिस्टम बजाकर नाच रहे थे। लगातार हो रहे शोर-शराबे से परेशान होकर पास ही रहने वाले वकील पुरुषोत्तम जखेटिया ने उनका विरोध करते हुए म्यूज़िक सिस्टम बंद करने को कहा, इस पर नशे में धुत्त उन युवकों ने उनको लाठियों से पीट-पीट कर बुरी तरह घायल कर दिया। सिर में लगी गम्भीर चोट के कारण वकील ने सात मार्च को अस्पताल में दम तोड़ दिया। पिछले वर्ष सितंबर में भिलाई के हथखोज के धार्मिक पांडाल में तेज वोल्यूम में बज रहे डीजे से दिल के मरीज पचपन वर्षीय धन्नूलाल साहू ने परेशान होकर डीजे बंद करने या वोल्यूम कम करने को कहा लेकिन आयोजक उससे उलझ पड़े और डीजे बजाने की अनुमति मिलने का पत्र उसके मुँह पर फेंक दिया। शोर-शराबे और अपमान से व्यथित हार्ट-पेशेंट साहू ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सितंबर में ही छत्तीसगढ़ के बलरामपुर में साउंड सिस्टम के भारी शोर के कारण एक व्यक्ति के दिमाग की नस फट गई । अक्टूबर में भोपाल में दुर्गापूजा विसर्जन के दौरान डीजे की तेज आवाज से तेरह वर्षीय समर बिल्लोरे की मौत हो गई। इस लिहाज से पिछले दिनों राजस्थान विधान सभा में जब लाउड स्पीकरों पर रोक लगाने या उनकी आवाज को नियंत्रित करने की जो मांग उठाई गई है, उसे समूचे परिवेश की सुरक्षा के लिए सकारात्मक रूप से लेना चाहिए। हम इतिहास के जिस कालखंड में जी रहे हैं, उस दौर में धनि-प्रदूषण सिर्फ़ मनुष्यों को ही नहीं, बल्कि नभचर और जलचर प्राणियों तक को चपेट में ले चुका है। ध्वनि-प्रदूषण आधुनिक काल की ही देन नहीं है, कहा जाता है कि जूलियस सीज़र ने रात के समय रोम की पक्की सड़कों पर रथ चलाने पर रोक लगा थी थी,क्योंकि उनके शोर की वजह से वो रात को सो नहीं पाता था। ध्वनि दबाव स्तर को डेसिबल (डीबी) में मापा जाता है। एक लाउड स्पीकर का डेसिबल स्तर आमतौर पर 100-120 डेसिबल के बीच होता है, लेकिन जब चारों दिशाओं में लाउड स्पीकर लगाए जाते हैं और वे फुल वोल्यूम में बज रहे होते हैं, तो ध्वनि का डेसिबल स्तर 140 डेसिबल या अधिक हो सकता है। यही बात किसी समारोह में बज रहे म्यूज़िक सिस्टम के लिए भी कही जा सकती है। भारतीय समाज की दिक्कत यह है कि यहाँ धार्मिक स्थलों, सामाजिक-धार्मिक कार्यक्रमों, जलसों, राजनीतिक सभाओं, रैलियों, धरनों- प्रदर्शनों और वैवाहिक-सामाजिक समारोहों में लाउड-स्पीकरों के अलावा सभी तरह के ध्वनि-विस्तारक उपकरणों का विवेकहीन तरीकों से इस्तेमाल किया जाता है। इनके बेतहाशा इस्तेमाल की स्थिति अब अराजकता की सीमा तक पहुंच गई है।

भयानक शोर-शराबा और कोलाहल न सिर्फ़ मनुष्य के व्यवहार और आचरण पर नकारात्मक असर डालता है बल्कि ध्वनि-प्रदूषण सामाजिक और कानून-व्यवस्था के लिए भी चुनौती बनता जा रहा है। अंधाधुंध लाउड स्पीकरों, म्यूज़िक सिस्टम या किसी भी ध्वनि-विस्तारक उपकरणों का उपयोग व्यवहार में चिड़चिड़ापन, झुंझलाहट ही नहीं लाता, उसे हिंसक भी बना सकता है। ध्वनि प्रदूषण का प्रभाव पशु-पक्षियों और समुद्री जीवों पर भी गहरा होता है। कई पक्षी और जंगली जानवर संचार के लिए ध्वनि पर निर्भर होते हैं। लगातार शोर से जानवरों में तनाव हार्मोन (जैसे कॉर्टिसोल) बढ़ते हैं। अत्यधिक शोर के कारण कई प्रजातियां अपने प्राकृतिक आवास को छोड़ने पर मजबूर हैं, जिसका नकारात्मक प्रभाव पारिस्थितिकी तंत्र पर पड़ता है। समुद्री जीव जैसे व्हेल,डॉल्फिन और अन्य मछलियां दिशा-निर्धारण और संचार के लिए ध्वनि तरंगों पर निर्भर करती हैं। लिहाज़ा यह समय का तकाजा है कि अब संसद ही कोई कानून पारित करे और सभी ध्वनि-विस्तारक उपकरणों के निर्माण में आवाज की सीमा (डेसिबल) अधिकतम उस मानक तक तय कर दे जो वैज्ञानिकों ने प्राणियों के लिए सुरक्षित मानी है। मैन्यूफैक्चरिंग स्तर पर ही उपकरण की अधिकतम सीमा तय हो तो इस समस्या से काफ़ी हद तक निज़ात मिल सकता है। संसद के साथ-साथ न्यायपालिका को भी सजग रहना होगा कि कार्यपालिका इन कानूनों की सख़्ती से पालन करे।

हमारे देश में बुनियादी समस्या यह है कि केंद्र और राज्य सरकारें उन कानूनों और दिशा-निर्देशों की पालना करवाने में बेहद उदासीन हैं। यही वजह है कि ध्वनि-विस्तारक उपकरणों का इस्तेमाल करने वाले स्कूलों-कॉलेजों, प्रतियोगी परीक्षाओं के केन्द्रों, गंभीर बीमारियों के मरीजों वाले अस्पतालों और रहवासी कॉलोनियों के लोगों की असुविधाओं, परेशानियों के बारे में सोचे-समझे बगैर शोर-शराबा फैलाते रहते हैं। ऐसा नहीं कि भारत या उसके विभिन्न राज्यों में ध्वनि-प्रदूषण पर अंकुश के लिए कानून नहीं बने हुए हैं, इस बारे में तो उच्चतम न्यायालय के निर्णय और दिशा-निर्देश भी हैं। ज़रूरत कानूनों,नियम-कायदों और दिशा-निर्देशों की सख्ती से पालना करने और करवाने की है।

# हमारी सोच से आगे महिलाएं, वैचारिकता बदलनें की दरकार



संजीव ठाकुर

**निश्चित तौर पर भारत में महिलाओं की मुक्ति तथा सशक्तिकरण का प्रश्न स्वतंत्रता एवं भारत की मुक्ति के साथ अनिवार्य रूप से जुड़ गया हैद्यनिश्चित तौर पर हर रात की सुबह होती है, और सुबह चमकदार और उजाले से भरपूर होती हैद्य स्वतंत्र काल से जुड़ी हुई महिला सशक्तिकरण की यात्रा आज तक अनवरत जारी हैद्य अब महिलाओं को कमजोर या असक्त समझने की भूल मत करिए और अपने विचारों को नयेपन की खिड़की से ताजी हवा दीजिए, महिलाओं को सुविधाएं मिले या ना मिले अधिकार मिले या ना मिले वे अपने प्रयासों से समाज में धीरे-धीरे अपना अहम स्थान बनाते जा रही हैं।**

आज भी महिलाएं सामाजिक राजनीतिक आर्थिक एवं सांस्कृतिक सभी मोर्चों और सवालों पर पुरुषों के समकक्ष संघर्ष करती नजर आ रही हैद्य आज राष्ट्र निर्माण में नारी अपनी भूमिका से न केवल परिचित है बल्कि उसकी गंभीर जिम्मेदारी का निर्वहन करने के लिए भी तत्पर व सक्षम हैद्य वर्तमान में भारत विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक हैद्य भारत विकास की दर आज बड़ी से बड़ी वैश्विक शक्ति से टक्कर लेने की जद पर हैद्य विकास की गाथा में देश की आधी आबादी यानी महिलाओं की भूमिका बढ़ती जा रही हैद्य अनेक सामाजिक आर्थिक विसंगतियों के बावजूद आज हर मोर्चे पर महिलाएं पुरुषों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ी होती दिखाई दे रही हैद्य यह आत्मविश्वास उन्हें सदियों के संघर्ष के बाद हासिल हुआ है, प्राचीन काल में अपाला तथा गोसा जैसी विदुषी महिलाओं ने अपनी कीर्ति पताका फैलाई थी, भारतीय समाज में उन्हें सम्मान और बराबरी का दर्जा दिया गया है ,परंतु मध्यकाल में भारत अपनी संकुचित एवं संकट दृष्टि का शिकार हो गया था महिलाओं को घर की चारदीवारी में क्या होना पड़ा थाद्य इसी के साथ कैद हो गई थी उनकी योग्यता,ऊर्जा,शक्ति, आकांक्षाएं और व्यक्तित्व विकास की संभावनाएंद्य भारत एवं भारत के बाहर विदेशों में भारतीय मूल की ऐसे सैकड़ों महिलाएं हैं जिन्होंने भारत देश का नाम रोशन किया है उनके नाम की सूची बड़ी लंबी है उनका उल्लेख न करते हुए समग्र रूप से उनका नमन करते हुए यह बताना चाहूंगा कि महिलाएं निरंतर उच्च पदों पर आसीन हो रही है इन सब के साथ सबसे पुराने बजट तथा घर के अर्थशास्त्र को संभालने की भूमिका का भी कुशलतापूर्वक सदियों से प्रबंधन करती आ रही हैद्य इसके साथ ही वे अपनी शैक्षणिक योग्यता में निरंतर सुधार कर रही है जनसंख्या गणना के आंकड़े भी इसकी पुष्टि करते हैं, महिलाएं जहां शिक्षा, प्रशासन,मेडिकल क्षेत्र, इंजीनियरिंग, स्पेस रिसर्च, विज्ञान टेक्नोलॉजी और उद्यानिकी ,एग्रीकल्चर, सेरीकल्चर और तमाम क्षेत्रों में असाधारण रूप से शिक्षा प्राप्त कर प्रगति कर रही और उच्च पदस्थ होकर कार्यों का कुशलता से संपादन कर रही हैंद्य सामाजिक कुरीतियों के विरोध में समाज को आगाह करने और उसका विरोध करने में भी महिलाएं पीछे नहीं है, फिर चाहे वह शनि सिंगनापुर हाजी अली दरगाह या तीन तलाक के मामले में इनकी सजगता ने सामाजिक परिवर्तन लाया है। सरकार भी इनकी इस भूमिका को स्वीकार करते हुए थल जल और वायु सेना में युद्धक की भूमिका मैं इनकी नियुक्ति कर रही है। हम यदि राजनीतिक क्षेत्र की चर्चा करें तो पंचायती स्तरों पर महिला प्रधानों ने गंभीर परिवर्तन के प्रयास किए, किंतु हमें यहां हमेशा स्मरण रखना चाहिए की देश के आर्थिक विकास में अभी भी महिलाओं को वह भागीदारी व सम्मान नहीं मिल पा रहा है जिसके लिए वह पूर्णरूपेण हकदार है। अंतर्राष्ट्रीय श्रम संगठन ने अपनी एक रिपोर्ट में बताया की श्रम बल भागीदारी में महिलाओं की भागीदारी 25% से भी कम हो गई है।

## शख्सियत

बढ़ता राजस्थान



**श्री गिरधारी लाल शर्मा (एडिशनल एसपी)**

नमस्कार मित्रों राजस्थान पुलिस में जांबाज अधिकारियों का जिक्र चल रहा हो और गिरधारी लाल शर्मा का जिक्र ना चले ये असंभव है। दमदार और सशक्त भूमिका में खाकी के इकबाल को बुलंद करने वाले शानदार अधिकारी के रूप में इन्हें देखा जाता हैं। इनके साथ काम करने वाले कर्मचारी व अधिकारी अपना सोभाग्य समझते हैं। एक मजबूत कोतवाल के रूप में अलवर कोतवाली पदस्थापना के दौरान इनकी बेहद शानदार कार्यशैली देखने को मिली। अपराधियो के लिए भय व आमजन के लिए विश्वास के पुलिस स्लोगन को संरक्षित करने वाले अधिकारी हैं। अलवर शहर कोतवाल रहते हुए ही पदोन्नत होकर डिप्टी एसपी बन गए थे। अलवर रहकर बड़े-बड़े बदमाशों की सिट्टी पिट्टी गुम की थी। अनेको मामले व ब्लाइंड केस का खुलासा कर अपराधियों को उनके सही ठिकाने पहुँचाया। अलवर के बाद चुरू व सीकर में बदमाशो को बताया कि खाकी के इकबाल मे कितनी ताकत है। मुझे इनकी कही एक बात आज भी याद है इन्होंने कहा कि रूपक जी मेरा सिद्धान्त है कि अपराधी एक बानगी पुलिस की पकड़ से छूट भी जाए तो कोई खास बात नहीं वो तो आज नहीं तो कल अपनी आदतों से पुलिस के हत्थे चढ़ ही जाएगा लेकिन कोई बेकसूर पकड़ में ना आ जाए। मैं सल्यूट करता हूं इंसानियत के धर्म को परायणता पर उकेरने वाले इस व्यक्तित्व का। सच मे हर काम यदि ये समझ कर किया जाए कि ईश्वर देख रहा है हमसे गलतियां होने की गुंजाइश ना के बराबर हो जाती है। टीम बढ़ता राजस्थान इनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करती है।

**रूपक शर्मा**

## 2025_078

बढ़ता राजस्थान

**Suduko**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | | 1 | 6 | | 4 | | |
| 3 | 1 | | | 4 | | | | 8 |
| | 6 | 4 | | 3 | 2 | | 1 | 9 |
| 2 | 9 | | | | 6 | 7 | 5 | |
| | | | 5 | | 8 | 3 | 6 | |
| 5 | | 6 | | | | | | 1 |
| | | 3 | 6 | | | 1 | | |
| 9 | 8 | 1 | | | 3 | 2 | 4 | 6 |
| 6 | 5 | 2 | | | | 9 | | |

**Ans_2025_077**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 6 | 5 | 9 | 1 | 7 | 8 | 4 |
| 4 | 5 | 8 | 2 | 7 | 6 | 9 | 3 | 1 |
| 7 | 1 | 9 | 3 | 4 | 8 | 6 | 5 | 2 |
| 9 | 3 | 1 | 4 | 6 | 5 | 2 | 7 | 8 |
| 8 | 6 | 2 | 9 | 3 | 7 | 1 | 4 | 5 |
| 5 | 4 | 7 | 1 | 8 | 2 | 3 | 9 | 6 |
| 2 | 9 | 3 | 8 | 1 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 7 | 4 | 6 | 5 | 3 | 8 | 2 | 9 |
| 6 | 8 | 5 | 7 | 2 | 9 | 4 | 1 | 3 |

### कैसे खेलें

वर्ग को 1 से 9 तक अंकों से ऐसे भरें कि आड़ी व खड़ी पंक्ति के साथ ही 3 गुणा 3 के बॉक्स में 1 से 9 तक अंक आएं। काई अंक दुबारा नहीं आए।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, आपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

### मेष
मानसिक व्यग्रता को दूर करने के लिए आध्यात्मिकता, योग का सहारा लें। महिला और पानी से बचकर रहें। अभ्यास के लिए समय मध्यम है। आज आप को ज्यादा संवेदनशील एवं भावुकता भरे विचार आएंगे।

### वृष
महिलाओं के बारे में विशेष ध्यान रखें। वाणी एवं व्यवहार में सावधानी बरतें। विदेश से कोई समाचार मिल सकता है। कानूनी बातों का निर्णय सोच-समझकर करें। आज घर, परिवार एवं व्यापार जैसे तमाम क्षेत्रों में आको लाभ होगा।

### मिथुन
आज आपको काफी संवेदनशीलता का अनुभव होगा। इस कारण किसी के द्वारा आपकी भावना को ठेस पहुंच सकती है। आज आपको मां की बीमारी की चिंता होगी। मकान या जमीन के दस्तावेजी काम आज न करें।

### कर्क
काम का बोझ ज्यादा रहेगा। नए काम की शुरुआत न करें। शारीरिक स्वास्थ्य बिगड़ेगा। मन बेचैन एवं चिंतित रहेगा। वाणी पर संयम रखें। आज आपका दिन शुभ है। व्यापार बढ़ाने को लेकर आपके प्रयास रंग लाएंगे। कमिशन, ब्याज से आपकी आय में वृद्धि होगी।

### सिंह
मित्रों के साथ आनंददायक प्रवास होगा, तो दांपत्यजीवन में भी आप ज्यादा निकटता बना सकेंगे। धनप्राप्ति के लिए भी शुभ समय है। अविवाहितों को जीवनसाथी की तलाश में सफलता मिलेगी।

### कन्या
आज आप के लिए नौकरी में पदोन्नति के योग हैं। आप पर अधिकारियों की कृपा दृष्टि रहेगी। परिवार में उत्सव और उल्लास का माहौल बना रहेगा। मन में भावनात्मकता बढ़ेगी। मां की ओर से फायदा होगा।

### तुला
आज रिश्तेदार एवं मित्रों के साथ मुलाकात से आप आनंद का अनुभव करेंगे। आपको पहले थोड़ी मुसीबत हो सकती है, आपके जरूरी काम भी शुरुआती विलंब के बाद आसानी से पूरे होने पर शांति का अहसास करेंगे।

### वृश्चिक
प्रवास, सुंदर भोजन एवं प्रियजन के साथ से आप रोमांचित रहेंगे। पत्नी के संग से मन प्रसन्न रहेगा। आज आपको कोर्ट-कचहरी से जुड़े मामलों के लेकर सावधानी बरतने की सलाह दी जाती है। आज मन भावनाओं से व्यथित रहेगा।

### धनु
अनुकूल वातावरण रहेगा और साथियों का सहयोग मिलेगा। आज आप प्यार एवं भावना के प्रवाह में रहेंगे। दोस्त, स्वजनों और रिश्तेदारों की ओर से कोई उपहार मिल सकता है। आप उनके साथ अपना दिन खुशी में गुजार सकेंगे।

### मकर
दूसरों की ओर से चिंता कम होगी। इस कारण आप का मन खुश रहेगा। परिजनों या दोस्तों के साथ अच्छे भोजन का अवसर मिलेगा। कोई आकस्मिक यात्रा हो सकती है। आर्थिक मामलों से संबंधित व्यवस्था कर सकेंगे।

### कुंभ
अधिकारियों का रवैया नकारात्मक रहेगा। विरोधियों के साथ वाद-विवाद न करें। संतान से मतभेद हो सकते हैं। यात्रा की संभावना है। धनखर्च होगा। कार्य सफलता में विलंब होने के कारण निराशा का अनुभव होगा।

### मीन
जमीन-जायदाद के दस्तावेजी काम कर सकेंगे। आपका आज का दिन प्रतिकूलताओं एवं अनुकूलताओं से भरा होगा। लेखन-साहित्य से जुड़े काम कर सकेंगे। हांलाकि, व्यवसायिक स्थल पर प्रतिकूल परिस्थिति रहेगी। काम समय से पूरा नहीं होगा।

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो.नं. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक मो.नं.9414823448 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो.नं. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.नं.7023350734 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# हर किसान को बनवाना अनिवार्य होगा फॉर्मर आईडी कार्ड

## जिला कलक्टर ने की फॉर्मर रजिस्ट्री शिविरों में पहुंचकर फॉर्मर आईडी बनवाने की अपील

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** किसानों को डिजिटल रूप से सशक्त बनाकर उन्हें जन कल्याणकारी योजनाओं से लाभांवित करवाने के लिए फार्मर रजिस्ट्री एग्रीस्टैक परियोजना शुरू की गई है। जिसके तहत जिले में तहसील वार शिविरों का आयोजन कर किसानों की फॉर्मर आईडी बनाई जा रही हैं। जिला कलक्टर शुभम चौधरी ने बताया कि फार्मर रजिस्ट्री एग्रीस्टैक परियोजना के तहत प्रत्येक किसान का रजिस्ट्रेशन कर किसान को 11 अंको की विशिष्ट किसान आईडी आवंटित कर किसानों को डिजिटल पहचान प्रदान की जा रही है। जो भविष्य में किसान सम्मान निधि, कृषि ऋण, फसल बीमा, फसल सर्वे, स्वामित्व हस्तातरण, किसान क्रेडिट कार्ड, न्यूनतम समर्थन मुल्य व अन्य ऋण का लाभ प्राप्त करने के लिए आवश्यक होगी। सभी किसानों के लिए फार्मर रजिस्ट्री शिविरों में पंजीयन करवाना अनिवार्य हैं। जिला कलक्टर ने कृषकों को अधिकाधिक शिविरों में पहुंच कर अपनी आईडी बनवाने की अपील की। उन्होंने ने बताया कि जिन ग्राम पंचायतों में शिविरों का आयोजन किया जा चुका है वहां जो किसान पंजीयन करवाने से वंचित रह गए है वह संबंधित पटवारी से सम्पर्क कर अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते है। यूनिक आईडी के बिना किसानों को किसान सम्मान निधि व फसल बीमा आदि योजनाओं का लाभ नहीं मिल सकेगा।

### फोलोअप शिविर आज से

तहसीलदार नीरू सिंह ने बताया कि तहसील क्षेत्र सवाईमाधोपुर की जिन ग्राम पंचायतो में फार्मर रजिस्ट्री कैम्पो का आयोजन किया जा चुका है , उनमे किसी कारणवश किसान द्वारा अपना रजिस्ट्रीकरण नही करवाया हैं । उन किसानों के रजिस्ट्रेशन के लिए 24 मार्च से 31 मार्च तक प्रात: 9 30 से सांय 6 बजे तक तहसील कार्यालय सवाईमाधोपुर में फॉर्मर रजिस्ट्री का आयोजन किया जाएगा। रजिस्ट्रेशन से वंचित रहे किसान किसी भी दिवस में स्वयं का आधार कार्ड, जमाबन्दी एवं आधार से लिंक मोबाइल को साथ मे लाकर अपना रजिस्ट्रेशन कर सकते हैं।

# आदिनाथ जन्मकल्याणक महामहोत्सव मनाया धूमधाम से

## महोत्सव को लेकर निकाली प्रभात फेरी

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** सकल दिगंबर जैन समाज के तत्वावधान में आर्यिका श्रुतमति, सुबोधमति एवं विशेषमति माताजी के सानिध्य में जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान का जन्मकल्याण महामहोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। विज्ञातीर्थ कमेटी के अध्यक्ष सुनील भाणजा एवं हितेश छाबड़ा ने बताया की रविवार को निवाई के सभी जिनालयों में आदिनाथ भगवान का जन्मकल्याणक धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रात: कालीन बेला में प्रभात फेरी निकाली गई। जिसमें आचार्य शांतिसागर पाठशाला के छोटे बच्चों ने जैन धर्म की ध्वजाएं लेकर भगवान आदिनाथ के जयकारे लगाते हुए एवं जैन समाज के सभी युवा एवं महिला-पुरूषों द्वारा प्रभात फेरी निकाली। विमल जौंला ने बताया कि प्रभात फेरी श्री शांतिनाथ दिगंबर जैन अग्रवाल से रवाना होकर भगवान महावीर मार्ग, श्री दिगंबर बड़ा मंदिर होते हुए नसियां मंदिर पहुंची। जहां पर सभी गुरु भक्तों ने माताजी से आशीर्वाद लिया। उसके पश्चात भगवान आदिनाथ का अभिषेक, शांतिधारा एवं ऋषभदेव समवशरण मंडल विधान की पूजा, नवदेवता पूजा, भक्तामर पूजा, देवशास्त्र गुरु पूजा व भगवान आदिनाथ पूजा की गई। उसके बाद माताजी ने धर्म सभा को संबोधित किया। नवरत्न टोंग्या व योगेंद्र सिंघल ने बताया कि ऋषभदेव भगवान का जन्मकल्याणक महामहोत्सव संपूर्ण विश्व में धर्म प्रभावना के साथ बहुत ही धूमधाम से मनाया गया।

# आदिनाथ जयन्ती पर निकली भव्य शोभायात्रा

## शहरवासियो ने पुष्पवर्षा कर किया स्वागत, प्रथम तीर्थंकर आदिनाथ भगवान के जयकारो से गूंजा शहर

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय ) ।** सकल जैन समाज के तत्वावधान में रविवार को प्रथम तीर्थंकर भगवान आदिनाथ की जयन्ती पर शोभा यात्रा सहित अन्य कई धार्मिक कार्यक्रमो का आयोजन हुआ। आदिनाथ भगवान के मन्दिर से बेण्डबाजो के साथ भव्य एवं विशाल जुलुस रवानाहुआ। जुलुस में महिला बेण्डवादन का दल आकर्षण का केन्द्र रहा। जुलुस शहर के सभी मुख्य बाजारो से होकर वापस आदिनाथ भगवान के मन्दिर पहुंचा। जुलुस का शहर में अनेक स्थानो पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। जुलुस में शामिल सकल जैन समाज के बंधुओं ने सम्पूर्ण शहर को आदिनाथ भगवान के जयकारो से गूंजायमान किया। आदिनाथ जयन्ती की पूर्व संध्या पर शहर में वरघोड़ा जुलुस निकाला गया। यह जुलुस शहर के सभी बाजारो व मार्गो से होकर मन्दिर पहुंचा।

# स्वर्णकार समाज की मेहनत व कार्य के प्रति समर्पण से प्रेरणा लेने की आवश्यकता : जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी

## श्री मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज व ज्वैलर्स एसोशियसन की जिला कार्यकारिणी का हुआ दायित्व भार ग्रहण समारोह

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय ) ।** प्रदेश के जलदाय मंत्री एवं क्षैत्रीय विधायक कन्हैयालाल चौधरी ने कहा है कि स्वर्णकार समाज की कार्य के प्रति कड़ी मेहनत व समर्पण से अन्य समाज को प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। जलदाय मंत्री रविवार को महेश सेवा सदन में श्री मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज एवं ज्वैलर्स एसोशियसन की जिला कार्यकारिणी का दायित्व भार ग्रहण समारोह को मुख्य अतिथि के रूप में सम्बोधित कर रहे थे। इस अवसर पर जलदाय मंत्री चौधरी ने कहा कि स्वर्णकार समाज मेहनतकश समाज है। अन्य समाज के लोगो को स्वर्णकार समाज से सीख लेकर मेहनत करने की प्रेरणा लेनी चाहिए। चौधरी ने कहा कि स्वर्णकार समाज अपने आप में बहुत बड़ा समाज है। स्वर्णकार समाज के लोग प्रदेश के गांव गांव ढाणी ढाणी शहर शहर में रहकर अपनी कड़ी मेहनत कर अपने परिवार का पालन पोषण करने के साथ साथ स्वर्णकार समाज की पहचान



कायम रखे हुए है। चौधरी ने कहा कि मंच द्वारा समाज की व्याप्त समस्याओं को रखा है। उन्होंने आश्वासन दिया कि समाज की ओर से बताई गई समस्याओं को मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के सामने रख कर समाधान करवाने का प्रयास किया जाएगा। एसोशियसन के प्रधान संस्थापक हंसराज कडेल ने कहा कि स्वर्णकार समाज अपने कार्य को पूर्ण ईमानदारी से करता आ रहा है। ज्वैलर्स एसोशियसन के प्रदेशाध्यक्ष रमेश कड़ेल ने मांग रखते हुए कहा कि प्रदेश के हर क्षैत्र में निवास करने वाले समाज के मतदाता सरकार को बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता आ रहा है। फिर भी समाज को राजनेतिक दृष्टि से विशेष तवज्जो नहीं दी जाती। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि समाज को विधायक सांसद का टिकिट नहीं चाहिए लेकिन सरकार की ओर से समाज को सरंक्षण प्रदान करने के लिए स्वर्णकार कला बोर्ड का गठन कर समाज के किसी भी व्यक्ति को इसका अध्यक्ष बनाया जाए। समारोह को पालिकाध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष जिनेन्द्र मेन्दवास्या, किशनलाल सोनी, राजकुमार सोनी, गणपतलाल, राजकुमार सहित अन्य समाज के पदाधिकारियो ने सम्बोधित किया। समारोह के दौरान श्री मेढ़ क्षत्रिय स्वर्णकार समाज एवं ज्वैलर्स एसोशियसन के जिलाध्यक्ष रामप्रसाद तूणगर, जयवर्धन सोनी, अक्षय सोनी सहित सम्पूर्ण जिला कार्यकारिणी को पदभार ग्रहण करवाया गया। सभी अतिथियो का श्री मेढ़ स्वर्णकार समाजम मालपुरा सहित ज्वैलर्स एसोशियसन मालपुरा की ओर स्वागत सम्मान किया गया। समारोह का सफल संचालन कैलाश सोनी बृजलालनगर, सत्यनारायण सोनी व देवीशंकर सोनी ने संयुक्त रूप से किया।

# गांव बारेड़ा को बस्सी में यथावत रखने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने विधायक रामसहाय वर्मा को सौंपा ज्ञापन

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** गांव बारेड़ा को ग्राम पंचायत बस्सी में यथावत रखने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने विधायक रामसहाय वर्मा को ज्ञापन सौपा है। ग्रामीण भंवरसिंह राजावत, भरतलाल मीणा, गोकुल मीणा, जगराम कटारिया, रामपाल यादव, हंसराज यादव, पप्पू चौधरी, नन्दसिंह राजावत, सुरजन गुर्जर, श्योराज मीणा, हनुमान मीणा, हरिनारायण मीणा, विनोद यादव, रामलाल गुर्जर, नरशी गुर्जर, मनोज यादव व जीतराम जाट सहित कई ग्रामीण ने बताया कि राज्य सरकार द्वारा ग्राम पंचायतो के पुनर्गठन हेतु प्रस्ताव मांगे गये है। इस विषय में आप जन मे चर्चा है कि ग्राम बारेडा को



वर्तमान ग्राम पंचायत बस्सी से हटाया जाकर ग्राम किंवाडा के साथ नवीन ग्राम पंचायत का गठन किया जा रहा है।

इस कम मे निवेदन है कि राजस्व ग्रामो के नक्शे में तो दोनो गांवो को पडोसी दर्शाया जाता है परंतु भौगोलिक रूप से लगभग चार किलोमीटर लम्बी एक पर्वत श्रंखला दोनो गांवो को अलग करती है जिससे बारेडा से किंवाडा का पहुंच मार्ग लगभग 7 से 8 किलोमीटर का होता है, जबकि वर्तमान पंचायत मुख्यालय बस्सी से बारेडा की दूरी 2 से 3 किलोमीटर है जो साधन विहीन एवं एकल महिलाओ के पैदल पहुंच मार्ग में है। ऐसी स्थिति में किंवाडा के साथ ग्राम पंचायत गठन में ग्राम वासियो को अत्यन्त कठिनाइयों का सामना करना पडेगा। उन्होंने विधायक वर्मा से ग्राम पंचायत पुनर्गठन प्रस्ताव में ग्राम बारेडा को किंवाडा के साथ न जोडा जाकर पूर्वानुसार ग्राम पंचायत बस्सी में ही रखने की मांग की है।

# एईएन के खिलाफ महिला अधिकारी ने दर्ज कराया रेप का मामला

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** रसद विभाग में प्रवर्तन अधिकारी के पद पर कार्यरत एक महिला अधिकारी ने सार्वजनिक निर्माण विभाग के सहायक अभियंता के खिलाफ बलात्कार, गर्भपात कराने सहित मारपीट करने का मामला जिले के एक थाने में दर्ज कराया है। इसमें बताया कि वह तथा आरोपी अरविंद मीना वर्ष 2022 में सवाईमाधोपुर जिले में ही कार्यरत थे। अरविंद से उनकी दोस्ती फेसबुक के जरिए हुई। महिला अफसर ने बताया कि उसका अपने पति से तलाक का मुकदमा चल रहा था। इस पर अरविंद ने कहा कि वह उसका तलाक करवा देगा और शादी कर लेगा। शादी का प्रलोभन देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए। इस दौरान आरोपी ने जयपुर, लालसोट सहित विभिन्न जगहों पर बुलाकर उसे डरा धमका कर शारीरिक शोषण किया। साथ ही दो बार जबर्दस्ती गर्भपात करवाया।

**आरोपी के भाई नेभी किया रेप :** इस दौरान आरोपी के भाई ने भी प्रताडित किया और भाई से दूर रहने को कहा। साथ ही उसने भी विश्वास में लेकर बलात्कार किया। महिला अफसर का आरोप है कि 11 नवम्बर 2024 को आरोपी ने उसके साथ जयपुर में मारपीट की। इस दौरान वह उसे लहूलुहान हालत में मालवीय नगर सात नम्बर चौराहा पर छोड़ गया, जहां से राहगीरों ने उसे अस्पताल में भर्ती करवाया। वह इन कृत्यों के कारण सदमे में चली गई और रिपोर्ट नहीं करवा सकी। महिला अफसर ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट देकर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# पहचान पोर्टल पर दी जा रही विभिन्न सुविधाएं

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग द्वारा संचालित पहचान पोर्टल पर आमजन के लिए विभिन्न सुविधाएं प्रदान की जा रही है। उप निदेशक आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग डॉ डिंपल गुर्जर ने बताया कि आमजन की सुविधा हेतु पहचान वेब पोर्टल मोबाईल ऐप पर उपलब्ध है। इसी के साथ आमजन को पंजीकरण हेतु ऑन-लाइन, ई-मित्र एवं निजी चिकित्सालयों के माध्यम से आवेदन एवं प्रमाण पत्र प्राप्त करने की सुविधा, डिजिटली और ई-साईन युक्त प्रमाण पत्र की सुविधा, 'पहचान' पोर्टल पर ई-सर्टिफिकेट की ओटीपी के माध्यम से डाउनलोड की सुविधा, राज ई-वोल्ट एवं डिजीलोकर पर प्रमाण पत्रों के सुरक्षित रखने की सुविधा, नागरिकों को पंजीकरण की एसएमएस व ईमेल से सूचना, आवेदक के जन आधार एवं आधार संख्या से सत्यापन की सुविधा, पहचान वेबपोर्टल का अन्य विभाग के पोर्टलों से इन्ट्रीग्रेशन की सुविधा, जन्म-मृत्यु के पुराने रिकॉर्ड्स के डिजिटलाईजेशन एवं स्केनिंग की सुविधा, उपयोगकर्ताओं के जारी प्रमाण-पत्रों के सत्यापन की सुविधा, दोहरे पंजीकरण पर रोक की व्यवस्था, केन्द्रीकृत डेटा बेस तैयार होना, विभागीय स्तर पर विभिन्न प्रशासनिक रिपोर्ट की तुरंत उपलब्धता आदि सुविधाएं दी जा रही है।

### जारी हुए इतने प्रमाण -पत्र

उन्होंने बताया कि नियत समय पर जिले में 01 जनवरी, 2025 से 28 फरवरी 2025 तक पहचान पोर्टल पर प्राप्त जन्म के कुल 8206 प्राप्त आवेदनों में से कुल 8085 जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु के प्राप्त कुल 1480 आवेदनों में से 1438 मृत्यु प्रमाण - पत्र, विवाह के कुल प्राप्त 2479 आवेदनों में से 2405 विवाह पंजीयन प्रमाण - पत्र जारी किए गए हैं। साथ ही माह मार्च, 2025 में भी जिले में कुल 322 जन्म प्रमाण पत्र, 122 मृत्यु प्रमाण पत्र तथा 152 विवाह प्रमाण पत्र भी पहचान पोर्टल के माध्यम से जारी किए गए है।

# शहीदी दिवस पर रक्तदान शिविर का हुआ आयोजन, 65 रक्तवीरों ने किया रक्तदान

बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** शहीद दिवस के अवसर पर जीवनदाता फाउंडेशन एवं जगदम्बा फाउंडेशन निवाई व निफा के सयुक्त तत्वाधान में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी,श्याम मित्र मंडल अध्यक्ष रवि अग्रवाल,सर्वेश द्विवेदी,पूर्व सरपंच मुरली मीणा मुंडिया,रामसहाय मीणा किवाड़ा ने फीता काटकर एवं शहीदों की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप प्रज्वलित कर किया रक्तदान शिविर का शुभारंभ। रक्तदाता जीवनदाता फाउंडेशन के मनीष मीणा ने जानकारी देते हुए बताया की श्याम मन्दिर में इंटरनेशनल अभियान 'संवेदना 2' के अंतर्गत ग्यारहवें रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष दिलीप इसरानी ने कहा रक्तदान करना पुण्य का काम है जीवन मे हर व्यक्ति को समय समय पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए।मनीष मीणा ने कहा कि देश के वीर शहीदों



भगतसिंह,सुखदेव,राजगुरु के 94 वें शहादत दिवस पर हमारी टीम द्वारा रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमें 65 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया,जिनको प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर सम्मानित किया गया।

पधारे अतिथियों का माल्यार्पण कर एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। रक्तदान करने वालो में काफी उत्साह देखा गया। इस दौरान डॉक्टर ओम नारायण मीणा,डॉक्टर महेंद्र कुमार जेन, वरिष्ठ कम्पाउंडर लक्ष्मी नारायण मीणा,डॉ.आकांक्षा तंवर,डॉ. रामजीलाल बैरवा,डॉ. अवधेश जैन,पूर्व पार्षद आलोक मीणा,दुर्गा लाल,घनश्याम बरथल,युगल किशोर,राकेश, रामेश्वर,चंद्रांश, कुलदीप, सोनू,विष्णु,हेमराज,बाबू सहित टीम के कई सदस्य मौजूद रहे।

# रक्तदान शिविर का पालिकाध्यक्ष ने किया शुभारम्भ

## जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी ने रक्तदान दाताओं का बढ़ाया हौसला

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय ) ।** मानव मित्र मंडल सेंवा संस्थान मालपुरा के तत्वावधान में अमर शहिद भगत सिंह, राजगुरू व सुखदेव के शहिद दिवस पर तृतीय विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया। रविवार को अदालत परिसर में आयोजित शिविर का नगरपालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी ने दीप प्रज्जलवित कर शुभारम्भ किया। संस्थान के नोरतमल रेगर ने बताया कि संस्थान के तत्वावधान में यह तृतीय शिविर आयोजित किया गया। शिविर में रक्तदान दाताओं की कतारे लगी रही।

वहीं शिविर में रक्तदान करने वाले रक्तदान दाताओं का हौसला बढ़ाने के लिए प्रदेश के जलदाय मंत्री कन्हैयालाल चौधरी शिविर आयोजन स्थल पर पहुंच कर रक्तदान करने वालो से मिले। इस दौरान आयोजन संस्था की ओर से जलदाय मंत्री चौधरी व



पालिकाध्यक्ष सोनी का स्वागत सम्मान किया गया। रैगर ने बताया कि शिविर में रक्तदान करने वालो का प्रतीक चिन्ह प्रदान कर व दुपट्टा औढ़ा कर सम्मान किया गया।

# ज्ञानचन्द जैन होगें भारत परिषद के आगामी अध्यक्ष, रामजीलाल बैरवा सचिव व सुनील परतानी होगें वित्त सचिव

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय ) ।** भारत विकास परिषद शाखा मालपुरा की वर्ष 2025-26 के लिए सर्वसम्मति से नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया।.पषिद प्रवक्ता दिनेश विजय ने बताया कि परिषद की आवश्यक बैठक आयोजित हुई। बैठक में ताराकान्त पाठक ने आगामी अध्यक्ष पद के लिए सेवानिवृत लेखाकार ज्ञानचन्द जैन के नाम का प्रस्ताव रखा। बैठक में मौजुद अध्यक्ष रामजीलाल शर्मा सहित अन्य सभी सदस्यो ने इस प्रस्ताव का सर्वसम्मति से अनुमोदन किया। वहीं परिषद की नवीन कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें परिषद सचिव के लिए रामजीलाल बैरवा तथा वित्त सचिव के लिए सुनील परतानी के नाम का अनुमोदन किया गया। बैठक में मौजुद सदस्यो ने नए पदाधिकारियो का मालाऐं पहना कर स्वागत किया। वहीं नए अध्यक्ष ज्ञानचन्द जैन ने विश्वास दिलाते हुए कहा कि परिषद की परम्परा का निर्वहन करते हुए सभी सदस्यो की राय व साथ लेकर सेवा कार्य का संकल्प लिया। बैठक में रामजीलाल शर्मा, ताराकान्त पाठक, त्रिलोक विजय, शशिकान्त पाठक, अरविन्द टेलर, डा. राजकुमार गुप्ता, सेवानिवृत वैद्य कृष्णगोपाल शर्मा, जयनारायण जाट, महिला प्रमुख नेहा विजय, मोतीलाल कारवाल सहित अन्य सभी सदस्य मौजुद रहे।





# गोपाल लाल जाट होगें शिक्षक संघ प्रगतिशील के नए अध्यक्ष

## मंत्री पद पर लगातार दसवीं बार राजेन्द्र मोली को सौंपा गया पदभार

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय ) ।** राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील की मालपुरा ब्लाक कार्यकारिणी के गठन के लिए रविवार को एमपीएस शिक्षण संस्थान बृजलालनगर में आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में चुनाव प्रभारी के रूप में महासंघ जिलाध्यक्ष एवं कार्यकारी प्रदेशाध्यक्ष जसवंत सिंह नरूका, न्यायिक सरंक्षक सत्यनारायण शर्मा, चुनाव पर्यवक्षक व जिलाध्यक्ष धनराज सिंह , राजाराम जाट ब्लाक अध्यक्ष टोंक मौजुद रहे। बैठक में सर्वसम्मति से संघ की मालपुरा की नवीन ब्लाक कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सरंक्षक रामनारायण चौधरी, गोपाललाल जाट ब्लाक अध्यक्ष, रामेश वरलाल जाट सभाध्यक्ष, व महामंत्री पद लगातार दसवीं बार राजेन्द्र माली को मनोनीत किया गया। बैठक में मौजुद संघ के सदस्य शिक्षको ने संघ के नए पदाधिकारियो का स्वागत सम्मान किया।

# जो जीता हमारे लिए बस वही सिकंदर...



इस दुनियां में कोई किसी का नहीं बस सब बनी के यार हैं। रविवार को एक ऐसा ही वाक्या सामने आया। कम्पनी बाग के चुनाव के लिए खड़े हुए दो उम्मीदवारों में से एक प्रत्याशी कृष्ण कुमार खण्ड़ेलवाल द्वारा एक ग्रुप बनाया गया ताकि सोशल मीडिया के इस जमाने में लोगों को अपने पक्ष में मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा सके। उस ग्रुप में लोगों ने मोबाईल के स्क्रीन शॉट डाल कर सामने वाले प्रत्याशी की जमकर बुराई भी की। ग्रुप के सक्रिय सदस्यों ने दस दिन से एडमिन कृष्ण खण्डेलवाल को विजयी बनाया हुआ था लेकिन रविवार शान्तिपूर्ण चुनाव सम्पन्न के बाद जैसे ही रिजल्ट सामने आया तो विपक्षी दल के प्रत्याशी श्रवण कुमार 198 मतों से विजयी घोषित हो गए। ऐसे में तुरंत प्रभाव से ग्रुप के सदस्यों ने श्रवण कुमार को बधाई देने का क्रम शुरू किया और ग्रुप में ही सैकड़ों की संख्या में बधाईयां प्रेषित होनें लगी जो सुबह से हारने वाले प्रत्याशी के साथ खड़े थे वे जितने के बाद उसके बन गए। ये कुछ गलत नहीं है मित्रों यहां दुनिया का रिवाज ही ऐसा है। डूबते जहाज में कोई नहीं बैठता। यहां लोग मिनट से पहले अपने अस्तित्व को बदल डालते हैं तो ये महज एक समिति का चुनाव है। माफ करना बुरा लगा तो लेकिन सत्य यही है ये पब्लिक उसी की है जो जीता.. हारने वाले के पास तो सिर्फ हिसाब की पर्ची होती है कि कितना पैसे से लुट गया।

**रूपक शर्मा**

# 'टीबी हारेगा देश जीतेगा' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सक्रिय सामुदायिक भागीदारी आवश्यक : शर्मा

## उत्कृष्ट कार्य करने पर जिले की 231 ग्राम पंचायतों के सरपंच/प्रशासकों एवं ग्राम स्तरीय कार्मिकों को प्रशस्ति पत्रा एवं गांधीजी की प्रतिमा भेंट कर किया गया सम्मानित

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री संजय शर्मा ने रविवार को अलवर प्रताप ऑडिटोरियम में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत कर टीबी से मुक्त हुई जिले की 231 ग्राम पंचायतों के सरपंच/प्रशासकों एवं ग्राम स्तरीय कार्मिकों को प्रशस्ति पत्र एवं गांधीजी की प्रतिमा भेंट कर उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया। मंत्री शर्मा ने विश्व क्षयरोग दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित टीबी मुक्त ग्राम पंचायत के जिला स्तरीय कार्यक्रम में कहा कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने टीबी मुक्त भारत अभियान की शुरुआत की थी। इसका उद्देश्य टीबी उन्मूलन की दिशा में सामुदायिक सहायता प्रदान करना है। उन्होंने कहा कि टीबी रोगियों के उपचार में हर संभव मदद करें, ताकि टीबी मुक्त भारत के राष्ट्रीय लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके। उन्होंने सक्षम लोगों से निक्षय मित्रा बनकर टीबी के इलाज में अतिरिक्त निदान और पोषण की सहायता प्रदान करने जोर दिया। उन्होंने कहा कि 'टीबी हारेगा देश जीतेगा' के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए सामुदायिक भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने अभियान को लेकर सरकार की मंशानुरूप चिकित्सकों व कार्मिकों को कार्य करने के निर्देश दिए। मंत्री शर्मा ने वर्ष 2023 में टीबी से मुक्त हुई जिले की 231 ग्राम पंचायतों के प्रशासकों एवं ग्राम स्तरीय कार्मिकों को प्रशस्ति पत्रा एवं गांधीजी की प्रतिमा भेंट कर उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. योगेन्द्र शर्मा ने बताया कि राज्य स्तर पर संचालित टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान के तहत वर्ष 2024 में जिले की 231 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया है जो कि राज्य सरकार द्वारा निर्धारित 6 मापदंडों को पूरा करने मे सफल रही है। इसके अलावा वर्ष 2023 में कुल 30 एवं वर्ष 2022 में जिले की 6 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया गया। इन सभी टीबी मुक्त ग्राम पंचायतों के सरपंचों को कांस्य एवं जोग ग्राम पंचायतें विगत वर्षों में भी टीबी मुक्त घोषित हुई उन्हें रजत पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।

जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. कपिल भारद्वाज ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी 24 मार्च को विश्व क्षय रोग दिवस का आयोजन जिला एवं ब्लॉक स्तर पर किया जाएगा एवं अलवर शहर में जीएनएम छात्रा-छात्राओं द्वारा टीबी रोग के प्रति आमजन को जागरूक करने हेतु जागरूकता रैली आयोजित की जाएगी। भारत सरकार के स्तर पर निर्णय लिए जाने पर इन्हें टीबी मुक्त ग्राम पंचायत घोषित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि विश्व क्षय रोग दिवस पर दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय स्तरीय कार्यक्रम में भाग लिया जाएगा जिसमें केंद्रीय चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री श्री जे.पी नड्डा टीबी मुक्त ग्राम पंचायत अभियान एवं 100 दिवसीय टीबी मुक्त अभियान को उद्घोषित करेंगे। इस दौरान एडीएम प्रथम मुकेश कायथवाल, सीएचएमओ खैरथल-तिजारा डॉ. अरविन्द गेट, आईएमए प्रेसिडेंट डॉ. एस.सी मित्तल, डॉ. अजीत सिंह, गिरिश गुप्ता, डीपीसी डॉ. शैलेन्द्र शर्मा एवं लव शर्मा सहित स्टाफगण एवं नर्सिंग विद्यार्थी मौजूद रहे।

# आग के शहर में बारूद बनाते क्यों हो? शहीद भगत सिंह बलिदान दिवस पर गूंजे गीत

बढ़ता राजस्थान



**अलवर (का.स.)।** भारतीय स्वाधीनता संग्राम के अमर सेनानी शहीद भगत सिंहए सुखदेव एवं राजगुरू का 94वां बलिदान दिवस समारोह जोश.खरोश के साथ मनाया गया। कार्यक्रम को आकर्षक बनाने के लिए भगत सिंह चौराहे को रंग बिरंगे बैनर व झण्डों से सजाया गया। चौराहे पर प्रातरू से ही देशभक्ति के गीतों ने माहौल को जोशमय बना दिया। शहीद भगतसिंह बलिदान दिवस समारोह समिति के संयोजक जोगेन्द्र सिंह कोचर एवं सचिव प्रमोद मलिक ने बताया कि आज प्रातरू 8 बजे भगत सिंह चौराहे पर बडी तादाद में समाज के सभी वर्गों के लोगों ने भगत सिंह की प्रतिमा पर माल्यापर्ण कर आजादी के आन्दोलन में कुर्बानी देने वाले सभी शहीदों को नमन किया। इस अवसर पर कववाल हुकम चन्द रौनक एण्ड पार्टी ने ष्ऐसे माहौल पर इल्जाम लगाते कयों हो, आग के शहर में बारूद बनाते क्कयों होष् ष्हमे इन्सानियत का दीप हर दिल में जलाना हैए हमे इन मन्दिरो.मस्जिदों के झगड़े को मिटाना है, मेरा भारत निराला है जमाने भर से ,अंजुमए हमें इस देश के हर एक मजहब को बचाना है कह गये देश पर मरने वाले, यह वतन है तुम्हारे हवाले, जैसे नगमे सुनाकर लोगों को झूमने के लिये मजबूर कर दिया। शहीद भगत की प्रतिमा पर माल्यापर्ण करने वालों में मुखय अतिथि के रूप में वन एवं पर्यावरण मंत्री संजय शर्मा, संरक्षक दौलत राम हजरती, नगर परिषद आयुक्त जितेन्द्र नरूका, दीवान चन्द सेतिया, अपना घर शालीमार के निदेशक अशोक सैनी, हरमीत सिंह मेहन्दीरता, जिला कांग्रेस महासचिव हरिशंकर रावत, उद्योगपति शशांक झालानी, समाजसेवी अशोक आहूजा के अलावा निर्वाण बोधिसत्वए नगर परिषद आयुक्त जितेन्द्र नरूका, कांग्रेस जिलाध्यक्ष योगेश मिश्राए सुनील बिल्खा, डॉ० जीवन सिंह मानवी, नेक कमाई फाउंडेशन के कोर्डिनेटर अभिषेक तनेजा, अशोक कुद्दल, राजेश रवि, सहित अनेक प्रतिष्ठित एवं गणमान्य नागरिक शामिल रहे।

# कांग्रेस कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम कल

बढ़ता राजस्थान

**टहला/राजगढ़ ( राजकुमार गुप्ता)।** ब्लॉक कांग्रेस कमेटी टहला के कांग्रेस कार्यकर्ताओं से संवाद कार्यक्रम स्थानीय नोपाला महादेव मंदिर धर्मशाला परिसर में मंगलवार को आयोजित होगा। टहला पंचायत समिति सदस्य राकेश खंडेलवाल ने बताया कि प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा के निर्देशानुसार पूरे प्रदेश में कांग्रेस कार्यकर्ताओं से संवाद कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। इसी क्रम में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी टहला द्वारा कार्यकर्ता संवाद कार्यक्रम मंगलवार 25 मार्च को टहला ब्लॉक कांग्रेस कमेटी मुख्यालय पर स्थित नोपाला महादेव मंदिर धर्मशाला में दोपहर 1 बजे से आयोजित किया जा रहा है। इस संवाद कार्यक्रम को थानागाजी विधानसभा क्षेत्र के प्रभारी नितिन अग्रवाल, जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष योगेश मिश्रा, थानागाजी विधायक कांति प्रसाद मीणा , जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं थानागाजी विधानसभा प्रभारी हरिशंकर रावत, ब्लॉक अध्यक्ष हनुमान सहाय शर्मा संबोधित कर संवाद स्थापित करेंगे।

कार्यक्रम में पूर्व विधायक, विधायक प्रत्याशी, प्रधान, पूर्व प्रधान, पूर्व एवं वर्तमान जिला परिषद सदस्य, पूर्व एवं वर्तमान पंचायत समिति सदस्य, यूथ कांग्रेस, महिला कांग्रेस, कांग्रेस सेवादल एवं कांग्रेस के सभी संगठनों के पदाधिकारी उपस्थित रहेंगे।

# मंथन स्पेशल स्कूल का वार्षिकोत्सव एवं मंथन फाउंडेशन का शपथ ग्रहण समारोह हुआ आयोजित

## दीन दुखियों की सेवा से होती है सर्व सुखों की प्राप्ति : स्वामी गणेशानंद महाराज

बढ़ता राजस्थान



**बहरोड़। (सुभाष यादव)।** दिव्यांग सशक्तिकरण के क्षेत्र में पिछले दस वर्षों से कार्यरत मंथन फाउंडेशन द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए संचालित निशुल्क विद्यालय मंथन स्पेशल स्कूल का वार्षिकोत्सव कार्यक्रम रविवार को आयोजित किया गया। वहीं मंथन फाउंडेशन की बहरोड़ इकाई एवं नवगठित महिला बहरोड़ इकाई सदस्यों द्वारा शपथ ग्रहण की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महंत गणेशानंद महाराज द्वारा की गई इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि तहसीलदार अभिषेक यादव एवं जिला क्रिकेट एसोसिएशन अध्यक्ष मोहित यादव रहे इस अवसर पर मंथन की राष्ट्रीय सचिव डॉ0 सविता गोस्वामी ने अपने उद्बोधन में संस्था द्वारा दिव्यांग सशक्तिकरण के क्षेत्र किए जा रहे कार्यों पर प्रकाश डालते हुए बताया कि संस्था द्वारा दिव्यांग बच्चों के लिए निशुल्क विद्यालय व रिहैबिलिटेशन सेंटर संचालित है जिसके द्वारा क्षेत्र के दिव्यांग बच्चों को शिक्षा, रिहैबिलिटेशन, रोजगार प्रशिक्षण, सहायक उपकरण एवं सरकारी योजनाओं के लाभ से जोड़कर स्वावलंबी बनाने की दिशा में प्रयास किए जा रहे हैं। साथ ही उन्होंने संस्था द्वारा प्राप्त उपलब्धियों की जानकारी देते हुए बताया कि संस्था को किसी प्रकार का सरकारी, गैरसरकारी अथवा सीएसआर फण्ड प्राप्त नहीं है एवं अभी संस्था द्वारा किए गए सर्वे के अनुसार 200 से अधिक बच्चों को विशेष शिक्षा एवं 2000 से अधिक दिव्यांगों को रिहैबिलिटेशन सर्विसेज की आवश्यकता है। मगर भवन और फंड्स की कमी के चलते अभी सेवाओं का विस्तार कर पाना संभव नहीं है।

**,दीन दुखियों की सेवा से होती है सर्व सुखों की प्राप्ति :** दिव्यांगों के उत्थान के लिए समर्पित संस्था को सहयोग देने की अपील करते हुए महंत गणेशानंद ने कहा कि दीन दुखियों की सेवा से होती है सर्व सुखों की प्राप्ति होती है। आज के युग में समय की कमी हर व्यक्ति के पास होती है। जहाँ हम खुद के बच्चों के लिए समय नहीं निकाल पाते वहीं संस्था द्वारा विभिन्न दिव्यांगता वाले बच्चों को निशुल्क शिक्षा एवं ट्रांसपोर्ट प्रदान किया जा रहा है ऐसे में हम तन से नहीं तो आर्थिक रूप से संस्था को मदद प्रदान कर सकते हैं ।

**तहसीलदार अभिषेक यादव: दिव्यांगों को सही दिशा देने का प्रयास कर रहा है मंथन :** विशेष शिक्षा एवं रिहैबिलिटेशन सर्विसेज का गांव और छोटे शहरों में मिल पाना बड़ा मुश्किल है वहीं जागरूकता की कमी के चलते बच्चों को इन सुविधाओं का लाभ नहीं मिल पाता। मंथन ग्रामीण इलाके के बच्चों को शिक्षा एवं रिहैबिलिटेशन की जो सुविधाएं उपलब्ध करवा रहा है निश्चित ही क़ाबिले तारीफ़ है जिसका सकारात्मक परिणाम दिखाई देने लगा है। मंथन द्वारा दिव्यांग बच्चों को सही दिशा देने का प्रयास दिया जा रहा है जो निश्चित ही इन बच्चों के भविष्य को सुरक्षित करने का कार्य करेगा।

**दिव्यांगजन सम्मान :** दिव्यांगता पर जीत प्राप्त कर उपलब्धि प्राप्त करने वाले दिव्यांग साथी जो हजारों लाखों दिव्यांग की प्रेरणा बने उनको भी सम्मानित किया गया इस क्रम में पैरा ओलंपिक खिलाड़ी हरीश दौसोदिया, डांस दीवाने फेम मोनिका भारती, मूलचंद यादव, बाबूलाल खर्रा आदि को सम्मान पत्र भेंट किए गए।

### शपथ ग्रहण

इस अवसर पर मंथन के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ.पीयूष गोस्वामी, राष्ट्रीय सचिव डॉ. सविता गोस्वामी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष कर्मवीर यादव मीर, इकाई बहरोड़ के अध्यक्ष अमित कुमार यादव, सचिव डॉ0 सौरभ गौड़, कोषाध्यक्ष रोहित जैन, चार्टर अध्यक्ष प्यारेलाल सैनी, एवं महिला इकाई बहरोड़ अध्यक्ष नेहा जैन, उपाध्यक्ष रेखा गोयल, सचिव रेणु गोयल, सहसचिव अमिता यादव, कोषाध्यक्ष चेतना यादव, सहकोषाध्यक्ष शीतल अग्रवाल सहित तीस सदस्यों ने दायित्व निर्वहन एवं मंथन कार्यकारिणी की शपथ ग्रहण की।

# राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील ने मनाया होली मिलन समारोह

बढ़ता राजस्थान



**माचाड़ी/रैणी (राजकुमार गुप्ता)।** राजस्थान शिक्षक संघ प्रगतिशील का होली मिलन समारोह नंगेश्वर बाबा मंदिर माचाड़ी में प्रांतीय मुख्य महामंत्री हरिकिशन यादव के मुख्य आतिथ्य, संरक्षक तारा चंद व्यास प्रांतीय उपाध्यक्ष रघुनंदन शर्मा संभाग अध्यक्ष लल्लू राम मीणा संगठन मंत्री रोशन सैनी बाबूलाल मीणा एंव जिलाध्यक्ष अजय विजय की अध्यक्षता में मनाया गया। राजगढ़ ब्लाक अध्यक्ष मुकेश मीणा ने बताया की होली मिलन समारोह का शुभारंभ अतिथियों द्वारा नंगेश्वर बाबा की पूजा अर्चना के साथ किया गया। प्रांतीय उपाध्यक्ष रघुनंदन शर्मा ने अपनी हास्य रचनाओं द्वारा सभी का मनोरंजन किया संभाग अध्यक्ष लल्लू राम मीणा द्वारा शहीद दिवस के अवसर पर अमर शहीदों को श्रद्धांजलि देते हुए उन्हें याद किया। राजेश कंचन द्वारा श्याम बाबा के भजन की प्रस्तुति दी गई। नरेश सैनी द्वारा रंग बरसे रंग बरसे भीगे चुनरवाली गीत गया गया जिस पर उनके साथ उपस्थित सभी लोग नाचने लगे। जिलाध्यक्ष अजय विजय ने अलवर जिले की सभी तहसीलों में यथाशीघ्र कार्यकारिणी गठित करने पर जोर देते हुए संगठन के विस्तार की बात कही। कार्यक्रम के अंत में प्रांतीय महामंत्री हरिकिशन यादव द्वारा संगठन में शक्ति का महत्व बताते हुए संगठन का विस्तार किया। होली मिलन समारोह के इस अवसर पर रैणी, राजगढ़, अलवर, के अशोक मुखीजा, राजेंद्र सैनी, बिरदी चंद, कुलदीप शर्मा, अंशु सेन, राजेश सैनी, हरिमोहन मीणा, रामकरण सैनी, सुरेश कुमार, संजय कुमार सहित अनेक लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन राजेश कंचन द्वारा किया गया।

# पर्यावरण एवं वन मंत्री ने जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं सुना

## ग्रीष्म ऋतु में आमजन को सुचारू पेयजल आपूर्ति कराने व नियमित फील्ड विजिट करने के दिए निर्देश



बढ़ता राजस्थान

**अलवर (का.स.)।** पर्यावरण एवं वन राज्यमंत्री (स्वतंत्रा प्रभार) संजय शर्मा ने रविवार को अपने निवास 201,रघुमार्ग पर जनसुनवाई कर आमजन की परिवेदनाओं को सुनकर संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण करने के निर्देश दिये।

जनसुनवाई में पेयजल, नगर निगम, नगर विकास न्यास, विद्युत, पुलिस, स्थानांतरण एवं राजस्व मामलों की परिवेदनाएं प्रमुख रही। मंत्री शर्मा ने बडी संख्या में फरियादियों द्वारा पेयजल समस्या से अवगत कराए जाने पर जलदाय विभाग के अधिशाषी अभियन्ता आमजन की पेयजल समस्याओं का त्वरित समाधान करते हुए सुनिश्चित करें कि ग्रीष्म ऋतु में आमजन को पेयजल आपूर्ति के संबंध में परेशानी का सामना नहीं करने पडा। उन्होंने निर्देश दिये कि आमजन के दूरभाष, जनप्रतिनिधियों एवं अन्य माध्यमों से प्राप्त पेयजल समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए उनका त्वरित निराकरण करें। उन्होंने निर्देश दिये कि मुख्यमंत्री श्री भजनलाल शर्मा द्वारा कंटीजेंसी फण्ड को 50 लाख बढाकर एक करोड तक करने की घोषणा की गई, इसके प्रस्ताव तैयार करें। स्वीकृत बोरिंगों की ड्रिलिंग कराकर उनका मिलान कराकर उन्हें चालू करावे। पेयजल प्रभावित क्षेत्रों में टैंकरों से पेयजल आपूर्ति सुनिश्चित करावे। लीकेज पाइप लाइन को दुरूस्त करने के साथ मैन राइजिंग लाइन से अवैध कनेक्शन हटाने की कार्रवाई करें। उन्होंने निर्देश दिये कि नियमित रूप से फील्ड विजिट कर आमजन से पेयजल आपूर्ति व्यवस्था का फीडबैक लेवे। इस दौरान जलदाय विभाग के अधिशाषी अभियन्ता संजय सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं बडी संख्या में फरियादी मौजूद रहे।

# दिव्य ज्योति कलश यात्रा के माध्यम से भारतीय संस्कृति और संस्कारों को पुनः स्थापित करने का दिया संदेश

बढ़ता राजस्थान

**राजगढ़/अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** अखिल विश्व गायत्री परिवार शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में रैणी, राजगढ़ व टहला क्षेत्र के विभिन्न क्षेत्रों से निकाली गई ज्योति कलश यात्रा को गोला का बास से थानागाजी क्षेत्र के गायत्री परिवार के सदस्यों को दिनेश गुप्ता, उप जॉन प्रभारी राजेंद्र सेठी, मुरारीलाल शर्मा, रघुवीर सिंह नरूका को सौंपी गई। इस ज्योति कलश यात्रा में प. श्रीराम शर्मा आचार्य के मनुष्य में देवत्व का अवदय और धरती पर स्वर्ग का अवतरण करने के विचारों को सैकड़ों गांवों और ढ़ाणियों में उनके विचारों को जन-जन तक पहुंचाया गया। भारतीय संस्कृति और संस्कारों को पुन: स्थापित करने का संदेश दिया गया। ज्योति कलश यात्रा के प्रभारी विशाल विजय, मुख्य ट्रस्टी मीना खण्डेलवाल, तहसील संयोजक प्रीति विजय, सुनीता शर्मा, किरण शर्मा, राम सैनी, सुरेश कीर, घनश्याम सैनी व राजेंद्र मीना आदि पुष्प वर्षा कर शक्तिपीठ पर स्वागत किया गया।

# नई सोच नई किरण रक्तदानी संगठन की ओर से द्वितीय स्वेच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन, रक्तदान शिविर में 81 यूनिट रक्तदान हुआ

बढ़ता राजस्थान



**राजगढ़/अलवर (राजकुमार गुप्ता)।** कस्बे के मेला का चौराहा पर स्थित सैनी धर्मशाला में रविवार को नई सोच नई किरण रक्तदानी संघठन की ओर से द्वितीय स्वेच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर में रक्तवीरों द्वारा 81 यूनिट रक्तदान किया गया। नई सोच नई किरण रक्तदानी संघठन के सदस्य दिनेश कुमार सैनी व यादराम मीना ने बताया कि संघठन की और से द्वितीय रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें रक्तदान करने वाले रक्तवीरो को प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि संघठन के सदस्यों के दारा जरूरतमंद लोगों को रक्त और एसडीपी उपलब्ध करवाई जाती है। इस शिविर में राजगढ़ क्षेत्र में सामाजिक कार्य करने वाली टीमों के रक्तवीरों को भी आमंत्रित किया गया।रक्तदान का संग्रहण अर्जुन ब्लड सेंटर मानसरोवर,जयपुर द्वारा किया गया। इस दौरान हरिमोहन, हेमन्त, नीरज, नरेंद, दयाराम, राजकुमार, महेश, जितेंद्र,अमित,दीपक सहित कुल 81 रक्तवीरों ने रक्तदान किया।

# नांता के संवेदनशील क्षेत्र में लगी आग 6 घंटे की मशक्कत के बाद बुझाई जा सकी

- काफी मात्रा में पेड़ और झाड़ियां जलकर हुई खाक, धुआं ही धुआं फैल गया
- क्षेत्रवासियों का आरोपः भू-माफिया जमीन हड़पने के लिए करते हैं आगजनी

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (विनोद गौड़)।** शहर के बाहरी क्षेत्र नांता में मुनिजी कुंड के पास रविवार सुबह 11 बजे के करीब अचानक आग धधक गई। इस क्षेत्र में झाड़ियां और पेड़ जलने लगे। कुछ ही देर में हर तरफ भारी धुआं हो गया। सूचना पाकर दमकल की गाड़ी मौके पर पहुंचे तो गई, मगर यहां के विकट हालात के मद्देनजर कर्मचारियों को आग बुझाने में काफी मशक्कत का सामना करना पड़ा। इसके चलते करीब 6 घंटे बाद आग पर काबू पाया जा सका। स्थानीय निवासियों का आरोप है कि पिछले कुछ दिनों से क्षेत्र की जमीन पर कब्जा करने के लिए भू माफिया यहां की झाड़ियों और पेड़- पौधों में आग लग रहे हैं। चार दिन से थर्मल के तालाब की बाउंड्री के बाहर आसपास थोड़े-थोड़े हिस्से में आग लगाई जा रही है। वन विभाग व पीडब्ल्यूडी की सामूहिक भूमि के खसरे हैं। भूमाफिया इसे हड़पना चाहते हैं।

**आग पर काबू पाने के लिए करनी पड़ी यह मशक्कत :** सूचना मिलने पर राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम के सकतपुरा स्थित कार्यालय से पहुंचे कर्मियों ने नांता जीएसएस की हाईटेंशन लाइनों पर शट डाउन लिया। इसके बाद आग पर काबू पाने की मशक्कत शुरू हुई। यहां दलदली जमीन और ऊपर हाईटेंशन प्रसारण की लाइन होने से आग बुझाने में फायर ब्रिगेड के कर्मचारियों को काफी मशक्कत करनी पड़ी। इसके लिए उन्होंने थर्मल की राख वाले तालाब की दीवार पर चढ़कर आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन दमकल वहां तक नहीं पहुंच पाई। इस पर मुनिजी कुंड के सामने वैकल्पिक रास्ता बनाने के लिए एक जेसीबी मंगवाई गई। इसके द्वारा रास्ता बनाने के बाद दमकलें आगे जा सकीं। तब जाकर करीब 6 घंटे की मशक्कत के बाद में आग पर पूरी तरह काबू पाया जा सका। फायर फाइटिंग में शुभम शर्मा टीम के साथ मौके पर मौजूद रहे। वहीं वन विभाग की ओर से धर्मेंद्र चौधरी ने दमकलों के लिए रास्ता बनवाने के लिए जेसीबी की व्यवस्था करवाई।

**हो सकता था बड़ा हादसा :** आग की चपेट में आने से वन क्षेत्र में खजूर व नीम जैसे पेड़ों के अलावा बम्बूल की झाड़ियां जल कर खाक हो गईं। यदि ये पेड़ लगातार जलते रहते तो ऊपर से निकल रही हाईटेंशन लाइन के तार पिघल जाते। इससे बड़ा हादसा होना तय था। इसके अलावा यह आग आगे तीन किलोमीटर तक तक फैल कर यहां की भी वनस्पति को खाक कर देती।



## सेवानिवृत पुलिसकर्मियों का होली स्नेह मिलन समारोह, सेवा और सम्मान का शानदार संगम

### लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के ओएसडी राजीव दत्ता रहे मुख्य अतिथि, सबने मिलकर खेली फूलों की होली

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** राजस्थान पुलिस परिवार कल्याण समिति, जिला कोटा ने रविवार को बोरखेड़ा के विनायक रिसॉर्ट में भव्य होली स्नेह मिलन और सम्मान समारोह का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में सेवानिवृत पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।यह सेवा और सम्मान का एक अनूठा संगम बन गया।

कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के ओएसडी राजीव दत्ता ने किया। विशिष्ट अतिथि भाजपा एसटी मोर्चा राजस्थान के प्रदेश महामंत्री और भाजपा बूंदी प्रभारी अशोक मीणा थे।

**सेवा और समर्पण का संदेश :** राजीव दत्ता ने अपने सम्बोधन में सेवानिवृत होने के बाद भी जनसेवा के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने पुलिस विभाग के सामने आने वाली समस्याओं और उनके समाधान पर अपने विचार साझा किए। कर्मचारियों को भगवा दुपट्टा पहनाकर सम्मानित किया।

**निशुल्क चिकित्सा शिविर आयोजित :** कार्यक्रम में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के सानिध्य में एक नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का भी आयोजन किया गया। इस शिविर में 300 से अधिक सेवानिवृत पुलिसकर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उसमें आंखों, बीपी, शुगर और रेटिना की जांच की गई। इसके अलावा मौके पर ही नि:शुल्क दवाइयां भी उपलब्ध कराई गईं।

**सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने बांध दिया समां**

कार्यक्रम में गायन, नृत्य, चुटकुले और अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। इनमें सेवानिवृत पुलिसकर्मियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सभी ने मिलकर फूलों की होली खेली। इसका सभी ने जमकर आनंद लिया।

**सम्मान और प्रोत्साहन**

विधिक सलाहकार गजेन्द्र गौड़ (पूर्व न्यायाधीश), अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राम सिंह मीणा और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरेश चीता ने सेवानिवृत कर्मचारियों का हौसला बढ़ाया और उनकी सेवाओं को सराहा।

**कार्यक्रम में ये रहे मौजूद**

इस आयोजन में संगठन के संरक्षक चंद्रसिंह आमेरा (सेवानिवृत अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक), संगठन महामंत्री मदन लाल मीणा, उपाध्यक्ष मोहन राठौर, कार्यालय मंत्री बुधराज सिंह हाड़ा, रमेश कुमार इंदौरिया, राजेन्द्र सिंह जीराणावत, रमेश मीणा, सुरेश नरुका आदि भी शामिल रहे।

## ब्राह्मण महासभा युवाशाखा ने लगाया ईडब्ल्यूएस शिविर

### जिले भर से आए 1400 से अधिक छात्रों ने किया आवेदन

बढ़ता राजस्थान



**बूंदी (अनन्त दाधीच)।** सर्व ब्राह्मण महासभा युवाशाखा द्वारा रविवार को नैनवां रोड़ स्थित निजी होटल में ईडब्ल्यूएस शिविर लगाया गया।शिविर में 1400 से अधिक विद्यार्थियों ने प्रमाण पत्र के लिये आवेदन किया। शिविर का शुभारंभ भगवान परशुराम व मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। कार्यक्रम में विधायक हरिमोहन शर्मा पूर्व विधायक अशोक डोगरा पुलिस उपाधीक्षक अरुण मिश्रा, सर्व ब्राह्मण महासभा समिति के जिलाध्यक्ष मिथिलेश दाधीच, सीडीओ डॉ महावीर शर्मा,राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा,भाजपा नेता भरत शर्मा,भाजपा नेता रूपेश शर्मा,पीसीसी सदस्य सत्येश शर्मा,युवा शाखा जिलाध्यक्ष विकास सनाढय,कार्यक्रम प्रभारी लोकेश सुखवाल, धनंजय शर्मा,शिविर संयोजक पीयूष शर्मा गुल्लू,परशुराम जयंती संयोजक नरेंद्र गौतम,गौतम समाज के जिलाध्यक्ष मनीष गौतम, सनाढ्य जिलाध्यक्ष राजेन्द्र डिंगल, हनुमानसहाय शर्मा,घनश्याम दुबे,नूतन तिवारी,सुनीत शर्मा मंचासीन रहे। कैंप में उपस्थित छात्रों को संबोधित करते हुए विधायक हरिमोहन शर्मा ने कहा कि ईडब्ल्यूएस प्रमाण पत्र में मुख्य विसंगति हे कि विवाहित महिलाओं में पिता व पति की आय जोड़ी जाती है जो कि गलत है। पूर्व विधायक अशोक डोगरा ने कहा कि युवाशाखा द्वारा आयोजित कैंप सराहनीय आयोजन है।जिससे सभी छात्रों को लाभ मिलेगा। शिविर में जिले भर से आये सामान्य वर्ग के 1400 से अधिक छात्र छात्रोंने अभिभावकों के साथ पहुंचकर आवेदन किया।शिविर में एक ही छत के नीचे सभी सुविधाएं उपलब्ध रही। कैंप में राजपत्रित अधिकारी राजेश चतुर्वेदी राजेन्द्र डिंगल सत्यवान शर्मा,नोटरी अधिवक्ता योगेन्द्र दाधीच रवि शर्मा अनुराग शर्मा सुनील दाधीच कौशल किशोर शर्मा,पार्षद संदीप देवगन, रविशंकर गौतम,ममता शर्मा,भावना गौतम,कुसुम शर्मा,मनीष सिसोदिया ने प्रमाणीकरण किया।

**स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया :** शिविर में सहयोग करने वाले राजपत्रित अधिकारियों,नोटेरी अधिवक्ता व पार्षदों का विधायक हरिमोहन शर्मा,पूर्व विधायक अशोक डोगरा व राजस्थान बीज निगम के पूर्व निदेशक चर्मेश शर्मा ने स्मृतिचिन्ह भेंट कर सम्मानित किया।

## विभिन्न प्रतियोगिताओं के साथ चेटीचण्ड महोत्सव की शुरुआत, समाजबंधुओं ने बढ़ चढ़कर लिया भाग

### वीर बलिदानी अमर शहीद हेमू कालाणी के जन्मोत्सव से हुई आयोजन की शुरुआत



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** 30 मार्च, रविवार को आयोजित होने वाले चेटीचण्ड महोत्सव के उपलक्ष्य में रविवार को झूलेलाल मंदिर, रामतलाई मैदान, सूरजपोल पर बच्चों, महिलाओं एवं धर्मप्रेमियों की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित हुईं। इनमें मौखिक प्रश्नोत्तरी, रंग भरो, फेंसी ड्रेस, सिंधी व्यंजन एवं पूजा थाली सजाओ प्रतियोगिताएं शामिल रहीं। श्री झूलेलाल सेवा समिति के अध्यक्ष सतीश गोपालानी ने यह जानकारी दी। समिति के महामंत्री हरि प्रकाश पंजवानी ने बताया कि इस अवसर पर कार्यक्रम की मुख्य अतिथि भागवंती जेठवानी थीं। कार्यक्रम में रंग भरो प्रतियोगिता के लिए 213, फेंसी ड्रेस प्रतियोगिता के लिए 83, सिंधी व्यंजन प्रतियोगिता के लिए 46 व पूजा थाली सजावट प्रतियोगिता के लिए 24 प्रविष्टियां प्राप्त हुईं। इसमें शिव ज्योति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, स्वामी टेऊंराम आलोक सीनियर सेकेंडरी स्कूल व भाटिया पब्लिक स्कूल प्रबंधन का विशेष सहयोग रहा।

**केक काटकर मनाया जन्मोत्सव :** कार्यक्रम के प्रारम्भ में समिति की ओर से सिंधी सभ्यता मंडल तथा भारतीय सिंधु सभा के संयुक्त तत्वावधान में वीर बलिदानी अमर शहीद हेमू कालाणी जी का 102 वां जन्मोत्सव केक काटकर मनाया गया। इसमें समिति के पदाधिकारियों के साथ हासानंद चावला, नरेश टहिल्यानी, प्रताप ढींगरा आदि ने पुष्पांजलि अर्पित की। समिति के सांस्कृतिक मंत्री जय कुमार चंचलानी ने बताया कि फेंसी ड्रेस, सिंधी व्यंजन एवं पूजा थाली सजावट प्रतियोगिता के सभी प्रतिभागियों को समिति की तरफ से प्रतीक चिह्न प्रदान किए गए। इस कार्यक्रम में बसंत वलेचा, हरीश पंजवानी, किशन रतनानी, दामोदर वनवानी, पवन खूबचंदानी, अनिल भोजवानी आदि मौजूद रहे।

## रंगों, उमंग और संगीत के संग कोटा डेवलपमेंट फोरम का होली मिलन समारोह आयोजित

### सदस्यों ने नृत्य, गायन और कविता पाठ से बिखेरे खुशियों के रंग, सबका उत्साह देखते ही बना



बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** कोटा डेवलपमेंट फोरम (केडीएफ) की ओर से रविवार को रंगारंग प्रस्तुतियों और उल्लासपूर्ण माहौल के साथ होली मिलन समारोह आयोजित किया गया। समारोह में फोरम के सदस्यों ने नृत्य, गायन और कविता पाठ की शानदार प्रस्तुतियां दीं, जिससे माहौल होली के रंगों सा रंगीन हो गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ सरस्वती वंदना से हुआ। इसके बाद मंच पर रंगारंग प्रस्तुतियों की धूम रही। अध्यक्ष आदित्य कुमार जैन ने सभी सदस्यों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उत्सव आपसी प्रेम, भाईचारे और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। उन्होंने बताया कि कोटा डेवलपमेंट फोरम वर्ष 2004 से सक्रिय रूप से कार्यरत है और यह सांस्कृतिक एवं शैक्षणिक गतिविधियों के साथ-साथ सामाजिक कार्यों में भी योगदान देता है।

**प्रशासन और जनता के बीच सेतु का भी कार्य :** संस्थापक अध्यक्ष टीसी मेहता ने बताया कि कोटा डेवलपमेंट फोरम केवल एक सामाजिक संगठन नहीं, बल्कि जनता और प्रशासन के बीच एक महत्वपूर्ण सेतु के रूप में भी कार्य करता है। यह संस्था शिक्षा, संस्कृति, सामाजिक जागरूकता कार्यों में भी सक्रिय योगदान देती है। फोरम की सचिव आशा शर्मा ने बताया कि इस आयोजन को सफल बनाने में प्रोजेक्ट चेयरमैन उमंग भार्गव और दीपक त्यागी का विशेष योगदान रहा। समारोह का संचालन आलोक मंडल और संजय भार्गव ने अपनी प्रभावी शैली में किया।

**होली के पारम्परिक गीत भी प्रस्तुत किए :** इस मौके पर सदस्यों ने होली के पारम्परिक गीतों की मनमोहक प्रस्तुतियां भी दीं। संजय भार्गव ने बताया कि इस अवसर पर विभिन्न श्रेणियों में विजेताओं को पुरस्कार वितरित किए गए।

अर्ली बर्ड पुरस्कार नंदिता रे और सलमा, बेस्ट ड्रेस पुरुष वर्ग शिवराज लखनपाल और कर्नल आरएन जैन, बेस्ट ड्रेस महिला वर्ग-नंदिता रे और रीता भार्गव ने जीता। समारोह के दौरान संस्था को मजबूती देते हुए 5 नए सदस्यों को भी जोड़ा गया। कार्यक्रम के अंत में सभी सदस्यों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं।

## कोटा विश्वविद्यालय में प्रथम उद्योग-अकादमिक सम्मेलन 2025 का आयोजन 25 मार्च को

### पर्यटन संगोष्ठी में राजस्थान के आर्थिक विकास के अवसरों पर होगी चर्चा

बढ़ता राजस्थान

**कोटा (का.स.)।** कोटा विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ हेरिटेज, टूरिज्म, म्यूजियोलॉजी और आर्कियोलॉजी की ओर से 25 मार्च को पर्यटन आर्थिक विस्तार के उत्प्रेरक विषय पर प्रथम औद्योगिक-अकादमिक सम्मेलन-2025 का आयोजन एक होटल में किया जाएगा। इस सम्मेलन का उद्देश्य उद्योग जगत के नेताओं, शैक्षणिक विशेषज्ञों और नीति निर्माताओं को एक मंच पर लाकर आर्थिक विकास में पर्यटन की परिवर्तनकारी भूमिका पर चर्चा करना है। कार्यक्रम में राज्यपाल श्री हरिभाऊ बागड़े मुख्य अतिथि रहेंगे।? मुख्य वक्ता प्रो. संदीप कुलश्रेष्ठ, सेंट्रल यूनिवर्सिटी ऑफ हिमाचल प्रदेश, धर्मशाला रहेंगे।कार्यक्रम की अध्यक्षता कोटा विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. कैलाश सोडानी करेंगे।तकनीकी सत्र के वक्ता के रूप में वीके जेटली कार्यक्रम से जुडेंगे।

**ऐसी बनाई गई है योजना :** सम्मेलन की निदेशक डॉ. अनुकृति शर्मा के नेतृत्व में कार्यक्रम की योजना बनाई गई है। इसमें सुबह 8.30 बजे से पंजीकरण शुरू होगा और उसके बाद 10 बजे उद्घाटन समारोह होगा। सम्मेलन में तीन तकनीकी सत्र होंगे। ये पर्यटन उद्योग में उद्यमिता, नवाचार और रचनात्मकता, पर्यटन शिक्षा और स्थिरता, और हाड़ौती क्षेत्र के संदर्भ में पर्यटन उद्योग में उभरते मुद्दे होंगे।

**पर्यटन से विकास पर रहेगा ध्यान :** यह सम्मेलन पर्यटन क्षेत्र में उद्योग-शिक्षा सहयोग को मजबूत करने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है, विशेष रूप से इस बात पर ध्यान केंद्रित किया गया है कि पर्यटन राजस्थान के आर्थिक विकास को कैसे बढ़ावा दे सकता है। हाड़ोती क्षेत्र पर विशेष ध्यान केंद्रित करते हुए, यह कार्यक्रम क्षेत्रीय पर्यटन विकास में उभरते अवसरों और चुनौतियों की पहचान करने का प्रयास करेगा। सम्मेलन की निदेशक डॉ. अनुकृति शर्मा ने कहा कि यह सम्मेलन पर्यटन क्षेत्र में उद्योग और अकादमिक जगत के बीच सहयोग को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है।

## कोटा शहर के बीच नाले में मगरमच्छ नजर आने से मचा हड़कम्प, करीब दो घंटे बाद किया गया रेस्क्यू

### मौके पर जम रही लोगों की भीड़, रेस्क्यू होने पर ली राहत की सांस

बढ़ता राजस्थान



**कोटा (विनोद गौड़)।** शहर के तकरीबन बीच के हिस्से सेवन वंडर के सामने वल्लभ बाड़ी के नाले में रविवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे राहगीरों को एक बड़ा मगरमच्छ नजर आया। इससे लोगों में हड़कम्प मच गया। लोगों से मिली सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस और वन विभाग की टीम ने मगरमच्छ का काफी मशक्कत से रेस्क्यू किया। तब करीब दो घंटे बाद जाकर क्षेत्रवासियों को राहत मिली। नाले में नजर आया व्यस्क अवस्था का यह मगरमच्छ करीब नौ फीट लम्बा था। वहीं, इसका वजन करीब सौ किलो बताया गया। इसके अलावा इसका पेट भी फूला हुआ था। इससे अंदाजा लगाया गया कि इसने कुछ देर पहले ही किसी जानवर को अपना शिकार बनाया होगा। राहगीरों ने गुमानपुरा पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस ने वन विभाग को इस बात की जानकारी दी।? तब वन विभाग की टीम ने मौके पर पहुंचकर मगरमच्छ को रेस्क्यू करने का ऑपरेशन चलाया। इसे निकाल कर सुरक्षित स्थान पर छोड़ दिया गया। संभवतया यह मगरमच्छ किशोर सागर तालाब से नाले के मुहाने में होता हुआ यहां तक पहुंचा। वैसे भी किशोर सागर तालाब में चम्बल की दाईं मुख्य नहर के माध्यम से मगरमच्छों का आना संभव है। कुछ दिनों पूर्व भी शहर के बीच स्थित किशोर सागर में मगरमच्छ देखा गया था।

### मारने वाला भी भगवान बचाने वाला भी भगवान

## कुएं में गिरने वाले एक आदमी को जिंदा बाहर निकाला

बढ़ता राजस्थान

बूंदी (अनन्त दाधीच) । बूंदी छत्रपुरा स्थित राठौर तेली छात्रावास के पास तिरुपति विहार कॉलोनी पार्क के पास कुएं में गिरने वाले एक आदमी को पूर्व पार्षद प्रेम जांगिड़ की सतर्कता से एलएनटी मशीन की सहायता सिविल डिफेंस टीम के जवानों की मदद से जिंदा बाहर निकाला गया। तिरुपति विहार कॉलोनी निवासी पूर्व पार्षद प्रेम जांगिड़ को जैसे ही सूचना मिली तो इमरजेंसी कंट्रोल रूम पर सूचना दी मगर वहां से कोई जवाब नहीं आने के बाद उन्होंने पर्सनल एनएलडी मशीन वाले को बुलवाया जिसकी मदद से बाहर निकाला चिकित्सा की एंबुलेंस सूचना दी जिस पर घायल आदमी को सामान्य चिकित्सालय में उपचार के लिए भर्ती करवाया। थोड़ा सा भी लेट हो जाते तो कुएं में गिरने से उसमें पानी नहीं था कीचड़ था कुएं में विषैली गैस भी पैंदे में रहती है जिससे शायद उसका दम घुट सकता था।



# राजस्थान दिवस पर राज्य स्तरीय अन्त्योदय कल्याण समारोह भरतपुर में

## मुख्यमंत्री समारोह में प्रदेशभर के लाभार्थियों से संवाद कर विभिन्न कार्यक्रमों का करेंगे सूत्रपात

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( नि.स. )।** राजस्थान दिवस के कार्यक्रमों की श्रृंखला में आयोजित राज्य स्तरीय अन्त्योदय कल्याण समारोह में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के 27 मार्च को भरतपुर में प्रस्तावित दौरे एवं समारोह की तैयारियों की समीक्षा बैठक वीसी के जरिये अतिरिक्त मुख्य सचिव पंचायतीराज श्रीमती श्रेया गुहा ने ली जिसमें जिला कलक्टर डॉ. अमित यादव सहित संबन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

एसीएस ने प्रस्तावित समारोह के दौरान किये जाने वाले कार्यक्रमों को समय पर गुणवत्ता के साथ सभी विभागों को पूरा करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि भरतपुर में 27 मार्च को अन्त्योदय कल्याण समारोह का राज्य स्तरीय कार्यक्रम प्रस्तावित है, जिसमें माननीय मुख्यमंत्री का आगमन प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि अन्त्योदय कल्याण समारोह में विभिन्न विभागों के लाभार्थियों को मौके पर लाभान्वित किया जाकर माननीय मुख्यमंत्री प्रदेशभर के लाभार्थियों से संवाद भी करेंगे। जिला कलक्टर डॉ. यादव ने समारोह की जिला स्तर पर की जा रही तैयारियों की जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस परेड़ ग्राउंड में समारोह आयोजित किया जायेगा। जिसमें सभी विभाग लाभार्थियों को सूचीबद्ध कर उन्हें समारोह स्थल तक लाने एवं ले जाने की व्यवस्था करेंगे। उन्होंने जिले के अधिकारियों को समारोह स्थल पर योजनाओं की ब्रांडिग से लेकर अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, लाभार्थियों के बैठने एवं राज्य सरकार के निर्देशानुसार योजनाओं के प्रदर्शन की सभी व्यवस्थाऐं समय पर गुणवत्ता के साथ पूरी करने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद मृदुलसिंह, आयुक्त बीडीए प्रतीक जुईकर, अतिरिक्त कलक्टर प्रशासन घनश्याम शर्मा, शहर राहुल सैनी, सीओ सिटी पंकज यादव, एसीईओ जिला परिषद विनय मित्र, आयुक्त नगर निगम श्रवण विश्नोई सहित संबन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

**समारोह में ये होंगे कार्य :** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा भरतपुर में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह में वर्चुवली जुडकर सभी जिलों में लाभार्थियों से संवाद कर सरकार की योजनाओं के लाभ से जीवन में आये बदलाव की जानकारी लेकर उनसे रूबरू होंगे। समारोह में जलसंशाधन मंत्री एवं जिला प्रभारी सुरेशसिंह रावत, गृह राज्यमंत्री जवाहरसिंह बेढ़म, जिले के जनप्रतिनिधि, अधिकारी, लाभार्थी भाग लेंगे। समारोह में ग्रामीण विकास विभाग की पं. दीनदयाल उपाध्याय गरीब मुक्त ग्राम योजना के मार्गदर्शिका का विमोचन किया जायेगा। समारोह में मुख्यमंत्री थार सीमा क्षेत्र विकास कार्यक्रम के मार्गदर्शिका का विमोचन किया जायेगा। डांग, मंगरा एवं मेवात क्षेत्रीय योजना में बजट प्रावधानुसार जिलों को राशि आंवटित की जायेगी। विधायक जन सुनवाई केन्द्र के संबध में मार्गदर्शिका का विमोचन किया जायेगा। ई-पोर्टल एवं ई-वर्क मोबाईल ऐप की लान्चिग की जायेगी। मुख्यमंत्री द्वारा समारोह में आयोजना विभाग की गुरू गोलवरकर, एस्प्रेशनल ब्लॉक डबलपमेन्ट स्कीम के मार्गदर्शिका का विमोचन करेंगे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारित विभाग की दादू दयाल घुमन्तु सशक्तिकरण योजना के मार्गदर्शिका का विमोचन करेंगे। समारोह में दिव्यांगजनों को पॉवर ड्रिवन व्हील चेयर का वितरण किया जायेगा। दिव्यागजनों को असिस्टिव डिवाइस का वितरण तथा समान अवसर नीति का विमोचन किया जायेगा। मुख्यमंत्री वर्चुअली प्रदेशभर के सभी जिलों से जुडकर श्रम विभाग में पंजीकृत प्रदेशभर के निर्माण श्रमिकों के बैंक खातों में डीबीटी के द्वारा 63 करोड़ रूपये का हस्तान्तरण करेंगे। पंचायती राज विभाग स्वामित्व योजना के तहत प्रदेशभर के 3000 पात्रजनों को पट्टा वितरण करेंगे। माटीकंला बॉर्ड द्वारा लाभान्वितों को विद्युत चालित चाक का वितरण करेंगे।

# चुस्त पुलिस की हर जगह निगरानी

## भंडारे पांडाल का शुभारंभ पदयात्रियों की सेवा के लिए भक्त सेवा मंडल आतुर



बढ़ता राजस्थान

**रूपवास/ भरतपुर( राजेश कटारा )।** रूपबास उपखण्ड क्षेत्र के खानूवा मोड पर कैलादेवी पदयात्रियों हेतु भंडारों में रोजाना हजारों लोगों के रुकने खाने पीने की व्यवस्था हेतु हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भंडारे पांडाल लगाए गए हैं। हर वर्ष सर्वसमाज तथा समाजसेवियों तथा देवी भक्तों के द्वारा खानवाँ मोड पर भंडारे का आयोजन किया जाता है तथा कैलादेवी पदयात्रियों को इच्छानुसार भोजन, ठहरने के लिए विश्राम ग्रह हेतु पांडाल लगाना, मोबाइल चार्ज करने, मेडिकल टीम द्वारा दवाओं और देखने के लिए सुविधा, खोया पाया केंद्र, तथा हर तरह की मदद के लिए कार्यकर्ता सजग रहते हैं। वही यूपी इलाके के आगरा, मथुरा,फिरोजाबाद, अलीगढ़, हाथरस, एटा,इटावा व मैनपुरी जिले से आने वाले पदयात्री फतेहपुर सीकरी, सरेंदी घाटोली के बाद राजस्थान की सीमा में प्रवेश करते हैं। शहर के सिंघावली रोड, गंगामन्दिर के पास, घाटोली,मेरथा, मिलसमा, रेलवे फाटक केपास सब्जीमंडी, हनुमान मंदिर, सिरसोन्दा,जटमासी, खानुआ मोड़, चंदनपुरा,मुररिका, दाहिना, महलपुर, बोकोली पर लग रहे भंडारों में नहाना, खाना पीना, मोबाइल चार्जिंग, खोया पाया केंद्र ,मेडिकल जांच, दवाये व विशाल पांडालों में आराम करने की सुविधा निशुल्क है। वही पदयात्रियों की सेवा के लिए भंडरॉ मे लोग उत्साह से जुटते है। एसडीएम विष्णु बंसल ने कहा कि पदयात्रियं के पूरे उपखंड क्ष्रें से निकलने वाले स्थानों पर सुरक्षा की दृष्टि से पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात किया गया है। वही बीसीएमओ डॉ. लखन चौधरी के निर्देशन में मेडिकल टीम, तहसीलदार अमित शर्मा के निर्देशन में पटवारी, ग्राम विकास अधिकारी व स्वयंसेवको को लगाया जारहाहै।तथा बारिश पडने की स्थिति में सभी धर्मशाला, स्कूलों ,सार्वजनिक स्थानों पर पदयात्रिों को रोकने की बात कही गई है।

रूपबास सीओ नीरज भारद्वाज तथा रूपबास थानाधिकारी आरएएस पन्नालाल का कहना कि सुरक्षा की दृष्टि से डिठवार मिलसमा से लेकर घाटोली तक एचसी विनोद शर्मा, शककरपुर, चेंकोरा व शहर से लेकर जटमासी तक एएसआई हरदम सिंह, एचसी बच्चूसिंह व अशोक कुमार निरंतर गश्त करेंगे। गहनोली मोड़ थानाधिकारी विजयसिंह छोंकर ने बताया कि खानुआ मोड़ पर जीप के साथ पुलिस बल, एएसआई पृथ्वीसिंह गुर्जर व एचसी जितेंद्रसिंह कुंतल के निर्देशन में चंदनपुरा चांदोली मुररिका में फिक्स पिकेट, पैदल गश्त व मोबाइल पार्टी, बोकोली, कांधोली,महलपुर, दाहिनामोड़वरुदावल सीमा तक सरकारी गाड़ी से एएसआई राजेन्द्र सिंह के नेतृत्व में गश्त होगी। गांव खानुआ फतेहपुर सीकरी मोड सहित दर्जनों गांवों में करौली जाने वाले पदयात्रियों के लिए भंडारे शुरू हो गए हैं।

इन भंडारों का विभिन्न स्थानों पर प्रधान नीतू नवलकिशोर गुर्जर, समाजसेवी ओमप्रकाश गर्ग, मुरारीलाल, अनूप गोयल, विनोद गुप्ता, राजू पहलवान,अन्नी मामा, पार्षद अरविंद सिंघल, सरपंच उदयभान शर्मा, राजकुमार बोकोली, अमरसिंह अंधाना, रामशरन शर्मा आदि ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर शुभारम्भ किया।ग्रामीण संदीप गुप्ता, यश गर्ग, रिंकू भल्ला, मुरारीलाल अलबेला, मदन पंजाबी, बंटी अंबेश, शुभम शर्मा, रवि सिकरवार आदि सेवा में तत्पर रहते हैं।

# अब ज़िद नहीं करेंगे किन्नर, स्वयं विवाह वाले देंगे तय राशि

## किन्नरों को बधाई राशि देने को लेकर किन्नरों और सर्वसमाज में समझौता

बढ़ता राजस्थान



**रूपवास/भरतपुर ( राजेश कटारा )।** रूपबास शहर के पुलिस थाना परिसर में किन्नरों एवं सर्व समाज के मध्य हरदम सिंह स्ढु की अध्यक्षता, हेडकांस्टेबिल जुगल सिंह,राजवीर सिंह तथा वरिष्ठ शिक्षक नेता हरिशंकर शर्मा, संयोजक संजीव गुप्ता, व्यवसाई सतीश मित्तल,विधायक प्रतिनिधि रविंद्र बंसल उर्फ डब्बू, राजवीर सिंह चाहर, गीतम सिंह परमार, नंदकिशोर चोबदार, गिर्राज राजावत के नेतृत्व में बैठक आयोजित की गई। संयोजक संजीव गुप्ता ने बैठक में बताया कि पूर्व में प्रभाकर गार्डन में किन्नरों द्वारा बधाई राशि को लेकर आए दिन झगड़े की शिकायतों के मद्देनजर सर्वसमाज द्वारा बैठक आयोजित की गई लेकिन किन्नरों द्वारा समझौते की पालना न करने पर पुलिस थाना रूपबास में शिकायत की गई जिसमें बताया गया कि लड़के के जन्म व लड़के की शादी में 11000/,- 21000/-,51000/- हजार तक राशि ली जा रही है। राशि न देने पर इनके द्वारा नंगा होना वह परिवार को अपशब्द कहकर जलील किया जाता है। तथा झगड़े पर उतारू हो जाते हैं। इसी बाबत सर्वसमाज द्वारा लिखित शिकायत पर पुलिस द्वारा थाने में किन्नरों की गुरू काजल बाई, गुटली बाई व सोनाबाई को सर्वसमाज द्वारा दी गई शिकायत की जानकारी देते हुए पुलिस थाना रूपबास में आने को कहा तथा सर्वसमाज के प्रतिनिध मंडल को भी बातचीत के लिए बुलाया। सर्व समाज एवं किन्नरों के मध्य बैठक आयोजित की गई। सभी प्रतिनिधियों ने विचार व्यक्त किये जिसमें सहायक उप निरीक्षक हरदम सिंह, हैड कांस्टेबल जुगल सिंह तथा कांस्टेबल राजवीर सिंह ने दोनों पक्षों को बातचीत कर आज ही निर्णय लेने को कहा जिसमें आपसी सहमति के आधार पर दोनों पक्षों के बीच जो बधाई राशि रखी गई उसका निर्णय सुनाने के लिए वरिष्ठ शिक्षक हरिशंकर शर्मा को नियुक्त किया। वरिष्ठ शिक्षक नेता हरिशंकर शर्मा ने बताया कि सर्वसम्मति से लड़के के जन्मदिन पर 2100 रूपये व लड़के की शादी पर 5100 बधाई राशि निर्धारित की गई है। साथ ही गरीब तबके के परिवार हैसियत व इच्छानुसार राशि देंगे। यह निर्णय रूपबास तहसील के लिए लागू होगा। मैरिज होमों से शादी होने पर स्थानीय परिवार से घर से तथा बाहर के लड़के की शादी की बधाई राशि लड़की पक्ष की सहमति से राशि ली जावेगी। अगर कोई शादी विवाह के दौरान कोई भी बधाई राशि के बारे में विवाद होने पर किन्नर गुरु ने कहा कि हम इसकी शिकायत विधायक प्रतिनिधि रवींद्र बंसल उर्फ डब्बू तथा वरिष्ठ शिक्षक नेता तथा मोक्षधाम विकास समिति के अध्यक्ष हरीशंकर शर्मा से करेंगे उसका निदान ये दोनों ही निकालेंगे। इस अवसर पर सतीश मित्तल, विनोद मंगल, राजवीर सिंह चाहर, गीतम सिंह परमार, सत्येंद्र सिंघल, फूल सिंह सरपंच, अर्जुन सिंह सरपंच, ओमकार शुक्ला, नन्द किशोर चौबदार,अमरनाथ रघुवंशी, जुगल सिंह कांस्टेबल, राजवीर सिंह कांस्टेबल,प्रताप सिंह किरार, महेंद्र सिंह जाटव, अरुण परमार, अजय डागुर, ब्रह्मा दरोगा, प्रताप दत्तात्रेय, कई पार्षद सहित कस्बे के समाजसेवी एवं गण ने नागरिक मौजूद रहे।

## अमर शहीद भगतसिंह के बलिदान दिवस पर आर्यसमाज द्वारा कार्यक्रमों का आयोजन

# आजादी के असली क्रांतिकारी : सुनयना आर्य

बढ़ता राजस्थान



**बयाना/भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** आर्यसमाज बयाना द्वारा रविवारीय 23 मार्च को यज्ञ व सत्संग के साथ अमर शहीद भगतसिंह, सुखदेव व राजगुरु का बलिदान दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ राधा आर्या के द्वारा यज्ञ के साथ कराया गया। यज्ञ प्रार्थना आर्यवीरों व भजन माता सुशीला देवी के द्वारा प्रस्तुत किया गया। आर्यवीरांगना अनामिका शाह ने बताया कि शहीद भगतसिंह, सुखदेव, राजगुरु जैसे महापुरुष हमारी भारत धरती पर जन्मे हैं अत: हमें गर्व करना चाहिए कि हम भी इसी भारत भूमि की सन्तान हैं।व्यायाम शिक्षक निहाल आर्य ने भगतसिंह द्वारा किए गए साहसिक कार्यों के माध्यम से बताया कि हमारे जीवन के असली हीरो हमारे ये क्रान्तिकारी, भगतसिंह, सुखदेव, राजगुरु जैसे क्रांतिकारी महापुरुष होने चाहिए जिन्होंने अपनी मां भारती की आजादी के लिए हंसते-हंसते फांसी के फंदे को चूम लिया था। ये आजादी इतनी आसानी से नहीं मिली है। इसको प्राप्त करने के लिए हमारे अनेकों युवाओं ने अपने प्राणों का उत्सर्ग किया है। आर्यसमाज की मंत्री सुनयना आर्या ने बताया कि शहीद भगतसिंह के अन्दर आजादी और देशप्रेम के संस्कार उनके परिवार विशेष रूप से उनके दादा सरदार अर्जुनसिंह से मिले थे और सरदार अर्जुनसिंह को ये प्रेरणा महर्षि दयानंद के सानिध्य से मिली थी। उनकी महर्षि दयानंद सरस्वती व आर्यसमाज में गहरी निष्ठा थी।सरदार अर्जुनसिंह ने अपने पूरे परिवार को देशप्रेम के रंग में रंग दिया था। सरदार भगतसिंह की माता विद्यावती कौर भी एक निर्भीक, अटूट साहसी महिला थीं,जो कि भगतसिंह की फांसी के बाद भी टूटी नहीं बल्कि इसके बाद भी वो और उनका परिवार स्वाधीनता के प्रयासों में लगा रहा। निश्चित रूप से सरदार भगतसिंह के निर्माण में उनके परिवार की बहुत बड़ी भूमिका थी। भगतसिंह ने अपनी शहादत पर कहा था कि शरीर मरता है विचार नहीं, अंग्रेज भगतसिंह के शरीर को मार सकते हैं उसके विचारों को नहीं। कार्यक्रम में मुख्य रूप से आर्यसमाज के कोषाध्यक्ष परमसुख आर्य, दयानंद आर्य, सुशीला देवी, आदित्य आर्य आदि अन्य महानुभाव, आर्यवीर, आर्यवीरांगनाएं उपस्थित रहे।

# संकुल संरचना चैत्र प्रतिपदा एवं समरसता कार्यक्रमों पर चर्चा



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय ) ।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उप शाखा भुसावर की बैठक चेतन विद्या मंदिर भुसावर में आयोजित की गई जिसकी अध्यक्षता बाल स्वरूप पांडे के द्वारा की गई बैठक मैं मुख्य अतिथि मनमोहन शर्मा एवं पालक राम सिंह थे मीटिंग में संकुल संरचना निर्माण पर चर्चा, चैत्र शुक्ल प्रतिपदा कार्यक्रम एवं समरसता कार्यक्रम की रूपरेखा बनाई गई ,1 मई से शुरू हो रहे सदस्यता अभियान पर चर्चा की, बैठक मैं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला शारीरिक शिक्षण प्रमुख का पाथेय प्राप्त हुआ , बैठक मे संगठन के जिला उपाध्यक्ष गोविंद माधव की निकटतम सेवानिवृत्ति के उपलक्ष्य मै उनका स्वागत एवं उद्बोधन प्राप्त हुआ । बैठक मे उप शाखा मंत्री हेमेंद्र, उषा, आरती पांडे, विष्णु बंसल, संजय पांडे, पप्पू राम जाट, दीपक पांडे, सुभाष चंद्र, तरुण, आयुष, देवी लाल गोस्वामी, नीलम शर्मा उपस्थित रहे ।

# 3 दिवसीय शीतला माता के लक्खी मेले में उमड़ा श्रद्धालुओं का जन सैलाब, अनहोनी घटना को रोकने के लिए पुलिस ने किये पुख्ता इंतजाम

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** कस्बे के गांव ब्रह्मबाद में चल रहे शीतला माता के मेले मे तीसरे दिन भी श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ती दिखाई दी। बह्मबाद में शीतला माता मेल को चलते हुए आज 3 दिन हो गए। लेकिन मेले में श्रद्धालुओं की भीड़ कम होती दिखाई नहीं दे रही है। शीतला माता मंदिर पर श्रद्धालु हजारों व लाखों की संख्या में राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, और अन्य राज्यों से आते हैं। ब्रह्मबाद मेले में शीतला माता मंदिर पर बने कुएं के बारे में बुजुर्ग बताते है कि मंदिर पर बने हुए कुएं के शीतल जल से अगर किसी चेचक वाले व्यक्ति या शरीर में कोई चर्म रोग से ग्रसित व्यक्ति को जल से नहला दिया जाए और उस जल को रोगी के लिए प्रसाद रूप में ग्रहण किराया जाए तो उस व्यक्ति को हमेशा के लिए उस रोग से मुक्ति मिल जाती है। उसके बाद लोग मनोकामना पूर्ण होने पर लोग परिवार सहित इस शीतला माता के मंदिर पर जात देने आते हैं। मेले में बढ़ती भीड़ को देखकर पुलिस ने भी अपने पुख्ता अंजाम किए हैं जिससे कोई भी अप्रिय घटना न हो।



# बयाना पुलिस ने गो तस्कर आसिफ मेव को किया गिरफ्तार, साढ़े चार महीने से फरार चल रहा था आरोपी

बढ़ता राजस्थान

**बयाना/भरतपुर ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** बयाना पुलिस ने साढ़े चार महीने से फरार चल रहे गोतस्करी के एक बड़े मामले में आरोपी को गिरफ्तार किया है। आरोपी हरियाणा के पलवल जिले के गांव गुराकसर निवासी ओसाफ मेव (24) पिछले साढ़े चार महीने से फरार चल रहा था। आरोपी आसिफ मेव ने घटना 3 नवंबर 2024 की रात की थी। क्यूआरटी के इंचार्ज हेड कांस्टेबल सुरज्ञानी सिंह को मुखबिर से सूचना मिली थी। बयाना सदर थाना क्षेत्र के खोहरा-बछेना के जंगलों में कुछ लोग गोवंश को ट्रक में भर रहे थे। पुलिस टीम के पहुंचने पर आरोपी अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। मौके से पुलिस ने 103 गोवंश को बचाया। इनमें से 22 गोवंश को एक ट्रक में क्रूरता से भरा गया था। ट्रक से 5 लीटर हथकढ़ शराब भी बरामद हुई। पुलिस ने गोवंश एक्ट और एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। सदर थाना एसएचओ कृष्णवीर सिंह के अनुसार, आरोपी ओसाफ मेव से पूछताछ की जा रही है। इससे अन्य आरोपियों के बारे में जानकारी जुटाई जाएगी। आरोपी को जल्द ही कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# पशुपालन मंत्री ने जैसलमेर जिले में कर्रा रोग के फैलाव को रोकने के लिए अधिकारियों की देर रात आकस्मिक बैठक ली

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने जैसलमेर जिले में कर्रा रोग के फैलाव को रोकने के लिए विभाग के अधिकारियों की देर रात बैठक ली। पिछले दिनों इस रोग से जैसलमेर जिले में कुल 36 तथा फलौदी क्षेत्र में दो पशुओं की हुई मृत्यु को गंभीरता से लेते हुए पशुपालन मंत्री ने यह आकस्मिक बैठक बुलाई और अधिकारियों को भविष्य में सावधानी बरतते हुए रोग को रोकने के लिए पर्याप्त व्यवस्था करने के निर्देश दिए। बैठक में पशुपालन निदेशक डॉ आनंद सेजरा सहित विभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। कुमावत ने जैसलमेर, बाड़मेर, बालोतरा और फलौदी जिलों के जिला कलेक्टर्स से भी बात की और जिले में स्टाफ, दवाइयां और अन्य व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए इन्हें चाक चौबंद करने के निर्देश दिए जिससे स्थिति को बिगड़ने से पहले ही काबू में किया जा सके। उन्होंने रोग से मृत पशुओं के त्वरित एवं वैज्ञानिक रूप से उचित निस्तारण की भी व्यवस्था करने के निर्देश अधिकारियों को दिए जिससे दूसरे पशुओं में संक्रमण न फैल सके। उन्होंने इस बीमारी के फैलाव को रोकने के लिए अधिक से अधिक प्रचार प्रसार पर भी जोर दिया और कहा कि प्रभावित जिलों के सभी पशु चिकित्सा संस्थानों के कार्मिक अपने अपने क्षेत्र के पशुपालकों को इस बारे में जागरूक करते रहें जिससे रोग की स्थिति आने पर उनके पशुओं को सही समय पर उचित इलाज मिल सके और पशुधन की हानि को रोका जा सके।

## केंद्र ने राजस्थान में गेहूं की सरकारी खरीद के मानकों में छूट दी

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** राजस्थान में अत्यधिक गर्मी और बारिश के चलते गेहूं की फसल पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। इसे देखते हुए केंद्र सरकार ने राजस्थान में गेहूं की सरकारी खरीद के लिए निर्धारित मानकों में कुछ छूट दी है। इससे किसानों को राहत मिलेगी । भारत सरकार के खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के निर्णय के अनुसार, रबी मार्केटिंग सीजन 2025-26 में गेहूं की सरकारी खरीद के लिए राजस्थान के किसानों को निर्धारित गुणवत्ता मानकों में ढील प्रदान की गई है। राज्य सरकार के विशेष अनुरोध पर केंद्र सरकार ने यह कदम उठाया। अत्यधिक गर्मी और बारिश से गेहूं की फसल प्रभावित हुई है जिससे गेहूं के दाने सिकुड़ने और गुणवत्ता खराब होने की आशंका है ।सरकारी खरीद में गेहूं के सिकुड़े या टूटे दाने पहले 6 प्रतिशत तक मान्य थे, इसे बढ़ाकर 20 प्रतिशत कर दिया है ।क्षतिग्रत व आंशिक क्षतिग्रत दानों का अंश संयुक्त रूप से 6 प्रतिशत से अधिक नहीं होना चाहिए ।चमकविहीन (लस्टर लॉस) दाने 10 प्रतिशत तक मान्य होंगे ।इन मानको की छूट पर किसी प्रकार की कटौती सरकार द्वारा नहीं की जाएगी। मानकों में रियायत के तहत खरीदे जाने वाले गेहूं को सामान्य गेहूं से अलग रखने के निर्देश दिए गये हैं। इस प्रकार खरीदे गए गेहूं को राज्य से बाहर नहीं भेजा जाएगा और प्राथमिकता के आधार पर सामान्य गुणवत्ता के गेहूं से पहले निकाला जाएगा ।इस साल केंद्र सरकार ने गेहूं का न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) 2425 रुपये प्रति क्विंटल निर्धारित किया है। इस पर राजस्थान सरकार ने 150 रुपये प्रति क्विंटल बोनस देने का ऐलान किया है। इस तरह राजस्थान के किसान गेहूं की फसल 2575 रुपये प्रति क्विंटल के रेट पर बेच सकेंगे। भारतीय खाद्य निगम के मण्डल प्रबन्धक श्री राकेश कुमार ने बताया कि जिले में भारतीय खाद्य निगम के छ- खरीद केंद्र कृषि उपज मंडी भीलवाड़ा,शाहपुरा,जहाजपुर,मांडलगढ़ कोटडी एवं गुलाबपुरा है।

## मुख्यमंत्री मंगलवार को चित्तौड़गढ़ में जोहर श्रद्धांजलि समारोह में भाग लेंगे

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़ ( नि.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार 25 मार्च को चित्तौड़गढ़ आएंगे और चित्तौड़गढ़ किले पर आयोजित जोहर श्रद्धांजलि समारोह में भाग लेंगे। जिला कलक्टर आलोक रंजन ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्यमंत्री 25 मार्च मंगलवार को प्रातः 11.05 बजे हेलीकॉप्टर से चित्तौड़गढ़ हेलीपैड पहुंचेंगे और प्रातः 11.15 बजे जौहर स्मृति संस्थान द्वारा आयोजित जोहर श्रद्धांजलि समारोह में भाग लेंगे। मुख्यमंत्री इसके पश्चात मध्यान्ह 1.10 बजे हेलीकॉप्टर से उदयपुर एयरपोर्ट प्रस्थान कर जाएंगे।

## श्री मुरलीधर महिला सत्संग मंडल सिंहपुर ने फूलों संग होली खेलकर फागोत्सव मनाया

बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** श्री शीतलाष्टमी कालाष्टमी के पावन पर्व पर समीपवर्ती ग्राम सिंहपुर में श्री मुरलीधर महिला सत्संग मण्डल के तत्वावधान में धार्मिक गीत एवं भजनों पर झूमते-नाचते फूलों संग फागोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। श्री मुरलीधर सत्संग महिला मण्डल सिंहपुर प्रवक्ता अरूणा जायसवाल ने बताया कि ग्राम सिंहपुर स्थित वैष्णव भवन में श्री मुरलीधर महिला सत्संग मण्डल के तत्वावधान में फागोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। फागोत्सव कार्यक्रम का शुभारंभ वैदिक मंत्रोच्चार एवं गणपति पूजन के साथ किया गया ।इस दौरान कैलाशचंद्र गर्ग,कांता भूतड़ा,कमला वैष्णव, कौशल्या गर्ग,रेखा गर्ग,अरुणा जायसवाल,वर्षा कुमारी,वीना कुशवाहा,सुनीता मीणा,अर्चना कुशवाहा आदि भक्तो द्वारा मनमोहक भजनों की प्रस्तुति दी गयी ।जिस पर भक्त एवं श्रद्धालु भक्तिरस से ओतप्रोत होकर झूम उठे ।कार्यक्रम के अन्त में ठाकुरजी को प्रसाद का भोग लगाकर महाआरती का आयोजन हुआ ।जिसके बाद ठाकुरजी को भोग लगे महाप्रसाद का उपस्थित भक्तों एवं श्रद्धालुओं में वितरण किया गया। इस अवसर पर अनिता जायसवाल,कमला गर्ग,सुमन जायसवाल,अरूणा जायसवाल,गीता प्रजापत,शांति नाथ आदि श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## भीलवाड़ा जिले में दो दिन बाधित रहेगा चंबल का पानी

बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** चम्बल भीलवाडा पेयजल परियोजना के अन्तर्गत फेज-II पैकेज IV, के तहत ग्राम सुवाणा में कोटा रोड पर, आरोली फिल्टर प्लांट से भीलवाड़ा की ट्रांसमिशन पाइप लाइन से सुवाणा पम्प हाउस की 1200 एम एम व्यास ट्रांसमिशन पाइप लाइन का मिलान कार्य व वाल्ब लगाने के कार्य के लिए 25 मार्च प्रातः 8 बजे से 27 मार्च प्रातः 8 बजे 48 घंटे का शटडाउन रहेगा। इस दौरान भीलवाड़ा शहर सहित समस्त भीलवाड़ा जिले में 25 मार्च सांय से 27 मार्च सायं तक चम्बल से होने वाली पेयजल आपूर्ति बाधित रहेगी। अधिशाषी अभियन्ता जन स्वा.अभि.विभाग परियोजना खण्ड-प्रथम भीलवाड़ा अवजीत सिंह ने भीलवाडा शहर सहित भीलवाडा जिले वासियो से अनुरोध किया है कि शटडाउन पूर्व पेयजल का समुचित भंडारण सुनिश्चित कर लेवे तथा पेयजल मितव्ययता से खर्च करें।

## भीलवाड़ा में अवैध बजरी खनन पर शिकंजा, पुलिस ने मशीन और वाहन जब्त, आरोपी गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** भीलवाड़ा पुलिस द्वारा अवैध बजरी खनन और परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। पुलिस थाना कारोई की टीम ने विशेष अभियान के तहत एक पोकलेन/एल.एन.टी. मशीन और एक एस्कॉर्ट वाहन बोलेरो को जब्त किया है। इस दौरान एक आरोपी नारायण लाल गुर्जर को गिरफ्तार किया गया। पुलिस अधीक्षक धर्मेंद्र सिंह आईपीएस के आदेशानुसार अवैध खनिज बजरी एवं अन्य खनिजों के खनन, परिवहन और भंडारण पर रोकथाम के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सहाड़ा रोशन पटेल और वृत्ताधिकारी गंगापुर रविंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में थाना कारोई के थानाधिकारी सुरेंद्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई। घटना 22 मार्च 2025 की रात की है, जब थाना कारोई की पुलिस टीम रात्रि गश्त के दौरान अवैध बजरी खनन की सूचना पर बनास नदी के पास पहुंची। वहां एक पोकलेन/एल.एन.टी. मशीन और बोलेरो वाहन के जरिए बजरी खनन और परिवहन किया जा रहा था। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए मौके से मशीन और वाहन को जब्त कर लिया और आरोपी नारायण लाल को गिरफ्तार कर लिया। इस मामले में प्रकरण संख्या 37/2025 के तहत भारतीय दंड संहिता की धारा 303(2) बीएनएस और 4/21 एमएमडीआर एक्ट में मामला दर्ज कर जांच जारी है। इस कार्रवाई में पुलिस थाना कारोई के थानाधिकारी सुरेंद्र सिंह राठौड़ के साथ कांस्टेबल सांवलदान, सुनिल, अनिल और रामकिशोर शामिल थे।

नर्तकों ने लोक नृत्य गेर की बेहतरीन प्रस्तुति देकर राजस्थान की विख्यात लोक संस्कृति की छटा बिखेरी....

# राजस्थानी परंपराओं पर आधारित लोक कलाओं के कारण ही जिंदा है हमारी लोक विरासत : अविनाश गहलोत

### 21 वें लोक विरासत-2025 होली फाग महोत्सव गेर नृत्य का रंगारंग समापन

बढ़ता राजस्थान



**बालोतरा ( कैलाश गोस्वामी )।** डेजर्ट ट्रेडिशनल आर्ट एण्ड यूथ सेंटर एवं माली (सैनी) संस्थान की ओर से बालोतरा शहर के गांधीपुरा की हनुवंत कोलोनी स्थित गेर मैदान में 16 से 22 मार्च तक आयोजित लोक विरासत- 21 वें होली फाग महोत्सव- 2025 का रंगारंग समापन शनिवार रात्रि में समारोहपूर्वक किया गया। देर रात तक चले इस कार्यक्रम में आंगी-बांगी व जत्था गेर, कालबेलिया नृत्य, चक्री नृत्य व ब्रज की होली सहित लोक कला एवं संस्कृति की विरासत की संवाहक रही सांस्कृतिक से जुड़ी अन्य कई विविध विधाओं पर संस्थान सहित अलग-अलग जिलों और राज्यों के कलाकारों ने रंगारंग प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की तालिया बटोरी। माली समाज बालोतरा की प्रेरणा से आयोजित समापन समारोह में बत्तौर मुख्य अतिथि सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री राजस्थान सरकार अविनाश गहलोत ने कहा कि भारत देश के साथ-साथ हमारे राजस्थानवासियों का कलरफुल जीवन रंग-बिरंगी वेशभूषा, लोक कला एवं संस्कृति की लोक विरासत के बल पर विश्व पटल पर विख्यात है। गहलोत ने कहा कि हमारे प्रदेश में पर्व, त्योहारों, सामाजिक व धार्मिक अनुष्ठानों में लोक विरासत से जुड़ें ऐसे आयोजनों के कारण ही आज हमारी पारंपरिक लोक कला एवं सांस्कृतिक की लोक विरासत कायम हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे पचपदरा विधायक डा. अरूणकुमार चौधरी ने हमारी लोक विरासत को जिंदा रखने के लिए संस्थान की ओर से पिछले दो दशक से अधिक समय से किए जा रहे इन प्रयासों के लिए धन्यावाद देते हुए कहा कि इन्हीं परंपरागत आयोजनों से ही आज हमारी पारंपरिक लोक कला एवं संस्कृति की लोक विरासत जीवित है। कार्यक्रम को अति विशिष्ठ अतिथि बालोतरा जिला कलेक्टर सुशीलकुमार व जिला पुलिस अधीक्षक हरिशंकर, विशिष्ठ अतिथि पूर्व विधायक मदन प्रजापत, विक्रमादित्यसिंह बुडी़वाडा़, माली समाज श्री राघवदास आश्रम ट्रस्ट अध्यक्ष मोहनलाल गहलोत, माली समाज भवन निर्माण समिति अध्यक्ष बाबुलाल गहलोत, लिखमारामजी शिक्षण संस्थान एवं माली समाज 84 खेडा़ के अध्यक्ष सांवलराम कच्छवाह, माली समाज न्याति बगीची अध्यक्ष पारसमल परिहार, भाजपा पूर्व जिला अध्यक्ष महेश बी चौहान, भाजपा जिला महामंत्री अमराराम सुंदेशा व संस्कार भारती के प्रांतीय महामंत्री पूनमचंद सुथार ने लोक कला एवं संस्कृति की विरासत से जुड़े विभिन्न पहलुओं प्रकाश डाला। वहीं मशहूर भजन गायक प्रकाश माली ने फाग गीत की ऐसी प्रस्तुति दी कि मंचासीन अतिथि व दर्शकगण अपने आपको ठुमके लगाने से नही रोक सके। समारोह के दौरान अतिथियों, भामाशाहों, प्रायोजक सहयोगियों व गेरदलों के प्रतिभागियों का साफा पहना, माल्यार्पण एवं स्मृति-चिन्ह प्रदान कर स्वागत-अभिनंदन किया गया। संचालन डूंगर माली व नरपत कच्छवाह ने किया।

#### प्रायोजक बने ये भामाशाह

21 वें लोक विरासत- 2025 होली फाग महोत्सव कार्यक्रम में माली समाज सहित अन्य कई भामाशाह व ट्रस्ट आगे आए। इनमें मुकनाराम, श्रद्धेय कानाराम, कानाराम/ऊकाराम परमार दीपक मेडिकोज ग्रुप आसोतरा-वापी, बालोतरा वाटर पोल्यूसन कन्ट्रोल ट्रीटमेंट एण्ड रिसर्च फाउंडेशन ट्रस्ट, बाबुलाल, छगनलाल, पुखराज, विकास पंवार हेम इण्डिया मिल्स (रजि.) व मां अर्बुदा मिल्स, परमेश्वर/मिश्रीमल चौहान पचपदरा चौहान डेयरी-चौहान वाटर कूलर, मोहनलाल/चुन्नीलाल गहलोत-केशव माधव धूप बत्ती तथा किशन, रमेश/भेराराम प्रजापत महा सुभद्रा हार्डवेयर सैनेट्री-कृष्णा सेल्स एजेन्सी, प्रकाशचंद/रतिराम पंवार-हिंगलाज इन्टरप्राईजेज एवं बाबुलाल, सुरेशकुमार, जीवाराम, ओमप्रकाश/शंकरलाल पंवार-वीआईपी ग्रुप बत्तौर प्रायोजक के रूप में सहभागिता निभाई।

## भीलवाड़ा पुलिस की बड़ी कार्रवाई : 40 किलो 675 ग्राम डोडा चूरा के साथ युवक गिरफ्तार

बढ़ता राजस्थान



**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** थाना सदर पुलिस ने अवैध मादक पदार्थ की तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 40 किलो 675 ग्राम डोडा चूरा के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से तस्करी में प्रयुक्त स्विफ्ट डिजायर कार और दो खुले टायर भी जब्त किए हैं। घटना 22 मार्च 2025 की सुबह की है, जब थाना सदर पुलिस की टीम कोटड़ी चौराहा हाईवे पुलिया के पास नाकाबंदी कर वाहनों की जांच कर रही थी। इसी दौरान करीब 8.30 बजे अगरपुरा की ओर से सफेद रंग की स्विफ्ट डिजायर कार आई। पुलिस टीम और जीप को देखकर चालक ने नाकाबंदी से पहले ही कार रोक दी, जिससे संदेह होने पर पुलिस ने कार की तलाशी ली। कार चला रहे युवक ने पूछताछ में अपना नाम प्रकाश पुत्र धन्नाराम जाट, उम्र 23 वर्ष, निवासी जेवलिया की ढाणी, किटीया, थाना पीलवा, जिला डीडवाना कुचामन बताया। जब पुलिस ने कार की डिग्गी की तलाशी ली तो उसमें रखे दो प्लास्टिक के काले कट्टों में भारी मात्रा में डोडा चूरा पाया गया। इनका कुल वजन 40 किलो 675 ग्राम निकला। प्रकाश जाट के पास इस मादक पदार्थ के परिवहन का कोई वैध लाइसेंस या परमिट नहीं था। इस पर पुलिस ने उसे एनडीपीएस एक्ट की धारा 8/15 के तहत गिरफ्तार कर लिया और मामला संख्या 69/2025 दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है। इस कार्रवाई में थाना सदर भीलवाड़ा के थानाधिकारी कैलाश कुमार विश्नोई के नेतृत्व में पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल जगदीशचंद्र, जयप्रकाश, कांस्टेबल कमल किशोर, विनोद, ताराचंद, महादेव और हेमराज शामिल थे। पुलिस आरोपी से पूछताछ कर रही है कि वह यह मादक पदार्थ कहां से लाया और इसे कहां ले जा रहा था।

## शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा कपासन की बैठक में कार्य योजना बनाई



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा की बैठक का रविवार को आयोजन किया गया ।जिसमे विभिन्न जागरूकता संबंधी कार्य योजना बनाई गयी।

शिक्षक संघ उपशाखा मंत्री शांतिलाल शर्मा ने बताया कि नगर कपासन के राजमार्ग स्थित दुर्गा माताजी मंदिर परिसर में राजस्थान शिक्षक संघ राष्ट्रीय उपशाखा कपासन की बैठक का जिलाध्यक्ष पूरणमल लोहार,उपसभाध्यक्ष सैयद मुकरर्म अली एवं उपशाखा कपासन अध्यक्ष राजेन्द्र व्यास की उपस्थिति में आयोजन किया गया ।उक्त बैठक में संगठन द्वारा निर्धारित बिन्दुओ पर जिलाध्यक्ष पूरणमल लोहार ने विस्तृत चर्चा कर संकुल रचना,वर्ष प्रतिपदा उत्सव, सामाजिक समरसता दिवस,मेरा विद्यालय मेरा तीर्थ संकल्प, वार्षिक सदस्यता अभियान,बालिका शिक्षा जागरूकता की कार्ययोजना बनाने सहित शिक्षकों की विभिन्न समस्याओ पदोन्नति, स्थानांतरण, वेतन विसंगति,विद्यालय बजट आदि बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी। इस अवसर बैठक में गोपालकृष्ण नामधर,मनमोहन आचार्य, रमाकांत त्रिपाठी,अमराराम,योगेन्द्र आदि शिक्षक संघ पदाधिकारी एवं सदस्यगण उपस्थित रहे।

## संगम यूनिवर्सिटी के छात्रों ने लहराया परचम

बढ़ता राजस्थान




**भीलवाड़ा ( अमित शर्मा )।** संगम यूनिवर्सिटी के छात्रों ने आल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन, नई दिल्ली द्वारा भोपाल, मध्य प्रदेश में आयोजित बिज़नेस सिमुलेशन प्रतियोगिता में मध्य भारत की 39 टीमों में द्वितीय, तृतीय और चतुर्थ स्थान प्राप्त किया ।कौशल विकास और उद्यामिता केंद्र के डिप्टी डायरेक्टर डॉ. मनोज कुमावत के नेतृत्व में 10 छात्रों (तीन टीम) को इस प्रतियोगिता की तैयारी करवाई गयी। इसके अंतर्गत बिज़नेस सिमुलेशन द्वारा छात्र बाजार के परिणामों का विश्लेषण करते हैं। 19 मार्च से 21 मार्च तक चली इस 3 दिवसीय प्रतियोगिता में अलग अलग राज्यों से विश्वविद्यालयों ने हिस्सा लिया ।विजेता टीम राष्ट्रीय स्तर पर कोयाम्बतुर, तमिलनाडु में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में संगम यूनिवर्सिटी का नेतृत्व करेंगी ।विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कुलपति प्रो. करुणेश सक्सेना ने इसे एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताया जिसमे छात्रों ने अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन किया ।प्रो. मानस रंजन, उपकुलपति तथा रजिस्ट्रार प्रो. राजीव मेहता ने छात्रों को शुभकामनाएं दी। छात्रों की टीम को निकिता राठौड के मार्गदर्शन में भेजा गया ।विजेता टीम में नंदिनी टिबरेवाल, कुमकुम शर्मा, आर्यन साहनी, दीपक यादव, नवांश जागेटिया, प्रियांशु राठी, नीति व्यास, समर्था चौधरी, रूद्र सिंह और योगेश यादव ने सराहनीय प्रदर्शन किया।

## शहीद दिवस के अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन किया



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला ( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के गंगधार में शहीद दिवस के अवसर पर रामनवमी मंडल गंगधार के तत्वाधान में हजारी बाग में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया जिसमे 95 यूनिट रक्त एकत्र किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारंभ भगवान हनुमान जी को माल्यार्पण कर शहीद भगत सिंह, सुखदेव ,राजगुरु को श्रद्धांजलि देकर की गई,शिविर रक्तदान दाताओं को रामनवमी मंडल चावड़ी बाजार की ओर से पक्षियों के लिए परिंडे देकर सम्मानित किया गया। शिविर में रक्त रुधिरा बल्ड सेंटर झालावाड़ द्वारा रक्त एकत्र किए गया ।शिविर में रामनवमी मंडल के अध्यक्ष कौशल शर्मा, दशरथ नंदन पांडे, पूर्व सरपंच राजेश नीमा, अशोक भंडारी, प्रमोद निगम, छात्र संघ अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह परमार, रमेश शर्मा,जितेंद्र सिंह परमार, विष्णु शर्मा, दिलीप मोरी, मथुरेश शर्मा, बंशीलाल राठौर, सोहन सिंह जोधाणा,हीरालाल वर्मा, धीरज सिंह परमार, जितेंद्र देवड़ा,आशीष भट्ट, आस्तिक निगम, आयुष शर्मा, श्याम बैरागी, सोनू शर्मा, संतोष पतंजलि, हरिओम शर्मा,अंकित राठौर रमन भंडारी नरेश निगम जितेंद्र राठौर उपस्थित रहे ।

## उल्लास नवभारत साक्षरता परीक्षा में कपासन के 1319 नव शिक्षार्थियों ने भाग लिया



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( नि.स. )।** उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत नव साक्षर शिक्षार्थियों की आंकलन परीक्षा का रविवार को कपासन ब्लॉक की 23 ग्राम पंचायतों के 57 परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित की गयी ।जिसमे 1319 नव शिक्षार्थियों ने भाग लिया।

ब्लॉक साक्षरता समन्वयक कपासन अनिल कुमार चाष्टा ने बताया कि उक्त परीक्षा हेतु कुल 111 वीक्षक पंचायत प्रारंभिक शिक्षा अधिकारीयों द्वारा नियुक्त किए गये।

साथ ही इस परीक्षा हेतु स्थानीय ब्लॉक को 1510 शिक्षार्थियों का लक्ष्य आवंटित किया गया ।जिसे 18 ग्राम पंचायतों में 70 प्रति ग्राम पंचायत तथा पांच पंचायतों में 50 प्रति ग्राम पंचायत आवंटित किया गया। उल्लेखनीय है कि उक्त परीक्षा का आयोजन स्कूल शिक्षा व साक्षरता विभाग,भारत सरकार एवं राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान द्वारा किया जा रहा है ।इसके माध्यम से नवसाक्षर शिक्षार्थियों की बुनियादी साक्षरता एवं संख्यात्मकता का आंकलन पढ़ना, लिखना एवं संख्या ज्ञान कौशल के आधार पर निर्मित प्रश्न पत्र के माध्यम से किया जा रहा है। यहां ब्लॉक कपासन में रविवार सांय 5 बजे तक 379 पुरूषों व 940 महिलाओं सहित कुल 1319 नवसाक्षर शिक्षार्थियों ने परीक्षा दी।

## स्पेशल पायनियरिंग कोर्स का समापन

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** राजस्थान राज्य भारत स्काउट व गाइड राज्य मुख्यालय जयपुर द्वारा स्टेट ट्रेनिंग सेंटर जगतपुरा में 18 से 22 मार्च तक राज्य स्तरीय स्पेशल पायनियरिंग कोर्स आयोजित किया गया। इस स्पेशल कोर्स में जिले के स्थानीय संघ कोटपूतली गैलेक्सी इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल गोवर्धनपुरा के स्काउट मास्टर व स्थानीय संघ कोटपूतली के सहायक लीडर ट्रेनर सीताराम गुप्ता का चयन हुआ एवं कोर्स में सहभागिता की। सचिव रामबीर यादव ने बताया कि 05 दिवसीय स्पेशल पायनियरिंग कोर्स में विभिन्न तरह के प्रोजेक्ट बनाना, आपदा प्रबंधन से संबंधित विभिन्न पायनियर कोर्स, एडवांस पायनियरिंग से संबंधित कोर्स में सहभागिता करते हुये सफलता हांसिल की।

## राज्यपाल हरिभाऊ बागडे आज रहेंगे बूँदी के दौरे पर

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** एडीसी राज्यपाल राजभवन के पत्र दिनांक 22.3.2025 के प्रस्तावित कार्यक्रम के अनुसार राज्यपाल हरिभाऊ बागडे राजस्थान सरकार का सोमवार 24 मार्च को बूंदी जिले में भ्रमण कार्यक्रम प्रस्तावित हैं। जिला कलेक्टर अक्षय गोदारा ने बताया कि राज्यपाल दोपहर 12.45 बजे सर्किट हाऊस बूंदी पहुंचेंगे। तत्पश्चात दोपहर 2.15 बजे जिला कलेक्ट्रेट सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक लेंगे। इसके पश्चात् अपराह्व 3.20 बजे कोटा के लिए प्रस्थान करेंगे।

# भगवान राम के राज्याभिषेक के साथ सम्पन्न हुआ बारह भाई मेला

- राजगद्दी स्थल से मेले के आय-व्यय के ब्यौरा के साथ किया सहयोगकर्ता विभागों का सम्मान
- बाबू गप्पी के कार्यक्रम में उमड़ी भीड़, भोर तक श्रोताओं ने जमकर लगाए ठहाके

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** बाड़ी कस्बे के सबसे पुराने ऐतिहासिक बारह भाई मेले का शनिवार की रात्रि को भगवान राम के राज्याभिषेक को राजगद्दी कार्यक्रम के साथ विधिवत समापन हुआ। इस दौरान भगवान राम और सभी देवी देवताओं के स्वरूपा की आरती की गई। आरती के वाद कार्यक्रम में भगवान राम को भ्राता भरत ने अयोध्या की राजगद्दी सौंपी। इस दौरान भगवान की आरती को देखने और दर्शन करने के लिए शहर की महिला और पुरुष सैकड़ों की संख्या में नेहरू पार्क में मौजूद रहे। उपखंड प्रशासन व पुलिस अधिकारियों ने कार्यक्रम में न केवल शिरकत की बल्कि भगवान की आरती उतारी और उनका आशीर्वाद भी लिया।

बारह भाई मेला कमेटी द्वारा निकाले जाने वाला सांप्रदायिक सौहार्द और भाईचारे का प्रतीक यह एक ऐसा मेला है जो विगत 167 वर्ष से शहर वासियों के सहयोग से



निकाला जा रहा है। हालांकि यह मेला राजस्थान सरकार में पंजीकृत है लेकिन मेले को आज तक कोई आर्थिक सहयोग नहीं मिला है। ना ही मिला राजस्थान में पर्यटन मंत्रालय से इसे जोड़ा गया है। जिसको लेकर कार्यक्रम में मौजूद एसडीएम,तहसीलदार से भी मेला कमेटी ओर शहर के सनजसेवी गणमान्य लोगों ने मांग की है।

**राज्याभिषेक कार्यक्रम देखने उमड़े शहर वासी :** शहर के महात्मा गांधी पार्क के ठीक सामने राजगद्दी स्थल पर नेहरू पार्क में जब भगवान राम का राज्याभिषेक किया गया तो उसे देखने के लिए शहरवासी उमड़ पड़े। इस दौरान पूर्व विधायक गिर्राज मलिंगा के साथ उपखंड अधिकारी भगवत शरण त्यागी ने सभी स्वरूपों की आरती की और उन्हें तिलक लगाया साथ में आशीर्वाद भी लिया। वहीं पुलिस के सर्किल अधिकारी सीओ महेंद्र कुमार शर्मा ने भी सभी स्वरूपों की पूजा-अर्चना की। इस दौरान कोतवाली एसएचओ महेंद्र सिंह,सदर एसएचओ,डीएसटी टीम सहित पुलिस के कई अधिकारी और कई थानों की टीम मौजूद रही।

**बारह भाई मेला कमेटी ने किया सम्मान**

राजगद्दी के बाद मिला समापन के कार्यक्रम में मेला कमेटी द्वारा बिजली विभाग,जलदाय विभाग,नगर पालिका,पुलिस और प्रशासन सभी अधिकारियों का मेले में अच्छी व्यवस्था के लिए मंच से सम्मान किया और विगत वर्ष के मेले के आय-व्यय का ब्यौरा आमजन के सामने रखा।



## छातडी गांव में आग से पीड़ित परिवार को मदद, 31 हजार रुपये की राशि भेंट की

बढ़ता राजस्थान

**देवली ( गोविंद सिंह सेठी )।** उपखंड क्षेत्र के छातडी गांव में बीती रात को हुए अग्नि दुर्घटना में पांचू लाल भील के परिवार के तीन लोग गंभीर रूप से झुलस गए । इस दुर्घटना में आठ माह की एक मासूम बालिका आग की चपेट में आने से मृत्यु हो गई । जानकारी में मामला सामने है कि पांचू लाल भील के परिवार के साथ हुए इस हादसे के बाद कई समाज के लोग पीड़ित परिवार की मदद करने को लेकर आगे आए हैं । पीड़ित परिवार की मदद करने पहुंचे अख्तर उल्ला ने बताया कि ग्राम छतड़ी नेगड़िया में पांचू लाल भील के परिवार के खेत में बनी घास की टपरी अचानक से आग लग गई थी । इस दुर्घटना में पीड़ित परिवार को जान माल का नुकसान उठाना पड़ा है । बताया जा रहा है कि । पांचू लाल कच्ची टापरी में अपना गुजर बसर कर रहा था। ऐसे उक्त गरीब परिवार की टपरी आग की चपेट में आ गई ।

इस दुर्घटना में एक आठ माह की बच्ची मौके पर ही झुलस जाने से मौत हो गई। तो वहीं एक ओर बालिका और एक महिला अद हालत में झुलस गई है। साथ ही भैंस बकरी भी आग की चपेट में आ गए हैं जिनकी भी मौके पर मौत हो गई। इस दुर्घटना में गरीब परिवार को काफी आर्थिक नुक्सान पहुंचा है। इसे ध्यान में रखते हुए सहायता पहुंचाने में बीसलपुर बांध के मछली ठेकेदार आवेश कुरेशी रईस पठान सोजी हाड़ा दीपू जूनिया दयाराम कीर रफीक अब्बासी किशन कीर रमेश मीना देवपुरा मथुरा लाल मीना बोरडा असलम शेख अपनी ओर से पीड़ित परिवार को 31 हजार रुपए कि नगद राशि मदद के तौर पर भेंट की है।

## श्री छः न्याति ब्राह्मण महासंघ सरदारशहर कार्यकारिणी की बैठक आयोजित, 10 अप्रैल को होगा शपथ ग्रहण समारोह

बढ़ता राजस्थान

**सरदारशहर ( सुरेश लाटा )।** श्री छः न्याति ब्राह्मण महासंघ सरदार शहर की आम बैठक श्री लोक रंजन परिषद सरदारशहर में आयोजित हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता श्री कमला प्रसाद जोशी के द्वारा की गई । संस्था के अध्यक्ष शंभूदयाल पांडिया के द्वारा आगामी 10 अप्रैल को कार्यकारिणी का शपथग्रहण समारोह आयोजित होने सम्बंधित प्रस्ताव दिया। जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। कार्यक्रम में संरक्षक मुखराम नाथोलिया द्वारा संस्था के कार्यों पर प्रकाश डाला गया। सुरेन्द्र दाधीच ने बताया शीघ्र ही संस्था के द्वारा सदस्यता अभियान शुरू कर संस्था को मजबूती प्रदान करेंगे। जिसे संस्था



के सदस्यों से अनुमोदित कर इक्किस सदस्यों द्वारा सदस्यता ग्रहण कर शुरू किया गया। संस्था के उपाध्यक्ष विनोद जोशी ने कहा युवाओं को अधिक से अधिक जोड़ना होगा ताकी समाज की प्रतिभाओं को विभिन्न क्षेत्रों में आगे लाकर अपनी सजग उपस्थिति दर्ज करवा सके। संस्था के महामंत्री अभिषेक पारीक ने आगामी कार्यक्रम के बारे में प्रतिवेदन प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में नवल किशोर शर्मा ने कहा ब्राह्मण सदैव सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय की संकल्पना को साकार करने वाला समाज है। इन्हीं संस्कारों को आगे बढ़ाने के लिए कार्यक्रम में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करना अत्यधिक आवश्यक है।

कार्यक्रम में पार्षद लाल बहादुर सेवदा के द्वारा सामाजिक कार्यों में बढ़ रहे अनावश्यक खर्चो को नियंत्रित करने की अपील की , इन खर्चों पर अंकुश लगाया जाना आवश्यक है । जिसकी पहल हमें करनी पड़ेगी। आलोक महर्षि के द्वारा आगामी दिनों में ग्रामीण क्षेत्रों में टीमों का गठन करने पर जोर दिया। ताकि गांव में भी संगठन को मजबूती प्रदान की जा सके। इस अवसर पर आयोजन समिति के द्वारा दस सदस्यों की एक टीम का गठन किया गया। इस अवसर पर कमला प्रसाद जोशी,शंभूदयाल पांडीया, मुखराम नाथोलिया, नवल किशोर शर्मा, ओमप्रकाश तिवारी, महेंद्र देरासरी, जीवण जोशी, विनोद जोशी, अतुल सेवदा, कमलकांत शर्मा, बलदेव शर्मा, आलोक महर्षि, सुरेश लाटा, ताराचंद शर्मा, हरिकृष्ण शर्मा, बजरंग शर्मा, लालबहादुर सेवदा, मनोज शर्मा, भींवाराम शर्मा, अभिषेक पारीक, अंजनी नाथोलिया सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## डॉ अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी के तत्वावधान में शहीद दिवस पर आयोजित हुआ रक्तदान शिविर, 221 यूनिट हुआ रक्तदान



बढ़ता राजस्थान

**अजमेर/भीलवाड़ा ( घनश्याम दास )।** डॉ अंबेडकर मेमोरियल वेलफेयर सोसायटी भीलवाड़ा के तत्वावधान में शहीद-ऐ-आजम भगत सिंह राजगुरु सुखदेव की पुण्यतिथि के अवसर पर संगीत कला केंद्र में रक्तदान शिविर कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ शाहपुरा कांग्रेस विधायक प्रत्याशी नरेंद्र कुमार रेगर ने देश के वीर सपूतों को पुष्प अर्पित कर देश के वीरों के बलिदान को याद कर करते हुए शहीद दिवस पर पुष्पांजलि अर्पित कर श्रदांजलि दी।

सोसायटी जिलाध्यक्ष सोहन लाल भोजपुरिया ने बताया कि देश सेवा के लिए समर्पित होने की असीम प्रेरणा लेकर प्रति वर्ष की भांति इस वर्ष भी विशाल रक्तदान शिविर आयोजित हुआ । जिसमें महात्मा गांधी चिकित्सालय और अरिहंत हॉस्पिटल की टीमों के द्वारा रक्त संग्रहण किया और शिविर में 221यूनिट रक्तदान एकत्रित हुआ । साथ ही रक्तवीरो को प्रतीक चिन्ह के रूप में मोमेंटो और प्रशस्ति पत्र भेंट कर सम्मानित किया।

रक्तदान शिविर के शुभारंभ कार्यक्रम में विधायक अशोक कोठारी प्रदेश महासचिव जी एल वर्मा प्रधान नीरज गुर्जर हस्दु किशन चौधरी, भावेश पुरोहित,नरेंद्र गुर्जर ने कार्यक्रम में पहुंच कर रक्तदान करने पहुंचे युवाओ को प्रोत्साहित किया और देश और समाज की एकता के लिए विचार व्यक्त किये ! रक्तदान शिविर में भीलवाड़ा सोसाइटी जिला महासचिव बालू लाल मेघवंशी कोषाध्यक्ष एवं पंचायत समिति सदस्य भैरू लाल सालवी महासभा जिलाध्यक्ष कैलाश देवतवाल अम्बेडकर शिक्षक संघ जिलाध्यक्ष रामेश्वर मेघवंशी,दयाराम दिव्य,भंवर मेघवंशी,शंकर मेघवंशी,जिला परिषद सदस्य बक्सु जी बैरवा,पुर्व सरपंच कैलाश मेघवंशी,शैतान रेगर मनोज कुमार वर्मा,शिव लाल चिंताबा,एडवोकेट गणपत जेलिया चांदमल रेगर छोटूलाल रेगर रामसुख बैरवा नर्बदा देवी रेगर आदि सोसायटी के सैकड़ो सदस्यों ने भाग लिया।

## जाट समाज द्वारा कैलादेवी पदयात्रीयो क़े लिए प्रथम विशाल भण्डारा



बढ़ता राजस्थान

**हिंडौन सिटी ( अंशु गुप्ता )।** जाट समाज द्वारा कैला देवी पदयात्रीयो के लिए चौबे के बंध बेनीवाल धर्म कांटा पर बबलू डागुर भगत कि ओर से विशाल भण्डारे का शुभारंभ हुआ जिसमें हजारों यात्रियों ने प्रसादी ग्रहण की भण्डारा आयोजन बबलू डागुर ने बताया कि यह भण्डारा जब तक पैदलयात्री चलते रहेंगे तब तक चलता रहेगा भण्डारे के शुभारंभ पर जाट समाज चौरासी मीडिया प्रभारी करतार सिंह चौधरी धंधावली, ट्रक यूनियन हिण्डौनसिटी अध्यक्ष गोपाल सिंह बैनीवाल, खरैटा सरपंच प्रतिनिधि तारा सिंह डागुर, बबलू चौधरी, सियाराम फौजी, महाराज सिंह, रामवीर , रुपसिंह, रोशन सिंह, राजेश, पूरन, मानसिंह मौजूद रहे।

## अग्नि सुरक्षा पर प्रशिक्षण कार्यक्रमः छोटे-छोटे उपाय एवं अग्नि सुरक्षा की जानकारी ही बचाव है



बढ़ता राजस्थान

**भिवाड़ी ( मुकेश शर्मा )।** 23 मार्च दिन रविवार को अग्नि सुरक्षा की जानकारी हेतु फायर कॉलेज भिवाड़ी में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें कंपनी के सुरक्षा कर्मियों, कर्मचारी एवं अन्य प्रतिष्ठानों से आए लोगों ने भाग लिया। अग्नि सुरक्षा प्रशिक्षक राजेश द्विवेदी ने सभी प्रतिभागियों को अग्नि सुरक्षा के बारे में जानकारी दी, प्रयोग में आने वाले अग्नि सुरक्षा के उपकरणों के बारे में प्रायोगिक प्रशिक्षण दिया साथ ही सभी का आपातकालीन निर्गमन एवं आपातकाल की तैयारी के बारे में भी अभ्यास कराया। सभी ने इस प्रयास की प्रशंसा की और कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम संस्थानों में स्कूलों में एवं सोसाइटियों में होते रहने चाहिए जिससे आमजन अग्नि सुरक्षा के बारे में जागरूक हो और आग से होने वाले हादसों में लगाम लगाई जा सके ।सभी प्रतिभागियों से आवाहन भी किया गया कि वह अपने घरों में , प्रतिष्ठानों में और अपनी कार में एक एक अग्नि सुरक्षा उपकरण (फायर एक्सटिंग्विशर) जिसकी शुरुआती कीमत मात्र 200 होती है अवश्य रखें जिससे हादसे के समय तुरंत नियंत्रण पाया जा सके ।

## बाबा मोहन राम खोली धाम की 125वी परिक्रमा का मनमोहक आयोजन किया



बढ़ता राजस्थान

**भिवाड़ी ( मुकेश शर्मा )।** भारत विकास परिषद (भिवाड़ी) बाबा मोहन राम जागृति मंडल के संयुक्त तत्वावधान में बाबा मोहन राम खोली धाम की 125वी परिक्रमा का मनमोहक आयोजन किया गया।जिसमें 125 ध्वजा और डी जे, ढोल के साथ लोग नाचते गाते परिक्रमा कैपिटल ग्रीन से चल कर खिदरपुर गोधान होते हुए बाबा मोहन काली खोली पहुंची रास्ते में परिक्रमा का जगह जगह स्वागत किया गया। इस अवसर पर भारत विकास परिषद के अध्यक्ष डॉ राकेश सोनी ने सभी को अपने। जन्म दिवस पे मां के नाम 1पेड़ लगाने का आह्वान किया। बाबा मोहन राम जागृति मंडल के अध्यक्ष संजीव अग्रवाल ने कहा की बाबा मोहन राम जी की परिक्रमा हमारे समाज और संस्कृति का एक महत्वपूर्ण आध्यात्मिक पर्व है,जो भक्तों को भक्ति समर्पण और सेवा की प्रेरणा देता है।यह आयोजन बरसों से श्रद्धालुओं के आस्था और विश्वाश का प्रतीक बना हुआ है। इस अवसर पर भक्त गण बाबा जी की कृपा प्राप्त करने के लिए परिक्रमा मे भाग लेते है। और अपने जीवन को मंगलमय बनाने की कामना करते है। ....अन्नपूर्णा भंडार में सुंदर चाय पकौड़ों की व्यवस्था की गई जिसमें लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। परिक्रमा मार्ग गोधान शिव मंदिर पर प्रदीप भेडी परिवार और मित्रों ने बहुत सुंदर छाछ लस्सी का प्रसाद व्यवस्था किया।परिक्रमा मार्ग में श्याम जागृति मंडल के अध्यक्ष वेद खंडेलवाल ने नींबू पानी की व्यवस्था की।रेड क्रॉस सोसायटी डॉ रूप सिंह द्वारा रास्ते में मेडिकल कैम्प भी लगाया गया। इस अवसर पर बाबा मोहन राम जाग्रति मंडल के सचिव अर्जुन गुप्ता ने इस माह में जिनका जन्म दिन व मैरिज एनीवर्सरी है उन सभी को शुभकामनाएं दीं।

## एटीएम पिन बदलने के बाद कार्ड बदलकर 50 हज़ार रुपये की ठगी
### शहर के पीएनबी बैंक के बाहर एटीएम की घटना

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** जिले के बाड़ी शहर स्थित पीएनबी बैंक के एटीएम में एक व्यक्ति के साथ धोखाधड़ी की घटना हुई,जिसमें आरोपी ने एटीएम पिन बदलने के बाद एटीएम कार्ड बदलकर पचास हज़ार रुपये की जालसाजी की है। घटना शहर के वार्ड नंबर 18,मोहल्ला संतरास पाड़ा निवासी मोहम्मद शरीफ खां के साथ हुई है। पीड़ित ने बताया कि वह पत्थर की जालियों की कारीगरी का व्यापार करते हैं और मजदूरों का हिसाब करने के लिए उन्हें रुपये की आवश्यकता थी। इसके लिए वह अपनी चेकबुक और पासबुक लेकर बाड़ी की पीएनबी ब्रांच में शनिवार को दिन में 12 और 1 बजे के बीच पहुंचा तो शनिवार होने के चलते बैंक बंद था ऐसे में वह एटीएम से रुपये निकालने के लिए पीएनबी के एटीएम केबिन में पहुंचा। शरीफ ने अपना एटीएम पिन कई बार डाला लेकिन वह पिन नंबर को भूल गया ऐसे में उसने अपने बेटे को कॉल किया। तभी एक युवक एटीएम केबिन में आया। शरीफ ने उससे पूछा,बेटा, तुम कहां रहते हो,युवक ने कहा, में करौली का रहने वाला हूं और चौकी में मेरे दोस्त से मिलने आया हूं। फिर शरीफ ने युवक से कहा,बेटा,देखो इसमें रुपये क्यों नहीं निकल रहे,युवक ने जवाब दिया कि आपका पिन गलत है,पिन बदलना पड़ेगा। इसके बाद युवक ने शरीफ के एटीएम कार्ड का पिन और ओटीपी लेकर पिन बदल दिया। अब नया पिन तैयार हो चुका था। फिर युवक ने कहा कि अंकल जी,यह लीजिए अपना एटीएम कार्ड, मैं टॉयलेट जाकर आता हूं। युवक ने इस दौरान शरीफ को दूसरा एटीएम कार्ड दिया और चला गया।

कुछ समय बाद ही शरीफ को मोबाइल पर बीस हजार रुपये निकालने का पहला मैसेज आया। कुछ मिनट बाद बीस हजार का दूसरा मैसेज आया। ऐसे में शरीफ को शक हुआ तो वह तुरंत पुलिस चौकी पहुंचा और पुलिस को मामले की जानकारी दी। इस दौरान पुलिस के सामने भी एक और मैसेज दस हजार रुपये के निकलने का तीसरा मैसेज भी आया। इस दौरान किसी तरीके से शरीफ ने बाकी रुपये अपने बेटे के खाते में ट्रांसफर करवा लिए।

**कनेरा थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई**

## अफीम तस्कर से एक क्विंटल से अधिक अवैध अफीम जब्त



बढ़ता राजस्थान

**निम्बाहेड़ा ( प्रकाश खत्री )।** निम्बाहेड़ा तहसील के कनेरा थाना पुलिस ने अवैध मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ बहुत बड़ी कार्रवाई करते हुए महिन्द्रा थार जीप में परिवहन की जा रही एक क्विण्टल 02 किलो 150 ग्राम अवैध अफीम को जब्त कर कनेरा थाना क्षेत्र के एक तस्कर को गिरफ्तार किया है। जिला पुलिस की विगत कई वर्षों में यह बहुत बड़ी एक करवाई है।

गिरफ्तार आरोपी एमपी के नीमच जिले में तस्करी में वांछित हैं।पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी ने बताया कि जिला अफीम उत्पादन का वृहद क्षेत्र होने व वर्तमान में खेतो से अफीम निकालने का कार्य चल रहा है। जिससे तस्कर मादक पदार्थों की तस्करी में सक्रिय हो रहे हैं। तस्करी की रोकथाम करने व तस्करों पर लगाम कसने के लिए जिले के समस्त पुलिस अधिकारियों को विशेष निर्देश दिए गई। इसी क्रम में एएसपी सरिता सिंह के निर्देशन एंव डीएसपी निम्बाहेड़ा बद्रीलाल राव के सुपरविजन में रविवार को थानाधिकारी कनेरा महेंद्र सिह पुलिस उप निरीक्षक व जाप्ता एएसआई बालमुकुन्द सउनि, महेन्द्र कुमार सउनि, कानि. सुनिल कुमार, सुरेश, रामनिवास, वासुदेव, नेतराम, गोकुल, भवराराम मय वाहन के कनेरा-विजयपुर आम रोड थाने के बाहर दौराने नाकाबन्दी आरोपी भंवरलाल पुत्र गंगाराम धाकड़ उम्र 56 साल निवासी कोचवा थाना कनेरा जिला चितौडगढ के कब्जे शुदा बिना नम्बरी काले रंग की महिन्द्रा थार गाड़ी में 02 स्टील के डिब्बों में व 03 बेग में भरी 33 प्लास्टिक की थैलीयो मे 01 क्विण्टल 02 किलो 150 ग्राम अवैध अफीम जब्त कर आरोपी भंवरलाल धाकड़ को गिरफ्तार किया जाकर प्रकरण दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया। पुलिस के अनुसार अफीम तस्करी में पिछले लंबे समय बाद इतनी बड़ी खेप पकड़ी गई है। उक्त कार्यवाही में थानाधिकारी कनेरा महेन्द्र सिंह कानि. रामनिवास व सुनील की विशेष भूमिका रही हैं। गिरफ्तार आरोपी एमपी के नीमच जिले के जावद थाने में तस्करी में वांछित चल रहा हैं।



# कंगना रनोट @39

## एक्ट्रेस से सांसद बनने का सफर

## उद्धव से कहा था- आज मेरा घर टूटा कल तेरा गुरूर टूटेगा; थप्पड़-बयान से बटोरीं सुर्खियां

**बॉलीवुड एक्ट्रेस और सांसद कंगना रनोट आज 39 साल की हो गई हैं। कंगना का जन्म हिमाचल प्रदेश के मंडी में हुआ था। आज कंगना इसी लोकसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी की सांसद हैं। बॉलीवुड में मुकाम हासिल करने के बाद कंगना राजनीति में भी पैर जमा चुकी हैं। कंगना अपने बेबाक बयानों के लिए जानी जाती हैं। विवादों से कंगना का पुराना नाता है, यही कारण है कि उन्हें कंट्रोवर्सी क्वीन भी कहा जाता है।**

### बयानों में बड़े नेताओं को निशाने पर लेने से चर्चा में आई

कंगना एक्टिंग के साथ धीरे-धीरे राजनीति में भी इंटरेस्ट लेने लगीं। ऐसा कोई भी मुद्दा जो राष्ट्रीय चर्चा का विषय बना, कंगना ने उस पर अपना पक्ष बहुत बेबाकी से रखा। कंगना ने अपने बयानों से राजनीतिक हस्तियों को आड़े हाथों लिया है। ज्यादातर मौकों पर नेताओं को उनके बयान पसंद नहीं आए और उन्होंने उनके बयानों की गंभीर आलोचना की।

### उद्धव से कहा था- आज मेरा घर टूटा है कल तेरा घमंड टूटेगा

साल 2020, कंगना रनोट और महाराष्ट्र की शिवसेना सरकार के बीच विवाद की शुरुआत तब हुई थी, जब कंगना ने कहा था कि मुझे मुंबई पुलिस से डर लगता है। इसके बाद शिवसेना नेता संजय राउत ने कंगना को मुंबई छोड़ने की सलाह दी। इस बात को लेकर कंगना ने मुंबई की तुलना पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर से करते हुए मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को लेकर कई टिप्पणियां कीं। विवाद बढ़ा तो एक्ट्रेस ने 9 सितंबर को मुंबई आने की बात कही और कहा कि जिसको जो उखाड़ना है उखाड़ ले। इसके बाद जब वे मुंबई आईं तो उसी दिन बीएमसी ने उनके मुंबई स्थित ऑफिस में अवैध निर्माण हटाने के नाम पर जमकर तोड़फोड़ की।

### किसानों को आतंकवादी कहा

घटना साल 2020 की है, कंगना ने राजनीतिक मुद्दों पर बोलने में दिलचस्पी लेना शुरू कर दिया था। कंगना शुरू से ही राइट विंग को सपोर्ट करती हैं। दिसंबर 2020 में किसान आंदोलन के समय कंगना ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट लिखी, जिस पर इतना बवाल हुआ कि कंगना के सांसद बनने के बाद एक महिला कॉन्स्टेबल ने उन्हें थप्पड़ तक जड़ दिया था। दरअसल, 88 साल की बुजुर्ग महिला महिंदर कौर का एक वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया था। महिंदर पंजाब के किसानों के साथ मार्च करती नजर आ रही थीं। उस वक्त कंगना ने बिलकीस (शाहीन बाग प्रदर्शन में शामिल) और महिंदर कौर दोनों की तस्वीरें एक साथ पोस्ट करते हुए तंज कसा था।

'ये वही दादी हैं, जिन्हें टाइम मैगजीन की 100 सबसे प्रभावशाली व्यक्तियों की लिस्ट में शामिल किया गया था....और ये 100 रुपए में उपलब्ध हैं।'

साल 2024 में लोकसभा सांसद बनने के बाद कंगना रनोट दिल्ली आ रही थीं। मोहाली एयरपोर्ट पर सीआईएसएफ की महिला कॉन्स्टेबल ने एक्ट्रेस को थप्पड़ जड़ दिया था। कॉन्स्टेबल कुलविंदर कौर का कहना था कि कंगना ने किसान आंदोलन के दौरान जो बयान दिया था, उससे वो नाराज थी। कॉन्स्टेबल का कहना था कि किसान आंदोलन में उनकी मां भी शामिल हुई थीं।

### कहा- देश को 2014 में असली आजादी मिली

कंगना ने साल 2021 में एक टीवी शो में ऐसा बयान दिया, जिसके बाद बड़ा विवाद खड़ा हो गया। कंगना ने कहा था- भारत को साल 1947 में भीख में आजादी मिली थी और देश को असली आजादी साल 2014 में मिली। मार्च 2024 में, कंगना रनोट ने बीजेपी कैंडिडेट के तौर पर मंडी लोकसभा क्षेत्र से चुनाव लड़ा था। उन्होंने 72 हजार वोटों के अंतर से कांग्रेस कैंडिडेट विक्रमादित्य सिंह को हराया था।

### बयानों पर भाजपा ने चेतावनी दी

कंगना सभी मुद्दों पर अपनी राय रखती हैं। 2024 में सांसद बनने के बाद भी कंगना ने कुछ ऐसे बयान दिए कि खुद की ही पार्टी बीजेपी ने उन्हें सख्त हिदायत देते हुए कहा कि वे इस प्रकार के कोई बयान भविष्य में न दें।

कंगना ने कहा था कि अगर हमारा शीर्ष नेतृत्व मजबूत नहीं रहता तो किसान आंदोलन के दौरान पंजाब को भी बांग्लादेश बना दिया जाता। पंजाब में किसान आंदोलन के नाम पर उपद्रवी हिंसा फैला रहे थे। वहां रेप और हत्याएं हो रही थीं। किसान बिल को वापस ले लिया गया वरना इन उपद्रवियों की बहुत लंबी प्लानिंग थी। वे देश में कुछ भी कर सकते थे। कंगना के सांसद बनने के बाद उनका एक पुराना बयान भी काफी सुर्खियों में आया था। जिसमें उन्होंने कहा था कि वो चुनाव जीतने के बाद फिल्म इंडस्ट्री छोड़ देंगी। हालांकि कंगना ने फिल्म इंडस्ट्री नहीं छोड़ी। हाल ही में कंगना की फिल्म इमरजेंसी रिलीज हुई थी।

### राजनीति और बॉलीवुड पर दिए बयानों ने बनाया कंट्रोवर्सी क्वीन

कंगना को दिए एक पुराने इंटरव्यू में कहा था- मैंने इंडस्ट्री में फैले सेक्सिज्म, नेपोटिज्म और आइटम नंबर्स के खिलाफ हमेशा से ही बोला है। मी टू मूवमेंट के वक्त भी मैंने काफी लोगों की पोल खोली थी। सुशांत सिंह राजपूत के सुसाइड के वक्त भी मैंने काफी खुलासे किए, जिसकी वजह से काफी लोगों को मिर्ची लगी थी।

### दिल्ली में गुजारे के लिए छोटे-मोटे काम किए

15 साल की छोटी उम्र में ही कंगना ने अपनी राहें परिवार से जुदा कर लीं और दिल्ली पहुंच गईं। दिल्ली पहुंचने के बाद किस्मत और मेहनत से उन्हें एलीट मॉडलिंग एजेंसी में काम मिला। वहां पर कुछ असाइनमेंट करने के बाद कंगना ने थिएटर का रुख किया। उन्होंने एक्टिंग करियर की शुरुआत अस्मिता थिएटर ग्रुप से की। एक्टिंग की ट्रेनिंग जाने-माने रंगमंच निर्देशक अरविंद गौड़ से ली। 5-6 महीने की कड़ी मशक्कत के बाद उन्होंने अरविंद के थिएटर वर्कशॉप इंडिया हैबिटेट सेंटर में भाग लिया। उनका पहला नाटक गिरीश कर्नाड का %रक्त कल्याण% था। कंगना चंद महीनों तक दिल्ली में रहकर मॉडलिंग, एंकरिंग और बैक स्टेज एक्टिंग जैसे छोटे-मोटे काम करती रहीं और फिर सपनों के शहर मुंबई आ गईं। जब पिता को इस बात की खबर लगी तो वो बेहद नाराज हुए और बेटी से बातचीत पूरी तरह बंद कर दी।



### 15 साल की उम्र में घर से भागी, स्ट्रगल कर एक्ट्रेस बनीं

कंगना के पिता अमरदीप रनोट बिजनेसमैन और मां स्कूल टीचर थीं। पिता बेटी को डॉक्टर बनाना चाहते थे, लेकिन कंगना ने अपनी जिंदगी का रास्ता पहले से ही तय कर रखा था। मेडिकल की पढ़ाई के लिए कंगना का एडमिशन चंडीगढ़ के डीएवी स्कूल में कराया गया था, लेकिन उन्हें मेडिकल की पढ़ाई में बिल्कुल इंटरेस्ट नहीं था। वह कुछ अलग करना चाहती थीं। कंगना स्कूल में फ्रेशर्स नाइट फेयरवेल पार्टी में मॉडलिंग करती थीं। कंगना को मॉडलिंग इतनी पसंद आने लगी कि उन्होंने स्कूल जाना ही छोड़ दिया। जब ये बात पिता को पता चली, तो उन्होंने कंगना की जमकर पिटाई की, लेकिन उन पर इसका कोई असर नहीं हुआ। कंगना ने ठान लिया था कि वह एक्ट्रेस ही बनेंगीं। इस फैसले के साथ महज 15 साल की उम्र में उन्होंने घर छोड़ दिया था।

### जद्दोजहद के बाद मिला पहला रोल, बेस्ट डेब्यू एक्ट्रेस का अवॉर्ड भी जीता

कंगना के लिए फिल्म में एक्टिंग करने का मौका पाना इतना आसान नहीं था। एक्ट्रेस को काफी जद्दोजहद करने के बाद अपना पहला रोल मिला था। कंगना को अंग्रेजी नहीं आने की वजह से इंडस्ट्री के लोग उनका मजाक उड़ाते थे, लेकिन उन्होंने इसे एक टास्क के तौर पर लिया और अंग्रेजी सीख कर खुद को साबित किया। कंगना ने अपने बॉलीवुड करियर की शुरुआत साल 2006 में अनुराग बसु की फिल्म गैंगस्टर से की थी। अपने पहले ही रोल के लिए उन्हें बेस्ट डेब्यू एक्ट्रेस का फिल्मफेयर अवॉर्ड भी मिला। फिल्म की सफलता के बाद उन्हें बॉलीवुड में मीना कुमारी की तरह ट्रैजडी क्वीन कहा जाने लगा। कहा जाता है कि अनुराग ने कंगना को सबसे पहले एक कॉफी शॉप पर स्पॉट किया था। इसके बाद उन्होंने कंगना को फिल्म के लिए साइन कर लिया था। हालांकि कंगना का कहना है कि कॉफी शॉप वाली बात पीआर टीम की कहानी थी, असल में ऐसा कुछ नहीं हुआ था।

### मुंबई आकर ड्रग एडिक्ट बनीं, फिर रिहेब कर छोड़ी लत


साल 2020 में कंगना ने खुद इस बात को कबूल किया था कि बॉलीवुड इंडस्ट्री में आने के बाद उन्हें ड्रग्स लेने की लत लग गई थी। 29 मार्च 2020 को कंगना रनोट ने अपने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो अपलोड किया। जिसमें वह कह रहीं है कि मैं कुछ सालों में ही फिल्म स्टार बन गई थी। इंडस्ट्री में आने के बाद मैं ड्रग एडिक्ट हो गई थी। मेरे जीवन में बहुत कुछ हो रहा था। मैं गलत लोगों के हाथों में पड़ गई और यह सब तब हुआ जब मैं यंग ऐज में थी। कंगना ने दैनिक भास्कर को दिए एक इंटरव्यू में बॉलीवुड इंडस्ट्री के कल्चर को लेकर कहा था- मैं 2004 में मुंबई आई थी। 2006 में पहली फिल्म मिली। 2014 तक मुझे एक साधारण एक्ट्रेस के तौर पर देखा जाता था। इंडस्ट्री वालों का मुझे लेकर सकारात्मक रवैया था। 2014 के बाद जब मेरी फिल्में हिट होना शुरू हो गईं तो इनका दिमाग हिलने लगा।

# 'सिकंदर' ट्रेलर लॉन्च इवेंट में दिखा सलमान का न्यू लुक : पिता सलीम खान के साथ नजर आए; रश्मिका मंदाना-साजिद नाडियाडवाला सहित कई सितारे पहुंचे









सलमान खान की मच-अवेटेड एक्शन थ्रिलर फिल्म सिकंदर का रविवार को मुंबई में ट्रेलर लॉन्च इवेंट रखा गया। इस इवेंट में सलमान खान, पिता सलीम खान के साथ नजर आए। इसके अलावा इस इवेंट में रश्मिका मंदाना, शरमन जोशी, वरुण धवन की भतीजी अंजनी धवन, काजल अग्रवाल समेत फिल्म के डायरेक्टर ए. आर. मुरुगदास और प्रोड्यूसर साजिद नाडियाडवाला भी दिखाई दिए।

ट्रेलर लॉन्च इवेंट में पहुंचे ये कलाकार फिल्म में सलमान के अलावा रश्मिका मंदाना, काजल अग्रवाल, शरमन जोशी और प्रतीक बब्बर भी नजर आएंगे। ए. आर. मुरुगदास द्वारा निर्देशित और साजिद नाडियाडवाला द्वारा निर्मित यह फिल्म 30 मार्च को ईद के मौके पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

दुनिया में हर इंसान अलग है, इसलिए जो जैसा है उसे वैसा स्वीकार करना सीखें।
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान



## पोकरण में जिला अधिकारियों की बैठक

# पेयजल व विद्युत आपूर्ति व्यवस्था सुचारू रहे इसको लें सर्वोच्च प्राथमिकता में, पात्र लोगों को योजनाओं से करें लाभान्वित : शेखावत



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** केन्द्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेन्द्रसिंह शेखावत ने गर्मी ऋतु को ध्यान में रखते हुए जलदाय एवं विद्युत विभाग के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिये कि वे जैसलमेर जिले में पेयजल एवं विद्युत आपूर्ति व्यवस्था प्रबंधन को बेहतर करके लोगों को समय पर पीने का पानी उपलब्ध करावें एवं इस कार्य को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने हिदायत दी कि पानी-बिजली आपूर्ति की व्यवस्था में किसी प्रकार की कोताही को बर्दास्त नहीं किया जायेगा। केन्द्रीय पर्यटन मंत्री श्री शेखावत रविवार को जैसलमेर जिले की पंचायत समिति सांकड़ा मुख्यालय पोकरण के सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे।

**गर्मी में टीम भावना से कार्य कर लोगों को समय पर पिलायें पानी :** बैठक में केन्द्रीय मंत्री श्री शेखावत ने जलदाय विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे 15 अप्रेल तक कंटीजेन्सी प्लान के तहत जो भी कार्यवाही करनी है वे कर दें एवं जितने भी नलकूप या हैण्डपम्प खोदने है उनको भी खुदवा दें। उन्होंने विद्युत एवं जलदाय विभाग के अभियन्ताओं को गर्मी के चार माह में टीम भावना से कार्य कर लोगों को समय पर पीने का पानी उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया। साथ ही उन्होंने 15 अप्रेल तक जलदाय विभाग के नलकूपों को विद्युत कनेक्शन से जोड़ने की कार्यवाही करने के निर्देश दिये। उन्होंने नहर बंदी को ध्यान में रखते हुए पर्याप्त मात्रा में पीने के पानी के भण्डारण का बेहतर प्रबंध करने के निर्देश दिये। उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारियों को अवैध जल कनैक्शन कटाने एवं पुलिस विभाग को इसमें पूरा सहयोग देने के निर्देश दिये। उन्होंने मुख्य कार्यकारी अधिकारी को कहा कि वे गर्मी के चार महिनों में पेयजल आपूर्ति व्यवस्था की मॉनिटरिंग के लिए एक प्रशासनिक अधिकारी को लगायें।

**विद्युत वॉल्टेज में लायें सुधार :** पोकरण विधायक महंत श्री प्रतापपुरी ने पोकरण क्षेत्र के नाचना में विद्युत वॉल्टेज में सुधार लाने के साथ ही पोकरण शहर में पानी की आपूर्ति सुचारू करने पर जोर दिया। बैठक में पोकरण विधायक महंत श्री प्रतापपुरी, पंचायत समिति सांकड़ा के प्रधान श्री भगवतसिंह तंवर, नगरपालिका पोकरण के अध्यक्ष श्री मनीष पुरोहित, मुख्य कार्यकारी अधिकारी रश्मि रानी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। इस दौरान पावर पॉइंट प्रजेन्टेशन के माध्यम से विभागीय गतिविधियों एवं उनकी प्रगति को प्रदर्शित किया गया।

### जनसुनवाई से आमजन को दें राहत

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे आमजन की समस्याओं के निराकरण के लिए जन सुनवाई कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाएं एवं उनकों राहत देकर सुशासन का संदेश आमजन को दें। उन्होंने केन्द्र एवं राज्य सरकार की जन कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे पात्र लोगों को लाभान्वित कर उनका आर्थिक उत्थान कराएं। उन्होंने सांसद एवं विधायक स्थानीय क्षेत्र विकास कोष के कार्यों को समय सीमा में पूरा कराने तथा महानरेगा के कार्यों में गति लाने के निर्देश दिये। उन्होंने अतिरिक्त जिला कलक्टर को कहा कि वे नगरपालिका पोकरण में विकास कार्यों के सम्पादन के लिए नगर परिषद् जैसलमेर से लगाये गये कनिष्ठ अभियन्ता को सप्ताह में दो दिवस सोमवार एवं मंगलवार की उपस्थिति अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करावें।

### जल जीवन मिशन में एक भी गांव व ढाणी नहीं छूटे

केन्द्रीय मंत्री ने जल जीवन मिशन की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारी को निर्देश दिये कि वे पोकरण विधायक के साथ बैठक कर सर्वे के दौरान जो भी ढाणी या गांव मिशन में छूट गये है उनके प्रस्ताव गम्भीरता से लेवें एवं यह सुनिश्चित करें कि कोई भी गांव जल जीवन मिशन में जुड़ने से वंचित नहीं रहे। उन्होंने जल जीवन मिशन के कार्य में गति लाने पर भी विशेष जोर दिया।




राजस्थानी भाषा के लालित्य से रूबरू कराकर विदा हुआ विजयदान देथा साहित्य उत्सव

# मुख्यमंत्री शर्मा की पहल पर राजस्थानी भाषा के संवर्धन को समर्पित 'विजयदान देथा साहित्य उत्सव' का हुआ भव्य समापन

जयपुर।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की पहल पर राजस्थानी भाषा के प्रचार-प्रसार और संवर्धन के लिए 21 मार्च से 23 मार्च तक जयपुर के जवाहर कला केंद्र में 'विजयदान देथा साहित्य उत्सव' का आयोजन किया गया। इस तीन दिवसीय भव्य साहित्य उत्सव के अंतिम दिन राजस्थानी भाषा, साहित्य और संस्कृति के साहित्यकारों, कवियों, विद्वानों और भाषा प्रेमियों ने भाग लिया। उत्सव में 10 सत्रों में लगभग 50 साहित्यकारों ने राजस्थानी भाषा के इतिहास, महत्व, विजयदान देथा, रानी लक्ष्मी कुमारी चुंडावत, सीताराम लालस, नृसिंह राजपुरोहित, किशोर कल्पनाकांत, चतर सिंह बावजी, ओम पुरोहित कागद, कन्हैया लाल सेठिया सरीखे साहित्यकारों के लेखन, साहित्य लेखन में महिलाओं के योगदान पर प्रकाश डाला।

### राजस्थानी कहानियां सबसे पुरानी

प्रात:कालीन सभा में तुषार शर्मा व साथी कलाकारों ने गायन प्रस्तुति दी। नृसिंह राजपुरोहित सत्र में राजस्थानी भासा रो कथा संसार विषय पर मनोहर सिंह राठौड़, दिनेश पांचाल, शिवराज भारतीय ने विचार रखे, विजय जोशी सूत्रधार रहे। दिनेश पांचाल ने कहा कि कहानी विचारों में उपजती है और शब्दों के रूप में साकार होती है। राजस्थान ऐसा प्रदेश है जिससे विभिन्न राज्यों और अंतर्राष्ट्रीय सीमा भी लगती है यही कारण है कि राजस्थानी में भाषागत प्रभाव देखने को मिलता है। विजयदान देथा ने राजस्थानी लोक कथाओं को एक जाजम पर लाकर राजस्थानी कहानी लेखन का बीजारोपण किया। मनोहर सिंह राठौड़ ने कहा कि राजस्थानी कहानियां बच्चे के जन्म से शुरू होती है और मृत्यु के साथ खत्म होती है। बिज्जी दुनिया में राजस्थानी के पर्याय बने और सभी को राजस्थानी सीखने को प्रेरित किया।

उन्होंने कहा कि राजस्थानी कहानियां बताती है कि आम आदमी भी नायक हो सकता है। रचना में रस उत्पन्न करना ही कहानीकार की सफलता है। संवेदना जीवित रखना साहित्य का उद्देश्य है। शिवराज भारतीय ने कहा कि लोक मां है, हम सभी उसके साथ ही पले हैं, लोक ने ही हमें संस्कार दिए हैं। विजय जोशी ने बताया कि राजस्थानी कहानियों का इतिहास सबसे पुराना है। यह व्रत कथाओं के निर्माण से शुरू हुई जो हमारे त्योंहारों और परंपराओं के साथ आगे बढ़ी है।

### कविता लेखन में प्रयोग जरूरी

ओम पुरोहित कागद सत्र में राजस्थानी री नूंवी कवितावां विषय पर चर्चा हुई। इसमें मदन गोपाल लढ़ा, रवि पुरोहित और घनश्याम नाथ कच्छावा ने अपनी बात रखी, मोनिका गौड़ ने समन्वय किया। मदन गोपाल लढ़ा ने कहा कि कविताओं पर समय चक्र का प्रभाव देखने को मिलता है। राजस्थानी कविताओं में पहले युद्ध, फिर रंग—रूप का जिक्र हुआ और अब कविताएं संवेदना और विचार के मामले में वैश्विक हुई है। घनश्याम नाथ कच्छावा ने कहा कि लोगों को जोड़ने के लिए कविताएं लिखी जाती है। नई पीढ़ी के विचारों को आखर स्वरूप देने के लिए नए तरीके अपनाने पड़ेंगे। रवि पुरोहित ने कहा कि आधुनिक दौर में व्यस्तता का हवाला देते हुए लोग साहित्य से किनारा बनाते है लेकिन कविताएं या साहित्यिक रचनाएँ स्वयं से साक्षात्कार करवाती हैं और सुकून देती है। इसलिए इसकी प्रासंगिकता सदैव बनी रहेगी, सीखना और जानना है तो समय निकालना होगा। मृदुला कोठारी ने कन्हैया लाल सेठिया के लेखन और महिला लेखन पर प्रकाश डाला।

### भाषा करती है जोड़ने का काम

कन्हैया लाल सेठिया सत्र प्रवासी राजस्थानियों को समर्पित रहा। राजस्थानी देस दिसावर विषय पर मृदुला कोठारी, गौरीशंकर भावुक, दिनेश जांगिड़ ने अपने विचार व्यक्त किए, ललित शर्मा ने मॉडरेशन किया। दिनेश जांगिड़ ने कहा कि भाषा के साथ ही संस्कृति आगे बढ़ती है। कहीं भी रहे यदि राजस्थानी बोलने वाला व्यक्ति हमें मिलता है तो अलग जुड़ाव महसूस होता है और प्रदेश की यादें ताज़ा हो जाती है।

उन्होंने राजस्थानी रचनाओं के अनुवाद और शोध पर जोर दिया। गौरी शंकर भावुक ने हर क्षेत्र में राजस्थानी भाषा के रचनाओं को संग्रहित कर लाइब्रेरी बनाने पर जोर दिया। उन्होंने यह भी कहा कि जब अन्य क्षेत्रों में जाकर वहां की क्षेत्रीय भाषा सीखी जा सकती है तो राजस्थानी सीखने और बोलने में कोई दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

### अधिक बोलियां भाषा की समृद्धता–

**समापन सत्र में मुख्य अतिथि डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी ने कहा कि राजस्थानी भाषा को बढ़ावा देने के लिए हम सभी को अपना योगदान निभाना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि किसी भाषा में अधिक बोलियों का होना उसकी समृद्धता है। राजस्थानी में व्याकरण बोध भी है, देवनागरी लिपि में लिखी जाती है। ऐसे में राजस्थानी का उपयोग करने में झिझकना नहीं चाहिए। ओंकार सिंह लखावत ने कहा कि राज्य सरकार राजस्थानी को बढ़ावा देने और कला व संस्कृति के संरक्षण व संवर्धन के लिए कटिबद्ध है। वरिष्ठ साहित्यकार राजेन्द्र बारहठ ने राजस्थानी के महत्व पर प्रकाश डाला। जेकेके की अतिरिक्त महानिदेशक अलका मीणा ने राज्य सरकार, सभी साहित्यकारों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।**

# मोहन भागवत से मिले भाजपा अध्यक्ष नड्डा औरंगजेब पर आरएसएस बोला- आक्रांता हमारे आइकॉन नहीं हो सकते, धार्मिक आरक्षण नामंजूर

बढ़ता राजस्थान



**बेंगलुरु (एजेंसी)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की चुनावी प्रक्रिया के बीच रविवार को जेपी नड्डा ने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत से मुलाकात की। सूत्रों के मुताबिक ये बैठक बेंगलुरु में हुई। यहां 21 मार्च से आरएसएस की सर्वोच्च संस्था अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक चल रही थी। बैठक का रविवार को आखिरी दिन था। सूत्रों के मुताबिक भागवत के साथ हुई मुलाकात में नड्डा ने पार्टी संगठन के चुनाव को लेकर चर्चा की। नड्डा 2020 में पूर्णकालिक अध्यक्ष बनाए गए थे। उनका कार्यकाल जनवरी 2023 में खत्म हो गया था। इसके बाद लोकसभा, आंध्र, अरुणाचल, सिक्किम, ओडिशा, जम्मू-कश्मीर, हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड और दिल्ली विधानसभा चुनाव की वजह से उन्हें एक्सटेंशन दिया गया। लोकसभा चुनाव में पार्टी की लगातार तीसरी जीत के बाद नडडा केंद्र सरकार में मंत्री बनाए गए। एक व्यक्ति एक पद के मुताबिक उनकी जगह अब नया अध्यक्ष चुना जाना है। पार्टी के संविधान के मुताबिक 50 प्रतिशत राज्यों के संगठनात्मक चुनाव पूरा हो जाने के बाद नए अध्यक्ष का चुनाव होता है। अभी 36 राज्यों-केंद्र शासित प्रदेशों में से 13 में ही प्रदेश अध्यक्ष चुने गए हैं। आरएसएस ने कहा- भाजपा सरकार पर संघ का दबाव नहीं इधर, आरएसएस की प्रतिनिधि सभा की बैठक की समाप्ति के बाद आरएसएस के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबाले ने रविवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने औरंगजेब की कब्र को लेकर चल रहे विवाद पर अपना पक्ष रखा। होसबाले ने कहा- औरंगजेब जैसे आक्रांता हमारे आइकॉन नहीं हो सकते। हमलावर सोच देश के लिए खतरा है। इस पर चिंतन की जरूरत है। होसबाले ने कर्नाटक में सरकारी कॉन्ट्रैक्ट में 4% मुस्लिम आरक्षण पर भी सवाल उठाया। उन्होंने कहा- डॉ. भीमराव अंबेडकर के लिखित संविधान में धर्म आधारित आरक्षण स्वीकार नहीं किया गया है। कर्नाटक सरकार ने हाल ही में आरक्षण को लेकर बिल पास किया है। कर्नाटक में भाजपा शासन के दौरान सरकार पर संघ का दबाव था। क्या मंत्रियों के निजी सहायक के रूप में संघ के पदाधिकारियों की नियुक्ति के लिए दबाव बनाया जाता था।

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत

**Printing Press**
- Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021

**Office**
- Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021 (M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
- 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033 (M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795

Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com

# यज्ञ-हवन पर्यावरण को स्वच्छ रखने और आध्यात्मिक ज्ञान एवं ध्यान का माध्यम : उपमुख्यमंत्री

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी रविवार को विधाधर नगर विधानसभा क्षेत्र के वीकेआई रोड़ नंबर 17 में सर्व हिंदू समाज और गायत्री परिवार के सौजन्य से आयोजित 21 कुण्डीय महायज्ञ कार्यक्रम में शामिल हुई। इस दौरान उन्होंने प्रदेश में सुख-शांति, सुरक्षा और प्रगति के लिए प्रार्थना की। कार्यक्रम के दौरान उपमुख्यमंत्री ने महिलाओं के साथ जमीन पर बैठकर उनका हालचाल जाना और उन्हें इस आयोजन की बधाई दी। इस मौके पर उन्होने कहा कि, यज्ञ-हवन पर्यावरण को स्वच्छ रखने और आध्यात्मिक ज्ञान एवं ध्यान का माध्यम हैं। हवन पूजा से मन शांत होता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता हैं। यह औषधीय गुणों के कारण वातावरण में शुद्धता के लिए भी उपयोगी है। सामूहिक रूप से हवन किया जाना सामाजिक समरसता और आपसी सौहार्द का परिचायक है।

उन्होंने कहा कि अध्यात्म से जुड़ी यह सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक धरोहर धीरे-धीरे कम होती जा रही हैं, उसका भी हमें संरक्षण और संवर्धन करना चाहिए। यह हमारी भारतीय संस्कृति की पहचान है, इस तरह के प्रयास इस पहचान को और मजबूत करेंगे।

